10 अभिषेक शर्मा....




झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शनिवार, 19 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -91 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


12 अंजलि अरोड़ा...



## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



नाज खान,
लोहरदगा।

अपने अधिकार के लिए लड़ना और आंदोलन करना छात्रों का अधिकार है, जिससे उन्हें कोई नहीं छीन सकता, इतिहास गवाह है की लहरों से डरकर नैया पार नहीं होती , कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,33,700
चांदी (प्रति किलो) : 2,36,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 74,294.96
निफ्टी :- 23,346.40

## मौसम

अधिकतम तापमान : 29
न्यूनतम तापमान : 22

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:36
संध्या :- 17:49

## आज का इतिहास

आज ही के दिन सन 1893 को न्यूजीलैंड में निर्वाचन अधिनियम के तहत सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एक करोड़ की ठगी के आरोपी को दिल्ली पुलिस ने रांची से दबोचा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रांची पुलिस की मदद से करीब एक करोड़ रुपये की ठगी के मामले में आरोपी संजू मिश्रा उर्फ टुनटुन को गिरफ्तार किया है. वह रांची के गांधी नगर का रहने वाला बताया गया है. पुलिस ने उसे दलादली इलाके से पकड़ा. पुलिस के अनुसार, आरोपी पर अलग-अलग जगहों के लोगों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है. गिरफ्तारी के बाद उसे रातू थाना में रखा गया है, जहां दिल्ली पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है. आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड लेने की प्रक्रिया चल रही है. रिमांड मिलने के बाद दिल्ली पुलिस उसे अपने साथ ले जाएगी. पुलिस उसके बैंक खातों और कथित ठगी के नेटवर्क की भी जांच कर रही है.

### पूर्व मंत्री विमला प्रधान की तबीयत खराब, अस्पताल पहुंचे आदित्य साहू

**रांची।** पूर्व मंत्री विमला प्रधान की तबीयत खराब होने पर उन्हें सैमफोर्ड अस्पताल में भर्ती कराया गया है. शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू रांची स्थित सैमफोर्ड अस्पताल पहुंचे. उन्होंने विमला प्रधान के परिजनों से मुलाकात की. इस दौरान उनके बेटे से स्वास्थ्य की जानकारी ली और विमला प्रधान का कुशलक्षेम जाना. आदित्य साहू ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की. उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि विमला प्रधान को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले और वे पूर्ण रूप से स्वस्थ हों. इस दौरान महानगर अध्यक्ष वरुण साहू भी मौजूद रहे.

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 25 सितंबर को, कई प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 25 सितंबर को होगी. बैठक दोपहर 3 बजे झारखंड मंत्रालय के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित की जाएगी. इसके लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की ओर से सूचना जारी कर दी गई है.

# सीएम हेमंत और विधायक कल्पना सोरेन ने स्व० सुदिव्य कुमार सोनू को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को गिरिडीह के हरसिंहरायडीह स्थित स्मृति-शेष पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व० सुदिव्य कुमार सोनू जी के आवास पहुंचे। झारखंड मंत्रीमंडल के सदस्य एवं जनसेवा के समर्पित सहयोगी स्मृति-शेष सुदिव्य कुमार सोनू जी के असामयिक निधन से शोकाकुल मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वादशकर्म कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस भावुक क्षण में मुख्यमंत्री ने दिवंगत मंत्री के परिजनों, शोक-संतप्त पत्नी, पुत्र, पुत्री से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार



को इस कठिन समय में असहनीय दुःख को सहने की शक्ति, धैर्य और संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

मीडिया से बातचीत के क्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बड़े भाई सुदिव्य कुमार सोनू जी के असामयिक घटना से हम सभी अवगत हैं। आज विधिवत रीति-रिवाज के साथ द्वादशकर्म कार्यक्रम किए जा रहे हैं। हमलोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। यह घटना बहुत ही दुःखद है। राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है, इसकी भरपाई करना बहुत ही कठिन है। मंत्री रहते हुए सुदिव्य कुमार सोनू जी की बड़ी सक्रियता थी, उनकी सक्रियता एवं व्यक्तित्व किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता समाज और राज्य को हमेशा रहती है। उनके जैसा हौसला और जुनून चाहिए। सोनू जी में सारे भाव व लक्षण थे। एक लंबे समय के बाद उन्होंने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में दिशा देने का भी काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी भी मन मानने को तैयार नहीं है, कि वे हमारे बीच नहीं हैं। विधि के विधान को न हम टाल सकते हैं और न ही कोई और। इस विधान के साथ हम सभी को चलना है। उन्होंने कहा कि दलगत भावना से ऊपर उठकर लोग उनके द्वादशकर्म में यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सुदिव्य सोनू जी व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों, सभी वर्गों की समस्या और अपनी पहचान को लेकर आगे बढ़ते रहे हैं। हमारे बीच नहीं रहते हुए भी वे एक मिसाल के तौर पर कायम रहेंगे। हमसभी लोग ईश्वर से प्रार्थना करें कि उनकी आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें। दुःख की इस घड़ी में हमसभी उनके समस्त परिजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने स्मृति-शेष सुदिव्य कुमार सोनू के द्वादशकर्म में सम्मिलित होने पहुंचे सभी आमलोगों से मिलकर भी ढांढ़स बंधाया।

विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्मृति-शेष स्व० सुदिव्य कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से इस कठिन समय में दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

द्वादशकर्म में मंत्रिमंडल के अन्य मंत्रीगण, राज्यसभा सांसदगण, विधायकगण, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, राज्य सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारी, गिरिडीह जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक तथा बड़ी संख्या में उनके समर्थक एवं चाहने वाले लोग शामिल होकर दिवंगत मंत्री स्वर्गीय सुदिव्य कुमार को नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्मृति-शेष सुदिव्य कुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि। सादर नमन!

# चाईबासा में डायन-बिसाही के शक में 58 वर्षीय महिला की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से अंधविश्वास से जुड़ी एक हत्या का मामला सामने आया है. पंडावीर पंचायत के सादाबुरु पासुबेड़ा गांव में 58 वर्षीय महिला की कथित तौर पर डायन-बिसाही के शक में पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई. घटना के बाद गांव और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई.

### घर से बाहर बुलाकर जंगल ले जाने का आरोप

जानकारी के अनुसार, देर शाम करीब चार से पांच लोग महिला के घर पहुंचे. आरोप है कि वे महिला को किसी बहाने से घर से बाहर बुलाकर पास के जंगल की ओर ले गए. वहां महिला पर डायन होने का शक जताते हुए उसके साथ मारपीट की गई. इसके बाद भारी पत्थरों से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई. घटना के बाद आरोपियों ने महिला को जंगल में ही छोड़ दिया. मामले की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी.

### जंगल से बरामद हुआ महिला का शव

सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने जंगल से महिला का शव बरामद कर उसे कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया. पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया है. वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है. पुलिस संभावित ठिकानों




पर छापेमारी कर रही है.

### अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता के बावजूद हत्या

डायन-बिसाही के नाम पर होने वाली हिंसा पश्चिमी सिंहभूम समेत झारखंड के कई ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक चिंता का विषय रही है. जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद अंधविश्वास के कारण हिंसा की घटनाएं सामने आना गंभीर सवाल खड़े करता है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है. मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार के अनुसार, मामले में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा. पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और आरोपियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी. पुलिस मामले की जांच कर रही है और हत्या के पीछे की पूरी परिस्थितियों का पता लगाया जा रहा है.

### रांची के नामकुम में उन्मुखीकरण, 350 एनसीसी कैडेटों ने लिया टीबी मरीजों को सहयोग देने का शपथ

# टीबी के प्रति अधिक से अधिक लोगों को करें जागरूक : शशि प्रकाश झा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) झारखंड इकाई ने राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कदम उठाया. नामकुम स्वास्थ्य मुख्यालय में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में झारखंड को क्षय रोग यानी टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में एनसीसी के युवा कैडेटों की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया.

### उन्मुखीकरण कार्यक्रम में अभियान निदेशक का संबोधन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि टीबी के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना, संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग बढ़ाना और संभावित मरीजों की समय पर जांच कर चिन्हित मरीजों का उपचार तुरंत शुरू करना बेहद जरूरी है. आईपीएच सभागार में उपस्थित एनसीसी कैडेटों को




संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी युवा इस कार्यक्रम में बहुमूल्य सहयोग दे सकते हैं. एनसीसी कैडेटों की पहुंच जिला, प्रखंड और गांव स्तर तक है. उन्होंने मरीजों को गोद लेकर उन्हें सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया. अभियान निदेशक ने राज्य में चल रहे सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी दी.

### एनसीसी हेडक्वार्टर की प्रतिबद्धता

एनसीसी हेडक्वार्टर रांची की ओर से कर्नल रोहित ने बताया कि राज्य के सभी कैडेट टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग देंगे. पूर्व में भी टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उनके द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए हैं. उन्होंने यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम और एनसीसी कैडेटों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करने का आह्वान किया. कर्नल अनुराग सिंह ने एनसीसी के रांची डिवीजन द्वारा टीबी उन्मूलन में किए गए कार्यों पर विस्तारपूर्वक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया.

### राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी का आह्वान

डॉ. कमलेश कुमार, राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी झारखंड ने राज्य में चल रहे टीबी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने ह्लमाई भारत वॉलिंटियर अभियानह्व के तहत एनसीसी कैडेटों से टीबी मुक्त भारत ऐप डाउनलोड कर पंजीयन कराने और टीबी रोगियों को मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक सहयोग देने का आग्रह किया.

350 कैडेटों ने लिया शपथ

इस कार्यक्रम में एनसीसी के 350 कैडेटों ने भाग लिया. सभी उपस्थित एनसीसी कैडेटों ने ह्लमाई भारत वॉलिंटियरह्व के तहत टीबी मुक्त भारत ऐप के माध्यम से अपना पंजीयन कराया और टीबी रोगियों को मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक सहयोग करने की शपथ ली.

### कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी

कार्यक्रम में निदेशक वित्त मोहम्मद गुफरान अहमद, स्वास्थ्य निदेशक डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. विजय किशोर रजक, डॉ. पुष्पा, डॉ. मुकेश मिश्रा, डब्ल्यूएचओ के डॉ. सतीश मांझी, डॉ. अनुपम, दो जसीना के, डॉ. रेणु तिर्की, डॉ. प्रदीप बास्की (जिला यक्ष्मा पदाधिकारी रांची) के साथ ही राज्य स्तर के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

# आईआईसीएम में तंजानिया के प्रतिनिधिमंडल ने किया 'उन्नत कृषि' परियोजना का दौरा, रांची में देखी ड्रोन से खेती और स्मार्ट इरिगेशन की तकनीक

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** तंजानिया के खनिज मंत्रालय के 27 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत उन्नत कृषि परियोजना का एक्सपोजर विजिट किया. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल को परियोजना के उद्देश्य, प्रमुख गतिविधियों और किसानों को मिल रहे लाभों की जानकारी दी गई. प्रतिनिधिमंडल को बताया गया कि आईसीटी और आईओटी आधारित आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से डेटा आधारित खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है. इस दौरान ऑटोमेटेड इरिगेशन सिस्टम और कृषि ड्रोन तकनीक का लाइव डेमो भी दिखाया गया. प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल से खेती में होने वाले बदलावों और इसके व्यावहारिक उपयोग



को करीब से समझा. विजिट के दौरान तंजानिया के प्रतिनिधिमंडल ने परियोजना से जुड़े किसानों और टीम के सदस्यों से संवाद किया. प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने तकनीक आधारित खेती, कृषि उत्पादकता और किसानों को होने वाले लाभों से जुड़े कई सवाल पूछे. उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों को लेकर अपनी रुचि भी व्यक्त की. प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप सेड्रोन तकनीक, मोबाइल ऐप और डेटा आधारित कृषि व्यवस्था के बारे में जानकारी ली. सदस्यों ने तंजानिया में भी इस तरह की आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने में रुचि दिखाई. इस अवसर पर सीसीएल की ओर से जॉन बोदरा, निधि समृद्धि फाउंडेशन की ओर से रवि शंकर कुमार, सूरज सिन्हा, चंचल कच्छप, स्मार्ट फार्मर सुखदेव उरांव, घुमेश्वर उरांव, राजेश उरांव, सोमरा उरांव, सीमा देवी, उषा देवी और मुन्नी गाड़ी सहित अन्य किसान एवं परियोजना टीम के सदस्य मौजूद रहे.

### ग्रामीण विकास में तकनीक के इस्तेमाल पर जोर

सीसीएल की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत संचालित उन्नत कृषि परियोजना के माध्यम से आधुनिक कृषि तकनीकों को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है. परियोजना से जुड़े आदिवासी युवा और किसान ड्रोन तकनीक और मोबाइल ऐप जैसे आधुनिक साधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं. विजिट को तकनीकी ज्ञान, अनुभव और कृषि क्षेत्र में संभावित सहयोग के आदान-प्रदान की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया. परियोजना से जुड़े लोगों ने कहा कि उचित अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर किसान आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर कृषि क्षेत्र में बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं.







# विधायक रोशन लाल चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ, 17 अक्टूबर तक होंगे सेवा और जनकल्याण के कार्यक्रम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन पर सेवा संकल्प अभियान शुरू**



**पतरातू:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने एवं जन्मदिवस के अवसर पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने गुरुवार को पीटीपीएस पतरातू स्थित विधायक कार्यालय में दीप प्रज्ज्वलित कर 'सेवा ही संकल्प-जनसेवा, प्रभु सेवा' अभियान का शुभारंभ किया। विधायक ने बताया कि भाजपा की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत सेवा, सुशासन, स्वच्छता एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम विधानसभा और प्रखंड स्तर पर आयोजित होंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सार्वजनिक सेवा यात्रा शुरू की थी। अभियान के तहत गरीब कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों के बीच कार्यक्रम, विद्यालयों में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं तथा 'सेवा सेतु' के तहत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। विधायक ने बताया कि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती और 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती पर विशेष कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में दिनेश प्रसाद, धर्मेंद्र सिंह, चंदन कुमार, संतोष शर्मा, राकेश सिन्हा, किशोर कुमार महतो, गणेश कुमार ठाकुर, मनोज महादानी, रंजीत तिवारी, मनोज वर्मा, नंदकिशोर महतो, गोविंद महतो, मुकेश कुमार, सुमित कुमार, जानकी मुंडा, राहुल राज, अविनाश कुमार, पंकज कुमार, आनंद कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीवीयूएनएल पतरातू में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई विश्वकर्मा पूजा





झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पूजा-अर्चना के साथ हुआ भंडारा, हजारों क्षेत्रवासियों ने किया प्लांट परिसर का भ्रमण**

पतरातूः पीवीयूएनएल पतरातू में भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर परियोजना के विभिन्न विभागों एवं कार्यस्थलों पर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा में पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. के. सहगल, महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक शामिल हुए और भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर विभिन्न कार्यस्थलों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें पीवीयूएनएल के कर्मचारियों के साथ विभिन्न कार्यदायी एजेंसियों के श्रमिकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। पीवीयूएनएल लेडीज क्लब की सदस्यों ने भी विभिन्न पूजा स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की। वहीं, आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए भी प्लांट परिसर को खोला गया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग परिसर पहुंचे और प्लांट का भ्रमण किया। हजारों क्षेत्रवासियों की मौजूदगी से पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। पूजा-अर्चना, भंडारे और प्लांट भ्रमण के दौरान पूरे परियोजना परिसर में भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

# प्लांट प्रमुख के. बी. सिंह ने सहधर्मिणी के साथ की पूजा-अर्चना, कर्मचारियों की सुरक्षा व प्लांट की सुख-समृद्धि की कामना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**जिंदल स्टील पतरातू में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा**



**पतरातू:** जिंदल स्टील पतरातू परिसर में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से की गई। मुख्य पूजा में प्लांट प्रमुख के. बी. सिंह ने सहधर्मिणी के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर प्लांट की सुख-समृद्धि, उन्नति एवं कर्मचारियों की सुरक्षा की कामना की। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं दीं। के.बी. सिंह ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, तकनीक एवं शिल्प का देवता माना जाता है। औद्योगिक क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा का विशेष महत्व है। यह पर्व कार्य के प्रति समर्पण, गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता एवं सुरक्षा के महत्व का संदेश देता है। जिंदल स्टील पतरातू के विभिन्न विभागों में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। वहीं जिंदल कैंपस के क्रेन विभाग में भी विश्वकर्मा पूजा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने पूजा में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए भी जिंदल स्टील प्लांट परिसर को खोला गया। इसके चलते आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग प्लांट परिसर पहुंचे और औद्योगिक गतिविधियों को करीब से देखा। हजारों क्षेत्रवासियों ने प्लांट का भ्रमण किया और परिसर में आयोजित विश्वकर्मा पूजा एवं अन्य गतिविधियों का आनंद लिया। लोगों में प्लांट परिसर को देखने को लेकर काफी उत्साह रहा। पूरे प्लांट परिसर में दिनभर उत्सव और श्रद्धा का माहौल बना रहा। मौके पर महाप्रबंधक संतोष कुमार, सुभाष शरण, अभय सिंह, रुपेश कुमार, बिनोद सिंह, आशीष बेनेट, प्रवीण कुमार, आर.डी. शर्मा, आलोक कुमार, रोहित कुमार सिंह,प्रशांत उपाध्याय, दीपक कुमार, रत्नेश कुमार, दिलशाद सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे।

## बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



रामगढ़। कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान के उद्देश्य से बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (BFCL) के लअरढ डलउ विभाग द्वारा आज लअरढ एडमिन बिल्डिंग में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर डॉ. लेख राज, मेडिकल ऑफिसर, BFCL के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।शिविर के दौरान कर्मचारियों की सामान्य शारीरिक जांच के साथ-साथ ब्लड प्रेशर (BP) एवं ब्लड शुगर की स्क्रीनिंग की गई। शिविर में कुल 70 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान 6 व्यक्तियों में उच्च रक्तचाप तथा 2 व्यक्तियों में उच्च ब्लड शुगर के मामले पाए गए।उच्च रक्तचाप एवं ब्लड शुगर पाए गए व्यक्तियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने, नियमित स्वास्थ्य निगरानी करने तथा आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय परामर्श एवं उचित मेडिकल फॉलो-अप कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।स्वास्थ्य जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की प्रारंभिक स्तर पर पहचान करना तथा समय पर उचित चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए प्रेरित करना था।

## 400 महिला कर्मियों की सुविधा के लिए भोजनालय का उद्घाटन, उत्कृष्ट कार्य के लिए जयप्रकाश शर्मा व जलेश्वर महतो सम्मानित



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सिद्ध टेक में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई विश्वकर्मा पूजा**

**पतरातू :** विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर सिद्ध टेक परिसर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। इस अवसर पर सिद्ध टेक में कार्यरत करीब 400 महिला कर्मियों की सुविधा के लिए नए भोजनालय का उद्घाटन सिद्धनाथ ने किया। भोजनालय शुरू होने से महिला कर्मियों को कार्यस्थल पर भोजन सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बड़कागांव निवासी जयप्रकाश शर्मा एवं लावालौंग निवासी जलेश्वर महतो को विश्वकर्मा सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के निदेशक विपुल विद्याकार, विनोद प्रसाद, उदित कुमार, ओमप्रकाश सिंह, अफजल कैसर सहित कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग, डिजिटल लेनदेन एवं साइबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बैंक ऑफ इंडिया साड़म शाखा में जागरूकता सप्ताह का आयोजन**



**रामगढ़/गोला।** प्रखंड क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया साड़म शाखा परिसर में शुक्रवार को शाखा प्रबंधक कुंदन कुमार के अध्यक्षता में ग्राहकों के बीच जागरूकता सप्ताह के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं के सही उपयोग, डिजिटल लेनदेन, साइबर सुरक्षा तथा बैंक की विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई। शाखा कर्मियों ने ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। ग्राहकों को विशेष रूप से ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड, सीवीवी एवं बैंक खाते से जुड़ी अन्य संवेदनशील जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी गई। साथ ही डिजिटल बैंकिंग एवं ऑनलाइन लेनदेन के दौरान सतर्कता बरतने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्राहकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सवालों को सुना तथा बैंकिंग सेवाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। ग्राहकों को बैंक की सुविधाओं का सुरक्षित एवं सुविधाजनक तरीके से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। बैंक कर्मियों ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल बैंकिंग का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में ग्राहकों को साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूक रहना बेहद जरूरी है। जागरूकता सप्ताह का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग के प्रति सजग करना तथा उन्हें बैंकिंग सेवाओं की बेहतर जानकारी उपलब्ध कराना रहा। मौके पर शाखा के एडमिन डिपोजिट प्रदीप गुप्ता, अमर कुमार मिश्रा,मेघना कुंकल, संगीता कुमारी,धीरेन, रूपेश सहित बैंक ऑफ इंडिया के कई ग्राहक शामिल थे।

# दसलक्षण महापर्व के तृतीय दिवस उत्तम आर्जव धर्म की आराधना से भक्तिमय हुआ रामगढ़

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर रामगढ़ में दसलक्षण महापर्व का तृतीय दिवस उत्तम आर्जव धर्म की आराधना के साथ श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्वक मनाया गया। परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्यश्री 108 वसुनंदी जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 पुण्यानंद जी महाराज, मुनिश्री 108 शुभानंद जी महाराज एवं क्षुल्लकश्री 105 दिव्यानंद जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में श्रद्धालुओं ने भगवान के अभिषेक, शांतिधारा एवं विधिवत पूजन कर धर्मलाभ प्राप्त किया।जैन समाज के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र चूड़ीवाल ने बताया की दसलक्षण पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म की आराधना की गई। आर्जव धर्म का संदेश है कि मन, वचन और कर्म में एकरूपता रखते हुए छल, कपट और दिखावे का त्याग कर सरल एवं निष्कपट जीवन जिया जाए। मुनिश्री के मंगल प्रवचन से श्रद्धालुओं को इस धर्म के आध्यात्मिक महत्व को समझने और जीवन में अपनाने की प्रेरणा मिली।पाण्डुशिला पर विराजमान भगवान पार्श्वनाथ जी की अष्टधातु प्रतिमा पर अभिषेक एवं शांतिधारा के पुण्यार्जक श्री जीवनमल जी, जंबू कुमार जी, अभिजीत, अमित जी पाटनी परिवार एवं समस्त पाटनी परिवार रहे। तीनों वेदियों पर विराजमान बड़ी प्रतिमाओं पर अभिषेक श्री मांगीलाल जी, मनोज, अशोक, अरुण जी, आयुष, पीयूष जी चूड़ीवाल परिवार, श्रीमती इंद्रमणि देवी जी चूड़ीवाल परिवार तथा श्री राजेंद्र जी, राजेश जी एवं प्रतीक जी चूड़ीवाल परिवार द्वारा किया गया।चंद्रप्रभु भगवान जी की प्राचीन प्रतिमा पर कलशाभिषेक श्री राकेश जी पांड्या की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज जी पांड्या के जन्मदिन के उपलक्ष्य में समस्त पांड्या परिवार द्वारा किया गया। महावीर भगवान जी की प्राचीन प्रतिमा पर कलशाभिषेक श्रीमती अरुणा जी एवं डॉ. शरद जी जैन परिवार द्वारा तथा महावीर भगवान जी की बड़ी प्रतिमा पर शांतिधारा श्री महिपाल जी, अशोक जी, सुनील जी एवं संजय जी सेठी परिवार द्वारा की गई।रांची रोड स्थित 1008 श्री पार्श्वनाथ जिनालय में भी अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन भक्तिभाव से हुआ। प्रथम अभिषेक के पुण्यार्जक शिखर चंद (संतोष) बज भरेच नगर तथा शांतिधारा के पुण्यार्जक श्रीमती सरोज पहाड़िया, मुंबई रहे।धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री 108 शुभानंद जी महाराज ने उत्तम आर्जव धर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला और श्रद्धालुओं को जीवन में सरलता, सहजता एवं निष्कपटता अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर भक्ति गीतों, धार्मिक जयकारों एवं सामूहिक पूजा से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक धमार्राधना में भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का लाभ लिया।उक्त जानकारी दिगम्बर जैन समाज, रामगढ़ के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

## >>>: संक्षिप्त खबर :<<<

### न्यू मार्केट में विश्वकर्मा पूजा पंडाल का हुआ भव्य उन्दाटन, रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया



**हुनर और तकनीकी कौशल को बताया राष्ट्र निर्माण की आधारशिला**

**पतरातू:** न्यू मार्केट टेकर स्टैंड में विश्वकर्मा पूजा को लेकर बनाए गए पंडाल का उद्घाटन बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूजा समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृजन, निर्माण, शिल्प एवं तकनीकी कौशल का प्रतीक माना जाता है। देश के निर्माण और विकास में मेहनतकश मजदूरों, कारीगरों, इंजीनियरों, मिस्त्रियों, तकनीशियनों तथा सभी श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। विश्वकर्मा पूजा हमें यह संदेश देती है कि मेहनत, हुनर और ईमानदारी से किया गया कार्य ही समाज और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर आगे ले जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य और औजारों का सम्मान करना चाहिए तथा अपने कौशल को लगातार बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर क्षेत्र के सभी श्रमिकों, कारीगरों एवं लोगों को शुभकामनाएं दीं और भगवान विश्वकर्मा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं सफलता की कामना की। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता सह मुखिया किशोर कुमार महतो, अनिल कुमार सिंह, आनंद कुमार महतो, गणेश कुमार ठाकुर, नंदकिशोर महतो, छोटू साव, रवि महली, शिव कुमार, सनोज यादव, लीलू कुमार, राजन महतो, बिरजू महतो, सुखन महतो, मनीष कुमार, सुनील कुमार, पंकज महतो, गोविंद महतो, राहुल कुमार, सिकंदर कुमार, विकास कुमार, गौरी शंकर कुमार, आकाश कुमार, राजन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### श्रम, सेवा और आस्था का संगम बना गोविंद प्रसाद एंड ब्रदर्स का विश्वकर्मा पूजा स्थल

**हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वकर्मा के दरबार में टेका माथा, प्रसाद व महाप्रसाद ग्रहण कर लिया आशीर्वाद**



**पतरातू:** मेसर्स गोविंद प्रसाद एंड ब्रदर्स की एजेंसी परिसर में बाबा विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर एजेंसी परिसर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें दिनभर हजारों श्रद्धालुओं, भक्तजनों एवं आम लोगों का आगमन होता रहा। पूजा स्थल पर पहुंचे लोगों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा विश्वकर्मा से सुख, शांति, समृद्धि और व्यवसाय में उन्नति की कामना की।पूजा के अवसर पर आमजनों एवं भक्तों के लिए प्रसाद के साथ महाप्रसाद की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में लोगों ने पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद एवं महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह से लेकर देर तक पूजा स्थल पर भक्तों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा।विश्वकर्मा पूजा को लेकर एजेंसी परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। पूजा-अर्चना के साथ सामाजिक सेवा और लोगों के बीच आपसी जुड़ाव का भी संदेश देखने को मिला। एजेंसी से जुड़े कर्मचारियों, सहयोगियों और क्षेत्र के लोगों ने भी आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।बताया गया कि गोविंद प्रसाद सामाजिक सरोकारों से जुड़े व्यक्ति हैं तथा उनकी एजेंसी की ओर से आमजनों एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हमेशा सहयोग किया जाता रहा है। यही कारण रहा कि विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर भी बड़ी संख्या में लोग एजेंसी परिसर पहुंचे और पूजा में शामिल होकर प्रसाद व महाप्रसाद ग्रहण किया।

### 12 डिजिटल एंबेसडरों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र, ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ने की जिम्मेदारी



**पतरातू:** चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीआईएनआई) द्वारा नासकॉम फाउंडेशन के सहयोग से शुक्रवार को कोतो पंचायत भवन में डिजिटल साक्षरता एवं ई-गवर्नेंस पहुंच कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में डिजिटल एंबेसडरों की भूमिका, सामुदायिक जुड़ाव, साइबर सुरक्षा एवं एमआईएस रिपोर्टिंग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कल्याण विभाग की प्रखंड कल्याण पदाधिकारी किरण कुमारी, नीति आयोग के पतरातू प्रतिनिधि सन्नी कुमार, कोतो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि, पंचायत सेवक एवं जल सहिया उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन पर चयनित 12 डिजिटल एंबेसडरों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। ये एंबेसडर अपने-अपने पंचायतों में लोगों को डिजिटल सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सहयोग करेंगे। मौके पर सीआईएनआई की प्रोग्राम एसोसिएट दिव्या रानी, एमएंडई अभिजीत एवं जिला प्रभारी राजन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सेवा की पहल से खिले जरूरतमंद महिलाओं के चेहरे, 200 का मिली साड़ी

**जय बाबा बुच्चा बांध ट्रस्ट ने आयोजित किया वितरण कार्यक्रम, समाजसेवा को बताया सामूहिक जिम्मेदारी**

**पतरातू:** पतरातू प्रखंड मुख्यालय के समीप बुच्चा बांध परिसर में शुक्रवार को जय बाबा बुच्चा बांध ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र की 200 जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी प्रदान की गई। साड़ी मिलने के बाद महिलाओं के चेहरों पर खुशी देखने को मिली।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरका-सयाल के महाप्रबंधक नीरज सिंह, वेलफेयर बोर्ड बरका-सयाल के सदस्य संजय शर्मा, समाजसेवी शकुंतला देवी, परियोजना प्रबंधक एसके गिरी, पार्षद राजाराम प्रजापति एवं ट्रस्ट के संरक्षक मुनीलाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया।इस अवसर पर नीरज सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का दायित्व है। गरीब और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए सामाजिक संस्थाओं को आगे आना चाहिए। इस तरह के सेवा कार्यों से समाज में सहयोग, सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने जय बाबा बुच्चा बांध ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की।कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के संतोष गुप्ता, महेश प्रसाद, गंगाधर महतो, वीरेंद्र पासवान, गुलशन कुमार, उदय अग्रवाल, सुशील कुमार सिंह, सरोज प्रसाद, महेंद्र गोप, नारायण प्रसाद साहू, महानंद सिंह, रवि दत्ता, नरेंद्र रंजीत कुमार, मनोज साहू, संजय प्रसाद, मुकेंद्र सिंह, कमोन, प्रेम पाहन, धीरज पाहन, उपेंद्र सिंह शशि पाठक सहित कई लोगों की भमिका रही।

## आदिवासी छात्रों के लिए नवंबर में होगी राजीव गांधी प्रतिभा प्रतियोगिता परीक्षा - बंधु तिर्की

**रांची।** झारखंड के आदिवासी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने और राज्य के इतिहास, भूगोल व आदिवासी समाज से जुड़ी जानकारी बढ़ाने के उद्देश्य से नवंबर में राजीव गांधी प्रतिभा प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी. इसकी जानकारी शुक्रवार को पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की ने अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में दी. बंधु तिर्की ने बताया कि रांची के कई छात्रावासों में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए छात्र-छात्राएं रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं. ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थी झारखंड के आदिवासी समाज, स्वतंत्रता सेनानियों और राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों समेत महत्वपूर्ण विषयों से पूरी तरह परिचित नहीं हो पाते हैं. इन्हीं विषयों को ध्यान में रखते हुए शिक्षाविदों के साथ मिलकर इस परीक्षा के आयोजन का निर्णय लिया गया है.

# एचईसी बस्ती में अदालती आदेश से राहत के बाद पुनर्वास की मांग तेज, 28 सितंबर को सचिवालय मार्च

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) क्षेत्र की बस्तियों पर चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के बीच हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद बस्ती बचाओ संघर्ष समिति ने पुनर्वास की मांग तेज कर दी है. समिति के संयोजक मिंटू पासवान ने कहा कि अदालत ने फिलहाल 31 दिसंबर तक राहत दी है, लेकिन इसके बाद लोगों को हटाने का सवाल बना हुआ है. वहीं वार्ड 41 की पार्षद नीलम चौधरी ने दावा किया कि गरीबों को पहले बसाया जाए, उसके बाद ही हटाने की कार्रवाई होनी चाहिए.

मिंटू पासवान ने कहा, कोर्ट ने 31 दिसंबर तक स्टे दिया है, लेकिन आदेश में यह भी कहा गया है कि इससे पहले अतिक्रमण स्वतः हटा लिया जाए. इसलिए लोगों को राहत तो मिली है, लेकिन तलवार अभी भी सिर पर लटकी हुई है. उन्होंने कहा कि समिति वर्ष 2005 से आंदोलन कर रही है और उसकी मुख्य मांग पुनर्वास की है. उनके मुताबिक दिल्ली में 1700 से अधिक बस्तियों को नियमित कर मालिकाना हक दिया गया था, इसलिए यहां भी बसाने की योजना बनाई जानी चाहिए.

मिंटू पासवान ने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट का फैसला सुबह 11:30 बजे आया था और उसी समय बुलडोजर कार्रवाई रोकने की बात कही गई थी, लेकिन कार्रवाई तुरंत नहीं रुकी. उन्होंने कहा, ये लोग नए नहीं हैं. सात पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं. इनके दादा-परदादा भी यहीं रहते थे. उन्होंने बताया कि दो अधिवक्ताओं, इंद्रजीत सिन्हा और अखौरी शेन ने बिना फीस लिए हाईकोर्ट में पक्ष रखा, जिसके लिए समिति ने उनका आभार जताया.

मिंटू पासवान ने कहा कि समिति 28 सितंबर को भगत सिंह जयंती के अवसर पर सचिवालय जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगी. उन्होंने कहा कि ल्हएउ क्षेत्र में बड़ी संख्या में गरीब और आदिवासी परिवार रहते हैं, इसलिए सरकार पुनर्वास की योजना लाए, नहीं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा. वार्ड 41 की पार्षद नीलम चौधरी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बस्ती के लोगों को पहले चिन्हित किया गया था. उन्होंने मीडिया के सामने रसीदें और दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि कई लोगों ने योजना के तहत 5,000 रुपये भी जमा किए थे. उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में लगभग 3000 लाभुक चिन्हित हुए थे, जिनमें 450 लोगों ने राशि जमा की थी, लेकिन दस साल बाद भी आवास नहीं बन सका.

नीलम चौधरी ने कहा, हमारी एक ही मांग है कि पहले एक-एक परिवार का पुनर्वास किया जाए, उसके बाद हटाने की कार्रवाई हो. उन्होंने दावा किया कि आंदोलन के दौरान उन्हें हिरासत में लिया गया और नौ घंटे तक जेल में रखा गया, लेकिन गरीबों के साथ खड़े रहने से पीछे नहीं हटेंगी.

बस्ती के कई निवासियों ने कहा कि फिलहाल उनका घर बच गया है, लेकिन दिसंबर के बाद क्या होगा, इसकी चिंता बनी हुई है. बस्ती बचाओ संघर्ष समिति का कहना है कि हाईकोर्ट के स्टे से तत्काल राहत जरूर मिली है, लेकिन यदि पुनर्वास की ठोस योजना नहीं बनी तो 31 दिसंबर के बाद फिर वही सवाल सामने होगा कि लोग अपने परिवार के साथ आखिर कहां जाएंगे.

## खबर एक नजर

### तमाड़ में बजाज की नई एन160 एसएस व पल्सर 125 लॉन्च, बालाजी ऑटोमोबाइल्स ने किया लॉन्च



**तमाड़।** तमाड़ स्थित बालाजी ऑटोमोबाइल्स में बजाज की नई बाइक एन160 एसएस और Pulsar 125 के नए मॉडल को लॉन्च किया गया। नई बाइक का लॉन्च तमाड़ थाना प्रभारी दुलाल कुमार महतो ने किया। इस अवसर पर बालाजी ऑटोमोबाइल्स के संचालक विजय कुमार सहित कर्मचारी व ग्राहक मौजूद थे। संचालक विजय कुमार ने बताया कि बजाज के नए मॉडल को खासकर युवा वर्ग को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। बाइक में नए फीचर्स और आकर्षक डिजाइन दिए गए हैं, जो युवाओं को काफी पसंद आएंगे। उन्होंने बताया कि ग्राहकों के लिए नई बाइक की खरीदारी पर कंपनी की ओर से विभिन्न ऑफर और सुविधाएं भी दी जा रही हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से शोरूम पहुंचकर नए मॉडल और उपलब्ध ऑफरों की जानकारी लेने की अपील की।

### तमाड़ में जगमगाया आशीर्वाद का दीया, दीप जलाकर मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिन



**तमाड़।** तमाड़ मंडल भाजपा की ओर से आयोजित आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत बूथ नंबर 211 स्थित नुरीडीह गांव दीपों से जगमगा उठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बजरंग बली परिसर में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकताओं ने दीप जलाकर उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। बच्चों, महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों के बीच मिठाई, खीर और चॉकलेट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जनसंघ काल एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सुखराम सिंह मुंडा, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह मुंडा, मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, महामंत्री विवेक गुप्ता, अनुज कुंडू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा की ओर से बताया गया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा, समर्पण और संकल्प के 25 वर्ष के निमित्त मंडल एवं बूथ स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के साथ अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में चंदन साहू, उदय महतो, शंकर सोनार, भुवनेश्वर अहीर, अमरजीत गोंझू, सुखदेव अहीर, मदन मोहन मुंडा, नंदकिशोर सिंह मुंडा, सत्यनारायण सिंह मुंडा, अमित लोहरा, बिशु लोहरा, मंगला देवी, शकुंतला देवी, प्रतिमा, प्रशांत, सूरज समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के लिए दीया, घी समेत अन्य सामग्री की व्यवस्था सामाजिक कार्यकर्ता अनुज कुंडू द्वारा की गई।

### मक्के के खेत से शुरू हुआ विवाद बना तिहरे हत्याकांड की वजह, अदालत ने सुनाई 11 को उम्रकैद

**रांची।** ओरमांझी थाना क्षेत्र के गुंजा देवनजारा गांव में करीब तीन साल पहले हुए तिहरे हत्याकांड में अदालत ने 11 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है. अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार की अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद सभी दोषियों को आजीवन कारावास के साथ 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है. जुमार्ना नहीं देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. तिहरे हत्याकांड का यह मामला 31 अगस्त 2023 का है. घटना के बाद मामले की जांच पुलिस ने शुरू की. सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों के बयान और उपलब्ध अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की संलिप्तता साबित करने का प्रयास किया. अदालत ने साक्ष्यों की समीक्षा के बाद सभी 11 आरोपियों को हत्या के मामले में दोषी करार दिया था. मंगलवार को दोषसिद्धि के बाद गुरुवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. सजा पाने वालों में सहजनाथ बेदिया, राजो देवी, संजीत बेदिया, रंजीत बेदिया, हेमंत बेदिया, महेंद्र बेदिया, पंचित बेदिया, कामेश्वर बेदिया, बेदिया, अनुज बेदिया और सुकरा मुंडा शामिल हैं. अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है. 31 अगस्त 2023 को हुई इस वारदात के बाद से मामला अदालत में विचाराधीन था. लंबे समय तक चली सुनवाई में अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलों तथा साक्ष्यों पर विचार करने के बाद अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी माना था. अभियोजन के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे हथियारों से लैस आरोपियों ने झामेश्वर बेदिया के घर पर हमला कर दिया था. हमले में झामेश्वर बेदिया और उनकी दोनों पत्नी सरिता देवी व संजू देवी की मौत हो गई थी. घटना के दौरान उन्हें लोहे की कुदाल, चापड़ और तलवार जैसे हथियारों से हमला करने का आरोप लगाया गया था. बताया गया कि घटना की शुरूआत खेत में सूअर घुसने को लेकर हुए विवाद से हुई थी. सूअर के मक्के की खेत में घुसने और फसल को नुकसान पहुंचाने को लेकर झामेश्वर बेदिया और सहजनाथ के परिवार के बीच विवाद चल रहा था. इसी विवाद ने बाद में हिंसक रूप ले लिया और तीन लोगों की जान चली गई.

## अपर बाजार में एक साथ कई दुकानों में चोरी, लाखों की नकदी और सामान ले गए चोर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी के प्रमुख कारोबारी केंद्र अपर बाजार में चोरों ने एक साथ कई दुकानों को निशाना बनाकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं में लाखों रुपये की नकदी और कीमती सामान चोरी होने की बात सामने आई है. घटना के बाद इलाके के कारोबारियों में आक्रोश है. रांची के अपर बाजार में गुरुवार की रात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है. छत की ग्रिल को काटकर चोर दुकान के अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया. चोरों ने सुजाता प्लास्टिक दुकान में सेंधमारी कर 2.09 लाख रुपये से अधिक की नकदी चुरा ली. वहीं, राहुल हार्डवेयर मार्ट में भी चोरों ने धावा बोला. दुकानदार के अनुसार, दुकान से करीब पांच लाख रुपये नकद और लगभग 15 लाख रुपये के सामान की चोरी हुई है. एक ही कारोबारी इलाके में कई दुकानों में चोरी की घटना से व्यापारियों में आक्रोश है.

घटना की सूचना मिलने के बाद एएसपी कोतवाली, थाना प्रभारी समेत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है. फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है. इधर, एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल की वैज्ञानिक तरीके से जांच की. टीम ने फिंगरप्रिंट समेत कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं. पुलिस इन साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ा रही है. कोतवाली थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने बताया कि मामले की तकदीर की जा रही है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है. अपर बाजार में रोजाना बड़ी संख्या में कारोबारी और ग्राहक पहुंचते हैं. ऐसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र में एक साथ कई दुकानों में चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. कारोबारियों ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है.

## राजभाषा माह-2026 : सीसीएल में हिंदी के प्रति बढ़ा उत्साह, निबंध प्रतियोगिता में दिखी व्यापक सहभागिता

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजभाषा माह-2026 के अंतर्गत आज सीसीएल मुख्यालय स्थित मानव संसाधन विकास विभाग में हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों, केंद्रीकृत इकाइयों तथा मुख्यालय के विभिन्न विभागों से हिंदीभाषी एवं हिंदीतरभाषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह, उमंग और रचनात्मकता के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में कार्मिकों की उत्साहपूर्ण एवं व्यापक सहभागिता देखने को मिली। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रतियोगिता के प्रति कार्मिकों की रुचि, सक्रियता और उत्साह में विशेष वृद्धि दिखाई दी। प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को निबंध के माध्यम से प्रभावी एवं रचनात्मक ढंग से अभिव्यक्त किया। हिंदीभाषी एवं हिंदीतरभाषी कार्मिकों की समान रूप से सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और अधिक समावेशी एवं जीवंत बनाया। राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सीसीएल में संरचित एवं निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में राजभाषा माह-2026 के अंतर्गत इस वर्ष नोडल अधिकारियों के योगदान को पहचान एवं प्रोत्साहन देने के लिए दो विशेष सम्मान श्रेणियां प्रस्तावित की गई हैं—राजभाषा नवाचार गौरव सम्मान और राजभाषा प्रतिष्ठापक सम्मान। राजभाषा नवाचार गौरव सम्मान के अंतर्गत राजभाषा कार्यान्वयन में अभिनव विचारों, नई पहल, रचनात्मक प्रयोगों तथा प्रभावी कार्य-पद्धतियों को बढ़ावा देने वाले नोडल अधिकारियों के प्रयासों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं राजभाषा प्रतिष्ठापक सम्मान के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग, प्रचार-प्रसार एवं सुदृढ़ कार्यान्वयन में निरंतर एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले नोडल अधिकारियों के प्रयासों को मान्यता दी जाएगी। इन दोनों सम्मान श्रेणियों का उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ राजभाषा कार्यान्वयन में निरंतरता, उत्कृष्टता और उत्तरदायित्व की संस्कृति को सुदृढ़ करना है।

## रांची एचईसी अतिक्रमण अभियान तीसरे दिन रुका, हाईकोर्ट के आदेश के बाद लौटा बुलडोजर



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** रांची में एचइसी और आवास बोर्ड की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चल रहा अभियान तीसरे दिन शुक्रवार को बीच में ही रुक गया. सुबह 10:45 बजे अचानक मौके पर पहुंचे वकील ने हाईकोर्ट की कॉपी को मजिस्ट्रेट को दिखाया. सूत्रों ने बताया कि हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को तत्काल अभियान को रोकने का आदेश दिया है. इधर, जैसे की कोर्ट प्रशासन के अधिकारियों को मिला कार्रवाई रोक दी गयी. पुलिस बल और बुलडोजर को लेकर प्रशासनिक अधिकारी लौट गये. उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश में लिखा है कि 31 दिसंबर तक वहां रहने वाले लोग स्वयं स्थान छोड़ देंगे, इसलिए अभियान को रोक दिया गया है. अतिक्रमण अभियान रूकते ही पीड़ित लोगों में जश्न का माहौल दिखने लगा. लोगों हाईकोर्ट का आभार व्यक्त किये. उनका कहना है कि अचानक कार्रवाई करने से वह बेघर हो गये है. बारिश के मौसम में उनका अशियाना टूट गया है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ गयी है.

## सोमा मुंडा हत्याकांड : अखिलेश गोप को हाईकोर्ट से मिली जमानत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** खूंटी के पहड़ा राजा सोमा मुंडा हत्याकांड मामले में आरोपी अखिलेश गोप को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने अखिलेश गोप को जमानत दे दी है. अदालत ने 25 हजार रुपये के बेल बांड और समान राशि के दो जमानतदार प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. प्रार्थी की ओर अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने पक्ष रखा. बता दें कि खूंटी थाना कांड संख्या 03/2026 में अखिलेश गोप को आरोपी बनाया गया है. अखिलेश गोप पर सह-आरोपियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश और साझा मंशा के तहत सोम मुंडा की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है. उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 61(1), 3(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत मामला दर्ज है.

### अदालत ने कई शर्तों पर दी जमानत

प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया कि उस पर लगाया गया आरोप गलत है. मामले में मुख्य आरोप सह-आरोपी डेनियल सांगा पर है. इस मामले में पुलिस चार्जशीट दाखिल कर चुकी है. उन्होंने यह भी बताया कि समान आरोप वाले एक सह-आरोपी को हाइकोर्ट 9 सितंबर 2026 को ही जमानत दे चुका है. अदालत को बताया गया कि अखिलेश गोप एक जून 2026 से न्यायिक हिरासत में है. आरोपी ने ट्रायल में सहयोग करने और गवाहों को किसी प्रकार से परेशान या प्रभावित नहीं करने का भरोसा भी दिया. हाइकोर्ट ने जमानत देते हुए शर्त लगायी कि आरोपी ट्रायल में सहयोग करेगा, निचली अदालत में अपना मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करेगा. साथ ही मुकदमे की सुनवाई के दौरान मोबाइल नंबर नहीं बदलेगा. साथ ही वह मामले के गवाहों को किसी भी तरह परेशान या प्रभावित नहीं करेगा.

### 7 जनवरी को हुई थी हत्या

गौरतलब है कि बीते 7 जनवरी को खूंटी थाना क्षेत्र के जमुवादाग ग्राम स्थित तालाब के पास अज्ञात अपराधियों ने पड़हा राजा सोमा मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए आठ जनवरी 2026 को खूंटी थाना में कांड सं. 03/2026 दर्ज किया गया. पुलिस टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई की और छापेमारी कर हत्या में संलिप्त सात लोगों को गिरफ्तार किया था.

## सेवानिवृत कर्मियों के लिए मेडिकल बिल को जमा करना एवं ट्रैक करना हुआ आसान

### सीसीएल के सेवानिवृत कर्मियों को मेडिकल बिल जमा करने के लिए नहीं आना होगा कार्यालय

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सेवानिवृत कर्मियों के चिकित्सीय ईलाज के मेडिकल बिल को जमा करने एवं ट्रैक करने में पारदर्शिता और सुगमता लाने के उद्देश्य से 10 सितंबर, 2026 को सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची स्थित मंथन सभागार में CPRMSE/NE Portal 2.0 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने निदेशक (मा.सं.) हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ पंकज कुमार की उपस्थिति में उपरोक्त पोर्टल को लॉन्च करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की कि पोर्टल को सीसीएल की अपनी टीम द्वारा आंतरिक रूप से विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को सुविधाजनक और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। विशेष रूप से CPRMSE/NE Portal 2.0 के संबंध में उन्होंने रेखांकित किया कि अब सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को चिकित्सा उपचार एवं उसके बाद प्रतिपूर्ति के लिए आवश्यक दस्तावेज लेकर कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने CPRMS पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से कहीं से भी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन जमा कर सकेंगे और प्रक्रिया का लाभ उठा सकेंगे। अपने सेवानिवृत्त कर्मियों को भी अपनी संस्थागत यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हुए उनकी सुविधाओं और कल्याणकारी सेवाओं को निरंतर बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत है। CPRMSE/NE Portal 2.0 इसी सोच और प्रतिबद्धता को तकनीक से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। किसी भी संस्थान की पहचान केवल उसके उत्पादन, व्यवसाय और उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि इस बात से भी होती है कि वह अपने कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों के प्रति कितनी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय देता है। चिकित्सा दावों की प्रक्रिया में PRB, CMS/Medical और Finance जैसे विभिन्न विभागों की भूमिका होती है। पोर्टल इन विभागों के बीच दावों के इलेक्ट्रॉनिक संचालन को संभव बनाता है। इससे एक ओर लाभार्थी को अपने दावे की स्थिति के बारे में अधिक स्पष्ट जानकारी मिलती है, वहीं दूसरी ओर संबंधित विभागों के स्तर पर भी कार्य की निगरानी और पूर्ति में आसानी आएगी । इस पहल के मानवीय पक्ष को रेखांकित करते हुए महाप्रबंधक, सीसी एण्ड पीआर, आलोक कुमार ने कहा कि, “CPRMSE/NE Portal 2.0 हमारे सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके आश्रितों के लिए बेहतर, पारदर्शी एवं सुविधाजनक है एवं यह सीसीएल की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को तकनीक के माध्यम से और प्रभावी बनाने का प्रयास है। जिन कर्मियों ने अपने सेवाकाल में संस्था की प्रगति में योगदान दिया है, उनके लिए सेवानिवृत्ति के बाद भी सुविधाजनक और सम्मानजनक सेवा उपलब्ध कराना एवं उनको स्वस्थ रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत रांची पूर्वी जिला में रक्तदान शिविर आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राँची पूर्वी जिला द्वारा आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ समाज में सेवा और जनकल्याण की भावना को सुदृढ़ करना रहा। रक्तदान शिविर का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज महतो, कार्यक्रम संयोजक अमित चरण, विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति प्रो. सी. जगनाथन सहित भाजपा के समर्पित कार्यकर्तागण, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर कुल 164 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना कार्यकताओं के लिए गौरव का विषय है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा करना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दशार्ता है। राज्यसभा सांसद सह भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित यह शिविर सेवा, समर्पण और सामाजिक दायित्व की भावना को मजबूत करने वाला है। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पच्चीस वर्षों के सार्वजनिक जीवन की यात्रा सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा को प्रेरणादायी मिसाल करार देते हुए कहा कि उनके सार्वजनिक जीवन से प्रेरणा लेते हुए भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज और राष्ट्र की सेवा के प्रति निरंतर समर्पित रहने का संकल्प ले रहा है।

# विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर, जिला शिक्षा पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज ।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, साहिबगंज के निदेर्शानुसार जिले में विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार द्वारा आज राजमहल एवं बोरियो क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जे.के. प्लस टू उच्च विद्यालय, राजमहल, मॉडल स्कूल, राजमहल, कन्या उच्च विद्यालय, राजमहल तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कारीकांदर, अंचल-बोरियो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति, पठन-पाठन की स्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जे.के. प्लस टू उच्च विद्यालय, राजमहल में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत काफी कम पाए जाने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित एवं संतोषजनक उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई एवं अभिभावकों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित करें तथा कक्षा-कक्ष में प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन का वातावरण सुनिश्चित करें।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी संबंधित विद्यालयों को विद्यालय परिसर की स्वच्छता, अनुशासन, शिक्षकों की समयबद्ध उपस्थिति एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। अतः विद्यालयों में ऐसा सकारात्मक एवं अनुशासित वातावरण विकसित किया जाए, जिससे विद्यार्थियों में सीखने की रुचि बढ़े और वे नियमित रूप से विद्यालय से जुड़ें।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि विद्यालयों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करते हुए कमियों को तत्काल दूर किया जाए, ताकि जिले में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुख बनाया जा सके।

## साहिबगंज में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा पूजा, रेलवे प्रतिष्ठानों में सजे भव्य पंडाल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज ।** देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा गुरूवार को साहिबगंज शहर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में आयोजित की गई। शहर में इसे लेकर खासा उत्साह रहा। शहर के कई स्थानों पर भव्य रूप से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया है। खासकर रेलवे के विभिन्न प्रतिष्ठानों व कार्यालय परिसर में विश्वकर्मा पूजा भव्य रूप से मनाया गया। इसे लेकर कई स्थानों पर विशाल पंडाल बनाया गया था तो कहीं पर लाइट की सजावट बेजोड़ हुई थी। कुछ पूजा पंडालों में थीम आधारित सजावट की गई थी। स्थानीय रेलवे के टीआरडी विभाग, पीडब्ल्यूआई, रेलवे सहायक संकेत व दूर संचार विभाग, सिग्नल विभाग, रेलवे विद्युत कार्यालय, आईओडब्ल्यू, पुराना लोका परिसर, संयुक्त कु बुकिंग लॉबी, रेलवे रनिंग स्टाफ एसोसिएशन आदि ने वृहद स्तर पर विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया है। इसके अलावा शहरं स्थित कई गैराज, दुकान, घरों आदि में भी पूजा हुई। पूजा पंडालों का भ्रमण लोग देर रात तक करते रहे। इससे शहर में कई स्थानों पर भव्य मेला लगा रहा।खासकर स्टेशन प्रांगण, स्टेशन चौक, नार्थ कॉलोनी पीर दरहगाह रोड, रेलवे इंस्टीच्यूट रोड आदि में मेला देर रात तक जमा था। इसके अलावा शहर में कई स्थानों पर गणेश पूजा का भी आयोजन किया गया था। सभी गणेश पूजा पंडाल में गणेश प्रतिमा अभी है ही तो लोगों ने एक साथ श्री गणेश और भगवान विश्वकर्मा के भी दर्शन कर लिए।

## करमटोला स्टेशन पर चला मिशन जीवन रक्षा अभियान, यात्रियों को सुरक्षा व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




**साहिबगंज ।** मालदा रेल मंडल अंतर्गत मिशन जीवन रक्षा के तहत करमटोला रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। साहिबगंज आरपीएफ एएसआई प्रसन्नजीत दास के नेतृत्व में रेलवे पुलिस ने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान रेलवे यात्रियों से चलती ट्रेन पर पत्थर नहीं फेंकने की अपील की गयी। यात्रियों से स्टेशन को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करने को भी कहा गया। रेलवे पुलिस ने यात्रियों से बिना टिकट यात्रा नहीं करने की अपील की। खाने-पीने के बाद वेस्ट रैपर और पॉलीथिन को डस्टबिन में डालने के लिए भी जागरूक किया गया। यात्रियों से चलती ट्रेन पर चढ़ने का प्रयास नहीं करने को कहा गया। साथ ही अपने सामान की सुरक्षा करने की अपील की गयी। रेलवे पुलिस ने यात्रियों से स्टेशन के प्लेटफॉर्म तक जाने के लिए पैदल पुल का इस्तेमाल करने की अपील की। स्टेशन पर लगे किसी भी उपकरण से छेड़छाड़ नहीं करने की भी जानकारी दी गयी। अभियान के दौरान रेलवे पुलिस बल के लक्ष्मण कुमार और गुड्डू कुमार सिंह मौजूद रहे।

## कुंवरपुर गांव से लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**साहिबगंज ।** जिले के रांगा थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव से बीती रात लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद ट्रैक्टर मालिक महेश कुमार ठाकुर उर्फ सोनू ने रांगा थाना में शिकायत दर्ज करायी है।ट्रैक्टर मालिक के अनुसार ट्रैक्टर वाहन नंबर (जेएच 17 एबी5070) को कुंवरपुर गांव में रखा गया था। रात के समय अज्ञात चोर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों में भी चर्चा का माहौल है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की छानबीन शुरू कर दी है। रांगा थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और चोरी हुए ट्रैक्टर की तलाश की जा रही है।

## कुंवरपुर गांव से लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर चोरी, जांच में जुटी रांगा पुलिस

**बरहरवा/साहिबगंज ।** रांगा थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर चोरी कर लिया। घटना के बाद ट्रैक्टर मालिक महेश कुमार ठाकुर उर्फ सोनू ने रांगा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत के अनुसार ट्रैक्टर जेएच 17 एबी 5070 को कुंवरपुर गांव में रखा गया था। रात के दौरान अज्ञात चोर ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गये। सुबह ट्रैक्टर नहीं मिलने पर मालिक ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। ट्रैक्टर चोरी की घटना से गांव में चर्चा का माहौल है। शिकायत मिलने के बाद रांगा थाना पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास की गतिविधियों और संभावित रास्तों की जानकारी जुटा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा चोरी हुए ट्रैक्टर की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## राजमहल में फरार प्राथमिकी अभियुक्त के घर पहुंची पुलिस, ढोल बजाकर किया इश्तेहार का ऐलान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**राजमहल/साहिबगंज ।** राजमहल थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश के आलोक में प्राथमिकी अभियुक्त सुमन रजक के विरुद्ध विधिवत इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई।पुलिस के अनुसार, राजमहल थाना कांड संख्या 208/26, दिनांक 23 जून 2026 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 87/137(2)/352/3 (5) के तहत प्राथमिकी दर्ज है। उक्त मामले के प्राथमिकी अभियुक्त सुमन रजक, पिता श्यामचंद्र रजक, ग्राम जामनगर, थाना राजमहल, जिला साहेबगंज के घर पहुंचकर पुलिस ने नियमानुसार इश्तेहार चिपकाया।कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा ढोल बजाकर सार्वजनिक रूप से इश्तेहार की उद्घोषणा की गई, ताकि अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने की जानकारी दी जा सके। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों को भी इश्तेहार के संबंध में जानकारी दी।बताया गया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य प्राथमिकी अभियुक्त को निर्धारित प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने की सूचना देना है। राजमहल थाना पुलिस ने स्पष्ट किया कि मामले में आगे की कार्रवाई नियमानुसार जारी रहेगी।

# कोटालपोखर में नेहाल फिटनेस ट्राई जिम का हुआ शुभारंभ,आधुनिक सुविधाओं से लैस, युवाओं को अब मिलेगी स्थानीय स्तर पर सुविधा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बरहरवा/साहिबगंज ।** जिले के कोटालपोखर थाना रोड स्थित दुर्गा मंदिर के समीप गुरुवार को नेहाल फिटनेस ट्राई जिम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिम का उद्घाटन कोटालपोखर थाना प्रभारी पवन कुमार, मुखिया सेरोफीना हेंब्रम एवं पंचायत समिति सदस्य रंजीत साह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन समारोह में जिम संचालक बबलु माली, पुरन माली, विजय रजवाड़, जयदेव रजवाड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास भगत समेत दर्जनों स्थानीय लोग एवं युवा मौजूद रहे। इस अवसर पर थाना प्रभारी पवन कुमार ने जिम संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ और सक्रिय रहना बेहद जरूरी है। नियमित व्यायाम एवं संतुलित दिनचर्या अपनाकर शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक रूप से भी फिट रहा जा सकता है। मुखिया सेरोफीना हेंब्रम ने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त फिटनेस जिम शुरू होने से स्थानीय युवाओं को काफी सुविधा मिलेगी। अब उन्हें व्यायाम और फिटनेस के लिए दूसरे शहरों का रुख कम करना पड़ेगा। पंचायत समिति सदस्य रंजीत साह ने भी जिम संचालक को बधाई देते हुए युवाओं से नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए नियमित शारीरिक गतिविधियां आवश्यक हैं। जिम संचालक ने बताया कि लोगों की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए जिम में आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। जिम के शुभारंभ को लेकर स्थानीय युवाओं में भी उत्साह देखा गया और उन्होंने क्षेत्र में नई फिटनेस सुविधा शुरू होने पर खुशी जताई।

# राजमहल सांसद एवं राजमहल विधायक ने राजमहल व उधवा के बाढ़ ग्रस्त इलाकों का भ्रमण किए. सांसद व विधायक ने लगभग 1200 प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किए.

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**राजमहल/साहिबगंज ।** राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा व राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने राजमहल एवं उधवा प्रखंड क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का भ्रमण किए. राजमहल प्रखंड घाटजमनी, मध्य नारायणपुर, उधवा प्रखंड के दक्षिण पलाशगाछी, पुर्वी प्राणपुर व श्रीघर पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर लगभग 1200 प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किए. सांसद एवं विधायक ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्र की लोगों की समस्या से अवगत हुए उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्राथमिकता के आधार पर सड़क की निर्माण होगी और बाढ़ राहत के लिए अग्रिम तैयारी की भी रणनीति प्रशासन से समन्वय स्थापित कर बनेगी साथ ही कटाव नियंत्रण पर भी कटाव निरोधी कार्य के लिए सरकार के समक्ष मामला को प्रमुखता से रखा जाएगा. दोनों ही जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रशासन को लगातार निर्देश दी जा रही है कि जो भी इलाके बाढ़ ग्रस्त है वहां राशन पहुंचाने का कार्य करें. इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, केन्द्रीय समिति सदस्य एकलाकुर रहमान, प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, अयुब अली उर्फ बाबू दा , नगर अध्यक्ष मो आजाद , मो महबूब शेख , अजय कुमार दास , विकास यादव , अब्दुल कादिर , मुर्शीद राजा, अशोक चिरानियां ,मो अब्दुल, मो हफीजुर्रहमान, मो अफजल शेख , रिजवाना काशमी, काजु मल्लिक , मो गुलाब , स्मित चौरसिया , मो जहांगीर जी, मो तजरूल शेख , वासुदेव मंडल , गोपाल मंडल जी, सीआई मो हैदर , हल्का कर्मचारी ब्रह्मदेव मंडल सहित दर्जनों मौजूद थे।

## पांच लाख के लेनदेन ने बढ़ाया विवाद, मारपीट और धमकी के मामले में एक आरोपी को भेजा गया जेल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**बरहरवा/साहिबगंज ।** पांच लाख रुपये के लेनदेन को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गया। मामले में कोटालपोखर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेजने का कार्य किया है। वहीं दो अन्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, कांड संख्या 60/26 में नामजद आरोपी सत्यजीत साहा, पिता सुधीर साहा को गिरफ्तार किया गया है। मामले में नामजद नवजीत साहा उर्फ माना तथा उसका भाई निताई साहा फरार बताए जा रहे हैं। मामला राजमहल थाना क्षेत्र के लखन राजवंशी की शिकायत से जुड़ा है। शिकायत में बताया गया है कि व्यापार के सिलसिले में पांच लाख रुपये लिए गए थे। निर्धारित समय पर रुपये वापस मांगने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ। आरोप है कि रुपये की मांग करने पर उनके साथ मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायत मिलने के बाद कोटालपोखर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि फरार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही दोनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी। पुलिस की कार्रवाई के बाद मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जांच तेज कर दी गई है।

## सरलखुर्द के बड़काटांड़ में करम महोत्सव का आयोजन, हजारों ग्रामीण हुए शामिल

**रामगढ़/गोला ।** गोला प्रखंड के सरलाखुद गांव के बड़कीटांड़ में शुक्रवार को पारंपरिक करम महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो शामिल हुए। वहीं राष्ट्रीय लोकगीत कलाकार एवं ढोलक वादक हेमली कुमारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया। करम महोत्सव में गोला प्रखंड के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा माहौल उत्सवमय बना रहा।मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक जयराम कुमार महतो ने कहा कि करम पर्व हमारी प्रकृति, संस्कृति और सामाजिक एकता से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने के साथ प्रकृति के प्रति सम्मान और संरक्षण का संदेश देता है। हमारे पूर्वजों द्वारा लंबे समय से इस पर्व को सामूहिक रूप से मनाया जाता रहा है।उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। करम पर्व समाज को एकता और भाईचारे के सूत्र में बांधने का काम करता है। आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर बढ़ावा देना आवश्यक है।कार्यक्रम में पवन कुमार, पनेश्वर महतो, संतोष कुमार, रूपा महतो, पंडा महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## पूर्व सरपंच कामरेड रतिराम करमाली के निधन से शोक, संघर्षशील नेतृत्व की छोड़ी अमिट छाप



**रामगढ़/गोला ।** मगनपुर पंचायत के पूर्व सरपंच एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड रतिराम करमाली के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संघर्ष, सादगी और कर्मठता को याद किया। स्थानीय लोगों के अनुसार रतिराम करमाली उन जुझारू नेताओं में शुमार थे, जो किसी जनहित के मुद्दे या आंदोलन को हाथ में लेने के बाद उसे अंतिम चरण तक मजबूती से ले जाने के लिए जाने जाते थे। उनके सक्रिय राजनीतिक जीवन के दौर में कांग्रेस का क्षेत्र में मजबूत प्रभाव माना जाता था, ऐसे समय में भी उन्होंने अपनी अलग पहचान कायम की। उनकी स्पष्टवादिता, निष्पक्षता और जनसमस्याओं को लेकर जमीन पर सक्रिय रहने की शैली ने उन्हें आम लोगों के बीच विशेष सम्मान दिलाया।लोगों का कहना है कि उन्होंने राजनीति को केवल पद और प्रतिष्ठा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि आमजन की समस्याओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उनके निधन से क्षेत्र ने एक ईमानदार, निष्ठावान, जुझारू और कर्मठ जनप्रतिनिधि खो दिया है, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस होगी।उनका अंतिम संस्कार विधिवत किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक कार्यकर्ता और शुभचिंतक मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व प्रमुख सह वर्तमान जिला परिषद सदस्य जलेशवर महतो, विधायक प्रतिनिधि बेटूल कला मुखिया जाकिर अख्तर, उपमुखिया अकबर अंसारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बजरंग महतो ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य राम विनय कुमार महतो, पार्टी सचिव घाणे नाथ चौधरी, पार्टी कार्यकर्ता अजीत कुमार उपाध्याय, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजीत करमाली, पूर्व मुखिया बजरंग महथा सहित अनेक लोग शामिल रहे।

## तालाब में जहर डालने से मछलियों के मरने की शिकायत, जांच की मांग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**पालू बड़ा तालाब में लाखों रुपये की मछली पालन योजना को नुकसान पहुंचाने का आरोप, प्रखंड विकास पदाधिकारी से कार्रवाई की गुहार**

**पतरातू:** ग्राम पंचायत पालू के पालू बड़ा तालाब में अज्ञात व्यक्ति द्वारा कथित रूप से जहरीला पदार्थ डालकर मछलियों को मारने का मामला सामने आया है। इस संबंध में तालाब से जुड़े संतोष कुमार मुंडा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, पतरातू को आवेदन देकर मामले की जांच कराने तथा दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।आवेदन में बताया गया है कि पालू बड़ा तालाब को मत्स्य पालन के लिए 9 सितंबर 2026 को खुली निविदा के माध्यम से 1,39,500 रुपये में लिया गया था। इसके बाद 13 सितंबर को तालाब में करीब 80 किलो मछली के बीज डाले गए थे। आवेदनकर्ता के अनुसार 18 सितंबर की सुबह करीब 10 बजे जब तालाब पर पहुंचे तो पानी में मछलियां मरी हुई पाई गई और बड़ी संख्या में मछलियां तालाब में मृत अवस्था में तैर रही थीं। इससे आशंका जताई गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने तालाब के पानी में जहरीला पदार्थ डाल दिया, जिसके कारण मछलियों की मौत हुई। आवेदनकर्ता ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से पूरे मामले की जांच कराकर घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान करने और उसके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# औजारों से लेकर बाइक-गाड़ियों तक की हुई पूजा, डीवीसी चौक पर सजा भव्य पंडाल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**गोला में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया विश्वकर्मा पूजा**



**रामगढ़/गोला ।** सृजन, शिल्प और कर्म-कौशल के आराध्य भगवान विश्वकर्मा की पूजा गोला प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। गांवों से लेकर बाजार और गैराज तक सुबह से ही पूजा-अर्चना का माहौल बना रहा। हर ओर भगवान विश्वकर्मा के जयकारे और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय नजर आया।

घर-घर हुई औजारों की पूजा

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर लोगों ने अपने घरों और कार्यस्थलों में रोजमर्रा के काम आने वाले उपकरणों, औजारों और मशीनों की साफ-सफाई कर विधिवत पूजा की। बाइक, चारपहिया वाहन, तराजू, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित मिस्त्रियों के औजारों को सजाया गया। वहीं क्षेत्र के विभिन्न गैराजों और प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। डीवीसी चौक पर विशेष आयोजन डीवीसी गोला चौक स्थित टैक्सी-मैक्सी यूनियन के तत्वावधान में भव्य पंडाल का निर्माण कर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर सुख, समृद्धि और कार्य में सफलता की कामना की। क्षेत्र के विभिन्न गैराजों में भी आकर्षक तरीके से प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। श्रम और हुनर के सम्मान का पर्व धार्मिक मान्यता में भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, शिल्प, वास्तुकला और तकनीकी कौशल का प्रतीक माना जाता है। इसी कारण विश्वकर्मा पूजा के दिन मशीनों और औजारों की पूजा करने की परंपरा है। इसका एक व्यापक संदेश यह भी है कि मेहनत, हुनर और रोजी-रोटी के साधनों का सम्मान किया जाए। भारत सरकार के पर्यटन पोर्टल के अनुसार भी यह पर्व कलाकारों, कारीगरों, शिल्पकारों और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों द्वारा औजारों व कार्यस्थलों के सम्मान के रूप में मनाया जाता है। पूरे दिन गोला क्षेत्र धार्मिक आस्था और उत्सवी माहौल में डूबा रहा। पूजा पंडालों और विभिन्न प्रतिष्ठानों में लोगों की आवाजाही बनी रही। इस दौरान श्रद्धा के साथ कर्म, कौशल और सृजन के प्रति सम्मान का संदेश भी देखने को मिला।

# उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया विशेष रक्तदान शिविर का शुभारंभ; शिविर में 72 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**जिंदगी बचाने के लिए जरूरी है रक्तदान : उपायुक्त**

**पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा; उपायुक्त ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर किया उत्साहवर्धन**




**पाकुड़ :** जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रक्त अधिकोष (ब्लड बैंक), पाकुड़ में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। शिविर में कुल 72 लोगों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि रक्तदान महादान है, क्योंकि रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान बेहद जरूरी है। सभी लोगों को बढ़-चढ़कर आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। जिले की जनसंख्या के अनुपात में पर्याप्त रक्त यूनिट ब्लड बैंक में उपलब्ध रहना आवश्यक है, ताकि गंभीर बीमारी, दुर्घटना अथवा किसी भी आपात स्वास्थ्य स्थिति में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अब प्रत्येक माह जिला एवं प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य अधिकाधिक संख्या में रक्त का संग्रहण सुनिश्चित करना तथा जरूरतमंद मरीजों को सही समय पर रक्त उपलब्ध कराना है।

शिविर में रेड क्रॉस के सचिव डॉ. कुणाल कुमार सिंह, डीपीएम श्री दीपक कुमार, प्रभारी डीपीएम ई-पंचायत श्री आनंद प्रकाश, सार्जेंट, मालपहाड़ी थाना प्रभारी, मुफस्सिल थाना प्रभारी, रद्दीपुर थाना प्रभारी एवं लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी, यातयात प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों, पुलिस एसोसिएशन, पाकुड़ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इसके अलावा जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक श्री विनोद कुमार वर्मा, एमपीडब्ल्यू श्री अमोल दास, इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों तथा गोपनीय कार्यालय के कर्मी मो० एहतेशाम हुसैन सहित अन्य कर्मचारियों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की।उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा रक्तदान के प्रति उनके मानवीय एवं सामाजिक योगदान की सराहना की।उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा सितंबर माह में 18, 24 एवं 28 सितंबर को विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से जिले में रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आमजनों को रक्तदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है।जिला प्रशासन ने जिलावासियों से अपील की है कि स्वस्थ एवं योग्य व्यक्ति स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आएं और रक्तदान महादान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाते हुए जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने में सहभागी बनें।

## आस्था ट्रैवल्स में विधि विधान से हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा- अर्चना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**सिंदरी/ धनबाद।** आस्था ट्रैवल्स की ओर से आवास संख्या एसके-4/ 190 में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि- विधान एवं भक्ति भाव के साथ विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रैवल्स संचालक लालबाबू प्रसाद एवं उनके परिवार के सदस्यों ने पंडित के मंत्रोचार के बीच भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की और सुख -समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। पूजा अर्चना के बाद पंडित द्वारा आस्था ट्रैवल के सभी वाहनों की बारी-बारी से विधिवत पूजा की गई। इस दौरान वाहनों की सफलता सुरक्षित संचालन के लिए भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद मांगा गया। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया ।मौके पर एफसीआईएल प्रबंधक प्रभारी विजय कुमार चौधरी ,सुनील सिंह ,लालबाबू प्रसाद,श्रीमती प्रियंका प्रसाद, प्रखर कुमार सिंह, अमित कुमार, सतीश सिंह, विनोद मंडल, दिनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण किया।

## हिंदी पखवाड़ा के तहत विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी एवं गीत गायन प्रतियोगिता आयोजित

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



हिंदी पखवाड़ा-2026 के अवसर पर चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजनाद्वारा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भदईखाप में विद्यार्थियों के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी एवं हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि एवं प्रेम को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था ।प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं से 8वीं तक के कुल 30 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, जिन्हें हल करने के लिए विद्यार्थियों को 30 मिनट का समय दिया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रश्नों को हल करते हुए अपने ज्ञान एवं समझ का प्रदर्शन किया। वहीं, हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न हिंदी गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज, आत्मविश्वास और भावपूर्ण प्रस्तुति से अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने परियोजना द्वारा विद्यार्थियों के लिए इन प्रतियोगिताओं के आयोजन की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास, ज्ञान और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

## पचवाड़ा नॉर्थ कोल माइंस में मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**अमरापाड़ाः** विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर पचवाड़ा नॉर्थ कोल माइंस क्षेत्र में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट (MMU) का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी, अमरापाड़ा श्री प्रमोद कुमार गुप्ता एवं अंचल अधिकारी, अमरापाड़ा श्री औसाफ अहमद खान ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर रामाशीष चटर्जी, महाप्रबंधक, WBPDCL, महेश कुमार, माइंस मैनेजर, WBPDCL, देबाशीष भुइं, वेलफेयर ऑफिसर, WBPDCL, दिलीप तमन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, SHAR Projects, ' संजय बेसरा, महाप्रबंधक -CSR एवं PR सहित कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट WBPDCL द्वारा उपलब्ध कराई गई है। परियोजना से प्रभावित ग्रामीण लंबे समय से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग कर रहे थे। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट को नौ परियोजना प्रभावित गांवों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सप्ताह में दो दिन प्रत्येक गांव में उपलब्ध कराया जाएगा। मोबाइल यूनिट में एक MBBS चिकित्सक और दो नर्सें तैनात रहेंगी। वाहन में मोबाइल पैथोलॉजी, ECG, Foetal Doppler, ENT जांच के लिए Otoscope, ऑक्सीजन सिलेंडर तथा मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड जांच किट के साथ आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहेंगी। इन सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को पूर्णतः निःशुल्क मिलेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार गुप्ता ने भी अपना रैंडम ब्लड शुगर परीक्षण कराया। पचवाड़ा नॉर्थ कोल माइंस की R&R Colony, बिशनपुर में पहले से ही एक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है, जहां प्रतिदिन एक MBBS चिकित्सक एवं दो नर्सें उपलब्ध रहती हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन से परियोजना क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का और विस्तार होगा तथा दूर-दराज के प्रभावित गांवों के ग्रामीणों को उनके घर के निकट प्राथमिक एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर एच यू आर एल सिंदरी की कार्यशाला में विधि- विधान से पूजा- अर्चना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**सिंदरी/ धनबाद।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड ( एच यू आर एल), सिंदरी स्थित कार्यशाला परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा- अर्चना कर कंपनी, कर्मचारीयों एवं श्रमिकों की समृद्धि, सुरक्षा, सफलता और कल्याण की कामना की गई। पूजा के दौरान कर्मचारियों और श्रमिकों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और सभी ने भगवान विश्वकर्मा से कार्यस्थल पर सुख- समृद्धि ,सुरक्षित कार्य वातावरण तथा निरंतर प्रगति का आशीर्वाद मांगा। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कार्यशाला में स्थापित विभिन्न मशीनों, उपकरणों एवं तकनीकी संसाधनों की भी पूजा अर्चना की गई। कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल और औद्योगिक उपकरणों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए सुरक्षित एवं जिम्मेदार कार्य संस्कृति को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान परिवार के सदस्यों की सहभागिता से कार्यक्रम का माहौल और भी आनंदमय हो गया। सभी ने मिलकर पूजा- अर्चना की और भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। एच यू आर एल परिसर में आयोजित यह धार्मिक एवं पारंपरिक आयोजन कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए यादगार और सार्थक अवसर बन गया।

# मालगोदाम रोड पर नवनिर्मित एटीवीएम का हुआ शुभारंभ, रेल यात्रियों को मिलेगी बड़ी सुविधा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पाकुड़ :** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व रेलवे हावड़ा मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राहुल रंजन जी के निदेर्शानुसार मालगोदाम रोड स्थित रेलवे परिसर में नवनिर्मित ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) का विधिवत शुभारंभ किया गया। एटीवीएम का उद्घाटन स्टेशन प्रबंधक पूर्व रेलवे पाकुड़ लखीराम हेम्ब्रम एवं वार्ड पार्षद निभा देवी ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर एवं नारियल फोड़कर किया।इस अवसर पर वाणिज्य पर्यवेक्षक सिकंदर मंडल, मुख्य टिकट निरीक्षक अखिलेश कुमार चौबे, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (दूरसंचार) पाकुड़ संजय कुमार ओझा, वरिष्ठ विद्युत अनुभाग अभियंता राजू कुमार, संतोष ठाकुर एवं दयाशंकर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में रेल यात्री एवं आमजन उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद एटीवीएम से पहला टिकट अफजल शेख ने पाकुड़ से राजग्राम की यात्रा के लिए प्राप्त किया।इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेम्ब्रम ने कहा कि स्टेशन के पूर्वी हिस्से में रहने वाले आम नागरिकों और रेल यात्रियों की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही थी कि इस क्षेत्र में टिकट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। यात्रियों की सुविधा और उनकी मांग को देखते हुए रेलवे द्वारा मालगोदाम रोड पर एटीवीएम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि इससे यात्रियों को स्टेशन के मुख्य टिकट काउंटर पर जाने और लंबी कतार में खड़े होने की परेशानी से काफी हद तक राहत मिलेगी। रेलवे का उद्देश्य यात्रियों को सरल, सुगम और सुविधाजनक टिकट सेवा उपलब्ध कराना है ।वहीं वार्ड पार्षद निभा देवी ने कहा कि मालगोदाम रोड क्षेत्र में एटीवीएम की सुविधा शुरू होना लंबे समय से चली आ रही रेल यात्रियों की मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इसका लाभ पाकुड़ नगर परिषद के लगभग नौ वार्डों तथा आसपास की करीब 20 पंचायतों के सैकड़ों लोगों को मिलेगा। अब यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्लेटफॉर्म पार कर मुख्य टिकट काउंटर पर जाकर लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। वे मालगोदाम रोड स्थित एटीवीएम के माध्यम से आसानी से अपना रेल टिकट प्राप्त कर सकेंगे।निभा देवी ने कहा कि यात्री सुविधा और जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस मांग को लगातार रेलवे के समक्ष रखा गया था। उन्होंने इस सुविधा के लिए मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे हावड़ा एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे हावड़ा के प्रति नगर परिषद क्षेत्र के आम नागरिकों और रेल यात्रियों की ओर से आभार व्यक्त किया।मौके ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय,सचिव राणा शुक्ला,मुरारी मंडल, आदित्य सिंह,संजय कुमार राय,सोमनाथ मंडल,मिथिलेश मंडल,सुशील साहा,अनिकेत गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## विधायक रोशन लाल चौधरी जी के प्रतिनिधियो ने ग्राम पतरा खुर्द में विश्वकर्मा एवं गणेश पूजा महोत्सव में शामिल



**बड़कागांव /हजारीबागः-** ग्राम पतरा खुर्द में आयोजित बाबा विश्वकर्मा एवं श्री गणेश पूजा महोत्सव में बड़कागांव के माननीय विधायक श्री रोशन लाल चौधरी जी प्रतिनिधियों ने शामिल हुए। इस दौरान विधायक जी के प्रतिनिधयो पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। साथ ही इसी अवसर पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने एवं जन्मदिन के शुभ अवसर पर दीप प्रज्वलित कर उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की गई। मौके पर बेलतू मंडल अध्यक्ष सुनील राज सिंह उर्फ शेरू सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा, विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार, कंचन यादव सहित पतरा खुर्द के सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## भक्ति, उल्लास और जयकारों के बीच गणपति बप्पा को दी गई विदाई



**किस्को मोड़ के देवस्थल मंदिर में पांच दिवसीय गणेशोत्सव का हुआ समापन**

**लोहरदगाः** किस्को मोड़ स्थित देवस्थल मंदिर परिसर में आयोजित पांच दिवसीय गणेशोत्सव का समापन भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के विसर्जन के साथ भक्तिभाव और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। गणपति बप्पा की विदाई के लिए निकली विसर्जन शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान पूरा क्षेत्र ह्लगणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आह्व के जयकारों से गूंजता रहादेवस्थल मंदिर परिसर से भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पतरा टोली और ब्लॉक मोड़ होते हुए पुनः देवस्थल मंदिर परिसर पहुंची। इसके बाद मंदिर परिसर स्थित तालाब में विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।शोभायात्रा के दौरान ढोल-ताशों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नजर आए। कई स्थानों पर लोगों ने एक-दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर गणेशोत्सव की खुशियां साझा कीं। बच्चों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। विसर्जन के समय श्रद्धालु भावुक नजर आए। पांच दिनों तक पूजा-अर्चना, आरती और भंडारे के माध्यम से गणपति की भक्ति में लीन रहे श्रद्धालुओं ने भावुक मन से बप्पा को विदाई दी। श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर से गणपति बप्पा के आगमन की कामना करते हुए जयकारे लगाए। गणेशोत्सव को सफल बनाने में पूजा समिति, आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूरे पांच दिनों तक मंदिर परिसर में धार्मिक आस्था, श्रद्धा, आपसी सहभागिता और उत्साह का माहौल बना रहा

## श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन , भावुक हुए श्रद्धालु



**लोहरदगाः** शहर के गुदरी बाजार स्थित मुंद्रिका बैंक्वेट में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार को भव्य एवं भावपूर्ण समापन हो गया। नौ दिनों तक कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अंतिम दिन कथा व्यास अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष एवं व्यास पूजन का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं ।समापन दिवस पर यजमान एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने व्यास पीठ का विधिवत पूजन- अर्चन किया। कथा व्यास की विदाई के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भावुक होकर महाराज को विदाई दी। वातावरण में भक्ति के साथ नौ दिनों के आध्यात्मिक अनुभव को जीवन में उतारने का संकल्प भी नजर आया। कथा व्यास अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज ने अंतिम संदेश में कहा कि भागवत कथा केवल सुनने की वस्तु नहीं है, बल्कि इसके संदेश को जीवन में उतारना आवश्यक है। नौ दिनों में सीखी गई अच्छी बातों को अपने व्यवहार में लाना ही इस धार्मिक आयोजन की वास्तविक सफलता है। उन्होंने लोहरदगा के लोगों के प्रेम एवं सेवा भाव की सराहना की।आयोजन से जुड़े जय प्रकाश शर्मा ने कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंचकर अनुशासन के साथ कथा श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह की भावनाओं को देखते हुए भविष्य में भव्य रामकथा आयोजित करने का आग्रह कथा व्यास एवं उनकी टीम से किया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया।मुंद्रिका बैंक्वेट के संचालक राजन मेहता ने श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए आगामी आयोजन के लिए अपने परिसर के बड़े मैदान में व्यापक व्यवस्था उपलब्ध कराने की घोषणा की, ताकि अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधा उपलब्ध हो सके। सुनील अग्रवाल ने आयोजन को सफल बनाने में दिन-रात जुटे सदस्यों, प्रसाद वितरण एवं व्यवस्था संभालने वाले कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कथा के आध्यात्मिक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करने वाले प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के पत्रकारों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।विदाई समारोह में आयोजन समिति के कुंदन साहू, प्रमोद अग्रवाल, जय गोविंद सोनी, मनीष राजगढ़िया, अशोक कानस्कर, आनंद पांडेय, संजय अग्रवाल, संजय शर्मा एवं संजय चौधरी ने कथा व्यास, प्रवचनकर्ता पंडित राम बालक एवं संगीत मंडली के सदस्यों को शॉल, स्मृति चिह्न एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।समारोह में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश साहू, राजेश अग्रवाल, सुमित राय, सूरज अग्रवाल एवं बसंत साहू सहित अन्य लोगों ने व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया।कथा समापन के बाद आयोजित आरती में यजमान कुंदन साहू, मधु साहू, जय प्रकाश शर्मा, रितु शर्मा, सुनील अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, सुमित राय, नेहा राय, संजय चौधरी, करुणा चौधरी, सूरज अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, बसंत साहू एवं संगीता साहू सपत्नीक शामिल हुए। नौ दिवसीय कथा के समापन के उपरांत यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## चंदवा-लोहरदगा मुख्य मार्ग पर नियमों की उड़ रही धज्जियां

**लोहरदगाः** शंख नदी से लुकया मोड़ पर प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रतिबंध का वाहन चालक खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। उक्त सड़क पर लगातार हो रहे दुर्घटनाओं पर विराम लगाने को ले सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है इसके लिए जिला प्रसाशन द्वारा सूचना भी जारी की गई है। इसके बावजूद भी बड़े वाहन धड़ल्ले से नियमो की अनदेखी कर रहे हैं। उक्त सड़क के लेदर टंगवा के पास इन दिनों सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशासन द्वारा सड़क के दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगाई गई है और इस मार्ग पर फिलहाल बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है, ताकि निर्माण कार्य सुचारू रूप से चल सके और आम जनता को परेशानी न हो।इसके बावजूद भी बड़े वाहन चालक बैरिकेडिंग और प्रशासन के आदेश को दरकिनार करते हुए जबरन इस निमार्णाधीन सड़क पर अपनी गाड़ी दौड़ा रहे हैं। ऐसे लापरवाही के कारण छोटे वाहन, दोपहिया और पैदल सड़क से गुजरने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में सीएसआर योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, खेल, आंगनबाड़ी सुदृढ़ीकरण एवं कौशल विकास को प्राथमिकता देने का निर्देश**



**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में निगमित सामाजिक दायित्व (CSR) के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा को लेकर जिला सीएसआर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सीएसआर मद के तहत संचालित जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि जिले में अधिक से अधिक जनोपयोगी एवं टिकाऊ योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए, ताकि सीएसआर निधि का वास्तविक लाभ जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक पहुंच सके। बैठक में विभिन्न कंपनियों द्वारा संचालित सीएसआर गतिविधियों, वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित एक्शन प्लान तथा वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। पूर्व में संचालित योजनाओं की प्रगति, उपयोगिता एवं लंबित कार्यों की भी जानकारी ली गई। उपायुक्त ने कहा कि जिले में सीएसआर निधि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, शुद्ध पेयजल, खेल, आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण एवं कौशल विकास जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में किया जाए। उन्होंने सभी परियोजनाओं को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने तथा जिला प्रशासन के साथ नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट साझा करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि नई सीएसआर योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन से जिला सीएसआर समिति के साथ आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं में दोहराव की स्थिति उत्पन्न न हो और उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग जनहित में किया जा सके। उन्होंने कंपनियों को ऐसी योजनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा, जिनका दीर्घकालिक एवं सतत लाभ जिले के आम लोगों को मिल सके। उपायुक्त ने कंपनियों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा व्यक्त किया कि वे सीएसआर योजनाओं की समयबद्ध स्वीकृति, गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन एवं प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कंपनियों और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय से सीएसआर गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है तथा अधिक से अधिक जनसमुदाय को इसका लाभ पहुंचाया जा सकता है। वहीं, पूर्व वित्तीय वर्षों में कंपनियों द्वारा कराए गए कार्यों से संबंधित उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने/प्राप्त करने को लेकर भी आवश्यक चर्चा की गई तथा संबंधित स्तर पर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित विभिन्न कोल कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## छतरपुरः नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को जेएमएम नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, पुष्प अर्पित कर उनके आत्मा की शांति की प्रार्थना



**छतरपुर (पलामू)।** नगर विकास विभाग के मंत्री स्व० सुदिव्य कुमार सोनू के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में छतरपुर विधानसभा के खट्ट नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम का नेतृत्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह पलामू जिला प्रवक्ता चन्दन प्रकाश सिन्हा एवं वरिष्ठ नेता वीरेंद्र पासवान ने किया। सभी ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।मौके पर चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि स्व० सुदिव्य कुमार सोनू बहुत ही सरल स्वभाव के नेता थे। वे पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों की बातों को तत्काल सुनकर कार्रवाई करते थे। उनका चले जाना अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती।वीरेंद्र पासवान ने कहा कि सुदिव्य सोनू सिर्फ पार्टी में ही नहीं, बल्कि आमजनों के बीच भी अपनी व्यवहारकुशलता के कारण बेहद लोकप्रिय थे। उनका जाना सभी को खलेगा।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अनुज कुमार सिंह, परशुराम पासवान, महादेव सेन, मनौव्वर आलम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पौधा दान कर मनाया विश्वकर्मा पूजा और पीएम मोदी का जन्मदिन



**- विश्वकर्मा जयंती पर पर्यावरण धर्म की शपथ, स्वच्छ और हरित भारत का दिया संदेश**

**पलामूः**पर्यावरणविद् ट्री मैन डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने विश्वकर्मा जयंती पर कर्नाटक के चंदन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासि आम के पौधरोपण कर दोनों अवसरों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया। नावा बाजार- प्रसिद्ध ताली चढ़ीधाम में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. कौशल ने पौधे लगाए। इस दौरान लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई गई। डॉ. कौशल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि निर्माण और देवताओं का अभियंता माना जाता है। प्रकृति और जंगलों के संरक्षण के साथ ही सृष्टि का संतुलन कायम रह सकता है। उन्होंने कहा कि मानव ने आर्थिक विकास की होड़ में जंगलों की कटाई कर प्रदूषण बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से इन अभियानों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। ताली चढ़ीधाम के सचिव उदय महतो ने धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की और डॉ. कौशल द्वारा प्रतिवर्ष यहां पौधरोपण किए जाने की सराहना की। मौके पर संतोष मेहता, अनुज कुमार, सत्येंद्र मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

## सोसाइटी ऑफ ऑटोमेटिव इंजीनियर्स (एस.ए. ई) इंडिया बी आई टी सिंदरी में श्रद्धा के साथ विश्वकर्मा पूजा समारोह आयोजित



झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**सिंदरी/ धनबाद।** एस.ए.ई. इंडिया बी आई टी सिंदरी की ओर से एस.ए.ई. वर्कशॉप में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने तकनीकी कार्यों, नवाचार और आगामी परियोजनाओं की सफलता की कामना की। एस.ए.ई. इंडिया बी आई टी सिंदरी की टीम आगामी फॉर्मूला कार्ट डिजाइन चैलेंज (एफकेडीसी) के लिए उच्च प्रदर्शन वाली 'गो कार्ट' के डिजाइन एवं निर्माण का कार्य कर रही है। नवंबर के प्रथम सप्ताह में कोयंबटूर, तमिलनाडु में होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर की तकनीकी संस्थानों की टीमें भाग लेंगी। पूजा के अवसर पर सदस्यों ने तकनीकी उत्कृष्टता, नवाचार और आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर सांसद मनीष जायसवाल ने जलाया आशीर्वाद का दीया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार को अहले सुबह से देर रात तक लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में आयोजित धार्मिक, सामाजिक, मांगलिक कार्यक्रमों और शोक सभाओं में हिस्सा लिया। सदर, बरही, रामगढ़ और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद देर शाम बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातू प्रखंड पहुंचे। यहां भाजपा की ओर से आयोजित आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की।भुरकुंडा मंडल के शास्त्री चौक स्थित श्री गणेश मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद ने भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की। ढोल-नगाड़ों के बीच भक्तिमय माहौल में उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित किया। इस दौरान मौजूद स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी दीप जलाकर प्रधानमंत्री के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं।सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की यात्रा सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प की यात्रा है। उन्होंने भगवान श्री गणेश से प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर राष्ट्रसेवा की मंगलकामना की।कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह बाबला, धनिया मंडल अध्यक्ष अजय पासवान, रामगढ़ सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीतल सिंह सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे। श्री श्री सिद्धिविनायक मंदिर युवा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष टुनटुन दास, सचिव शिवपूजन चंद्रवंशी समेत समिति के सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए।एक दीप आशीर्वाद का, एक संकल्प राष्ट्रसेवा का संदेश के साथ आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री

## पाकुड़ में नशीले पदार्थों के कारोबार पर पुलिस का बड़ा प्रहारः 1.2 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार, दूसरा आरोपी फरार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**मुफस्सिल थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में एसआईटी (SIT) ने दण्डाधिकारी की उपस्थिति में मारा छापा; नकद, तराजू और चिलम भी बरामद**



**पाकुड़:**पाकुड़ जिले की मुफस्सिल थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1200 ग्राम गांजे के साथ एक तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पाकुड़ पुलिस अधीक्षक श्री अनुदीप सिंह (भा०पु०से०) के निर्देश पर गठित विशेष छापेमारी दल (SIT) ने फतेहपुर गांव में छापेमारी कर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मंजूर शेख (65 वर्ष) के रूप में हुई है। गुप्त सूचना पर गठित हुई थी SIT टीमः पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 सितंबर 2026 को मुफस्सिल थानांतर्गत ग्राम-फतेहपुर स्थित मंजूर शेख के घर व दुकान में अवैध रूप से गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई के लिए एसपी अनुदीप सिंह के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) पाकुड़, कुमार गौरव के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल (SIT) का गठन किया गया।

**दण्डाधिकारी की मौजूदगी में हुई छापेमारी और तलाशी**

गठित एसआईटी टीम दण्डाधिकारी के साथ जब फतेहपुर स्थित मंजूर शेख के घर-दुकान के पास पहुंची, तो वहां एक व्यक्ति को नशीले पदार्थ (गांजा) की खरीद-बिक्री करते हुए पाया गया। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी मंजूर शेख को दबोच लिया। दण्डाधिकारी की उपस्थिति में जब उसके घर की विधिवत तलाशी ली गई, तो वहां से 1.2 किलो गांजा, नकद राशि और अन्य सामग्री बरामद की गई।

**बरामदगी का विवरणः**

पुलिस द्वारा मौके से निम्नलिखित सामान जब्त किए गए हैं:
गांजाः कुल 1200 ग्राम
नकद राशिः 2,640 रुपये तराजूः एक लोहा एवं स्टील का तराजू
पैकिंग सामग्रीः एक बंडल प्लास्टिक पन्नी एवं 90 ग्राम पॉलीथीन बैग
अन्य सामानः तीन पीस गांजा पीने की चिलम, एक लाइटर और एक लोहे व एक स्टील की कैंची

एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, पश्चिम बंगाल का आरोपी फरार इस संबंध में पाकुड़ (मु०) थाना कांड संख्या-132/26 (दिनांक 17.09.2026) के तहत एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 20(b)(ii)(B) एवं 22(b) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी मंजूर शेख को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है। वहीं, इस धंधे में शामिल एक अन्य अभियुक्त साहेब शेख (ग्राम-भसाईपाईकर, थाना-शमशेरगंज, जिला-मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल) फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर निरंतर छापेमारी कर रही है।

## केटीएमपीएल में श्रद्धा के साथ मनाई गई विश्वकर्मा पूजा, सुरक्षा और सफलता की कामना



झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**सिंदरी/ धनबाद।** सेल की एमडीओ परियोजना से जुड़ी कल्याणेश्वरी तसरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (केटीएमपीएल) की ओर से तसरा कार्यालय एवं निर्माणाधीन कोयला परिशोधन संयंत्र (कोल वाशरी) में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि- विधान से पूजा- अर्चना की गई। विश्वकर्मा पूजा को लेकर परियोजना परिसर में विशेष सजावट की गई थी।कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मांड का वास्तुकार ,शिल्पकार और इंजीनियर मानते हुए खनन कार्य में उपयोग होने वाली विभिन्न मशीनों ,भारी वाहनों और उपकरणों की भी विधिवत पूजा की गई। कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपसी सहभागिता के साथ विश्वकर्मा पूजा मनाई और भगवान विश्वकर्मा से परियोजना की प्रगति, कार्यस्थल पर सुरक्षा तथा निर्बाध संचालन के लिए भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद मांगा। पूजा कार्यक्रम में परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भी भाग लिया। सभी श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर पूरे परियोजना परिसर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा।

## वा फुटबॉल क्लब, सेन्हा ने सरना क्लब को 5-0 से हराकर खिताब पर जमाया कब्जा



**...हिंडाल्को सीएसआर के सहयोग से सेरेंगदाग में युवा मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का भव्य समापन**

**...युवा क्लब, सेरेंगदाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय युवा मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का सफलतापूर्वक समापन, 32 टीमों ने लिया भाग**

**लोहरदगाः** सेरेंगदाग खनन क्षेत्र अंतर्गत युवा क्लब, सेरेंगदाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय युवा मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता को हिंडाल्को सेरेंगदाग द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में लोहरदगा, भंडरा, सेन्हा, घाघरा, पेशरार, गुमला, बिशुनपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों की कुल 32 टीमों ने भाग लिया।फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए युवा फुटबॉल क्लब, सेन्हा ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। सरना फुटबॉल क्लब, जालिम उपविजेता रहा। वहीं फुटबॉल क्लब, इंटा ने तृतीय तथा ऑल इंडिया, **तुईमु-चिरोपाट ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजिट टीम को जर्सी, फुटबॉल,** मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किए गए।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि अखिलेश सिन्हा, सीनियर मैनेजरझाइंस रहे। विशेष अतिथि के रूप में ऋषभ गौरव, मैनेजरझाइंस उपस्थित रहे। समारोह में मुखिया तियू, अरक्क सेरेंगदाग पुलिस पिकेट, रामजी प्रसाद सिंह, अरक्क सेरेंगदाग पुलिस पिकेट, बिरेंद्र उरांव, पूर्व मुखिया तुईमु, अभय तांती, सहायक प्रबंधक तथा अभय भारती, सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष, सचिव, पूर्व सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।अतिथियों जिनमें अखिलेश सिन्हा एवं ऋषभ गौरव व रामजी प्रसाद सिंह आदि ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करते हैं। खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में युवा क्लब, सेरेंगदाग एवं आयोजन समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। हिंडाल्को सीएसआर, सेरेनदाग द्वारा ग्रामीण युवाओं की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता को सहयोग प्रदान किया गया।प्रतियोगिता के दौरान महिला समितियों द्वारा छोटे छोटे दुकान स्वरूप स्टॉल लगाकर पारंपरिक उत्पादों की बिक्री किए।

**कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिता**

कार्यक्रम के आयोजन में समिति के अध्यक्ष राजेश उरांव, रामविलासउरांव, शिव लाल उरांव, राजकुमार, मनीष उरांव, बिपति उरांव, ब्रजकिशोर उरांव, बाबुलाल उरांव, पवन, मनोज, जीवन, दिनेश, संदीप, बीरेंद्र, पंकज उरांव, सुरेश उरांव, अनिल असुर, केशवर असुर, बिलास, दीपायन, आनंद, बाले असुर, सुना, मुन्ना, दिनेश उरांव, केशवर उरांव समेत समिति के युवा एवं पूर्व खिलाड़ीगण महत्वपूर्ण सहयोग किए।

# रक्तदान में आगे आए पाकुड़ पुलिस के अधिकारी और जवान, 26 पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**एसपी अनुदीप सिंह ने कहा– जरूरतमंदों के लिए रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम, जिलेवासियों से भी आगे आने की अपील**




**पाकुड़।** जिले में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने और रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग, पाकुड़ के सहयोग से शुक्रवार को सदर अस्पताल में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के दौरान जिले के 26 पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने रक्तदान किया। पुलिस अधिकारियों एवं जवानों द्वारा रक्तदान किए जाने से शिविर में मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य लोगों में भी उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी अथवा ऑपरेशन जैसी परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में रक्त की उपलब्धता किसी व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा आयोजित विशेष रक्तदान अभियान के तहत अधिकारी और जवान स्वयं आगे आकर रक्तदान कर रहे हैं। उन्होंने जिले के लोगों से भी अपील की कि वे इस मानवीय कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और स्वेच्छा से रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद परिवार के लिए उम्मीद की किरण बन सकता है।पुलिस विभाग की ओर से लोगों से 24 एवं 28 सितंबर को आयोजित होने वाले विशेष रक्तदान शिविरों में भी अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सकेगा, बल्कि समाज में मानवता और सहयोग की भावना भी मजबूत होगी।शिविर के माध्यम से पुलिस विभाग ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ पुलिसकर्मी सामाजिक सरोकारों में भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना और रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना है।

# हिंदी सेवा का अमित दृष्टांत



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

पिछले एक वर्ष में माननीय गृह मंत्री जी के नेतृत्व में राजभाषा विभाग ने हिंदी के साथ-साथ भारतीय भाषाओं के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। जून 2025 में भारतीय भाषा अनुभाग की शुरूआत हुई। इसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं के बीच संवाद बढ़ाना और उन्हें तकनीक तथा प्रशासन से जोड़ना है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की हिंदी सेवा एक नहीं, अनेक दृष्टियों से ध्यान देने योग्य है। मूलतः गुजरातीभाषी श्री शाह स्वयं हिंदी में काम करते हैं, इसलिए स्वाभाविक तौर पर हिंदी में सरकारी कामकाज बढ़ा है। श्री शाह के कारण सरकारी पत्रावलियां हिंदी में बनती हैं। श्री शाह के मार्गदर्शन में केंद्रीय गृह मंत्रालय राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं, अनुवाद-कार्य और हिंदी-सलाहकार समितियों के माध्यम से लगातार प्रयासरत है। श्री शाह हिंदी को प्रशासन, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, पत्रकारिता और उच्च ज्ञान-विमर्श की भाषा बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण सामग्री, आधुनिक शब्दावली और अनुवाद की मजबूत व्यवस्था की अनवरत हिमायत करते हैं। हिंदी के प्रति अमित शाह का लगाव केवल औपचारिक राजभाषा-नीति तक सीमित नहीं दिखाई देता। वर्ष 2019 में हिंदी दिवस के अवसर पर उन्होंने हिंदी को स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना से जोड़ा था। गत वर्ष 2025 में भी श्री शाह ने हिंदी दिवस पर आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में हिंदी के संवर्धन से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर बल दिया था। पिछले एक वर्ष में माननीय गृह मंत्री जी के नेतृत्व में राजभाषा विभाग ने हिंदी के साथ-साथ भारतीय भाषाओं के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। जून 2025 में भारतीय भाषा अनुभाग की शुरूआत हुई। इसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं के बीच संवाद बढ़ाना और उन्हें तकनीक तथा प्रशासन से जोड़ना है। इस पहल से राजभाषा विभाग के काम का दायरा भी व्यापक हुआ है। विभाग ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों यानी नराकासों के काम को प्रोत्साहित करने के लिए ह्यनराकास प्रोत्साहन सम्मानव्ह की व्यवस्था भी शुरू की है। इससे उन नराकासों को आगे आने का अवसर मिलेगा, जो अपने क्षेत्र में राजभाषा के काम को बेहतर ढंग से आगे बढ़ा रही हैं। तकनीक के क्षेत्र में भी राजभाषा विभाग



ने नई पहल की है। ह्यभारती - बहुभाषी अनुवाद सारथीव्ह के माध्यम से हिंदी से भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद को आसान बनाने की दिशा में काम हुआ है। इसके साथ ह्यहिंदी शब्द-सिंधुव्ह जैसे शब्दकोश को भी विकसित किया गया है। ह्यहिंदी शब्द-सिंधुव्ह में विभिन्न भारतीय भाषाओं के शब्दों को शामिल किया जा रहा है। इसका उद्देश्य हिंदी को दूसरी भारतीय भाषाओं से जोड़ना है, न कि उनसे अलग करना। इन प्रयासों से साफ है कि राजभाषा का काम अब केवल सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग तक सीमित नहीं है। यह भाषा, तकनीक और भारतीय भाषाओं के बीच नए संबंध बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

श्री शाह के हिंदी प्रेम का एक उल्लेखनीय पक्ष यह भी है कि वे हिंदी को भारतीय भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय उनके साथ चलने वाली भाषा के रूप में देखते हैं। अमित शाह का हिंदी प्रेम हिंदी के विकास के साथ भारतीय भाषाओं के सम्मान और संरक्षण के रूप में आगे बढ़ता है। कहना न होगा कि यह दृष्टि भारतीय भाषायी एकता को मजबूत करनेवाली है। हिंदी की वास्तविक शक्ति उसकी आत्मीयता, समावेशिता और संवादधर्मिता में है। भारत में हिंदी का विस्तार तभी सार्थक होगा, जब वह दूसरी भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान और संवाद का भाव लेकर आगे बढ़े। हिंदी का भारतीय भाषाओं से संबंध वर्चस्व का नहीं, आदान-प्रदान का होना चाहिए। भारतीय भाषाओं का इतिहास भी प्रतिस्पर्धा का इतिहास नहीं, बल्कि परस्पर आदान-प्रदान का इतिहास है। हिंदी ने दूसरी भारतीय भाषाओं से असंख्य शब्द, मुहावरे, साहित्यिक संस्कार और विचार ग्रहण किए हैं। दूसरी ओर हिंदी के माध्यम से भी अनेक भारतीय भाषाओं का साहित्य व्यापक पाठक वर्ग तक पहुँचा है। इसलिए हिंदी को संपर्क और सेतु की भाषा के रूप में विकसित किया जा सका है। श्री शाह का यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है कि हिंदी की समृद्धि भारतीय भाषाओं की समृद्धि से जुड़ी है। भारतीय भाषाओं की विविधता का सम्मान बनाए रखना ही भारत की भाषायी वास्तविकता के अनुरूप है। श्री अमित शाह का यह विचार आज विशेष रूप से प्रासंगिक है। श्री शाह के लिए हिंदी का समर्थन किसी एक क्षेत्रीय पहचान का विस्तार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर संचार की एक साझा भाषा को मजबूत करने का प्रयास है। भारत की भाषायी परंपरा में हिंदी का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि उसे देश के बड़े भूभाग में समझा और बोला जाता है, बल्कि इसलिए भी है कि उसने विभिन्न प्रदेशों, समुदायों और भाषायी संस्कृतियों के बीच संवाद का माध्यम बनने की ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन अनुवाद, सोशल मीडिया और डिजिटल प्रकाशन के दौर में हिंदी के सामने अभूतपूर्व अवसर हैं। यदि हिंदी में उच्चस्तरीय वैज्ञानिक, तकनीकी, दार्शनिक और सामाजिक विज्ञान संबंधी सामग्री का पर्याप्त निर्माण होता है, तो वह ज्ञान की भाषा के रूप में अपनी भूमिका और मजबूत कर सकती है। साथ ही यही तकनीक अन्य भारतीय भाषाओं के विकास के लिए भी इस्तेमाल की जानी चाहिए।

श्री शाह उन गुजरातीभाषी मनीषियों की पांत में आ गए हैं जिनमें स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह तक की हिंदी के प्रति आग्रह की एक ऐसी परंपरा दिखाई देती है, जिसमें हिंदी को राष्ट्रीय संवाद और जनजागरण की भाषा बनाने की आकांक्षा प्रमुख रही है। इतिहास हिंदी के अनेक हिंदीतरभाषियों ने अपने विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए हिंदी को अपनाया। दयानंद सरस्वती ने संस्कृत के प्रकांड विद्वान होने के बावजूद अपने सामाजिक और धार्मिक सुधार के संदेश को केवल संस्कृत के विद्वत वर्ग तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने जनसाधारण तक पहुँचने के लिए हिंदी का सहारा लिया। उनकी प्रसिद्ध कृति सत्यार्थ प्रकाश मूलतः हिंदी में लिखी गई। इसी तरह महात्मा गांधी मूलतः गुजरातीभाषी थे किंतु हिंदी में अखबार निकाले और हिंदी के महत्व को एक अलग राजनीतिक और राष्ट्रीय संदर्भ प्रदान किया। दक्षिण भारत में हिंदी के प्रचार के लिए उन्होंने अपने पुत्र देवदास गांधी को भेजा और 1918 में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना के प्रयासों को आगे बढ़ाया।

वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक संवाद में हिंदी का व्यापक प्रयोग दिखाई देता है। वे देश-विदेश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों से संवाद करते हुए हिंदी का प्रयोग करते हैं और भारतीय भाषाओं के महत्व पर भी जोर देते रहे हैं। दयानंद सरस्वती, गांधी, नरेंद्र मोदी और अमित शाह - इन चारों की हिंदी संबंधी दृष्टियों को एक साथ देखने पर हिंदी के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण सूत्र निकलता है: हिंदी जितनी जनभाषा होगी, उतनी ही प्रभावी होगी; जितनी समावेशी होगी, उतनी ही स्वीकार्य होगी; और जितनी भारतीय भाषाओं से जुड़ेगी, उतनी ही समृद्ध होगी।

## आज का राशिफल



**स्वामी रत्नेश जी**
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे. अगर आप पार्टी करने की सोच रहे हैं, तो अपने अपने अच्छे दोस्तों को बुलाएँ.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी. रात को ऑफिस से घर आते वक्त आज आपको सावधानी से वाहन चलाना चाहिए।

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं क्योंकि आप उनको पर्याप्त समय नहीं दे पाते.

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे।

## वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। ह्यद लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस सम्बंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्युदर का आंकड़ा काफी चिन्ताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परम्परा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परम्परा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं, "तीव्र गति अनुभव में आती है लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शतेमे सोमा अरंकृता"-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरेक प्राणी का प्राण हैं लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.10.168.4) बड़ी बात है देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राणलेवा बनाते हैं।

सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें "वायु" प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रहमासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है, आप प्रत्यक्ष ब्रह्म है, मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मन्त्र यजुर्वेद (36.9) अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म सम्पूर्णता है। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, 'वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हरेक रूप रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है, प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं "आदित्य ह वै प्राणौ"-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है।

वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन "मरूद्गण" कहते हैं। वे सम्पूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना




चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुन्दर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य"-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अन्तर्सम्बंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है "हे मरूतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी" ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु है। पूछते हैं "मरूद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं?" (1.165.1-2) फिर मरूतों का स्वभाव बताते हैं "वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है।" कहते हैं, "वे गतिशील मरूद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं।" (1.167.4) यहां मरूद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरूतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं "आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।" (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है "हे मरूतो आप दूरस्थ क्षेत्रो में न रुकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आयें।" (5.53.8) ऋषि कहते हैं "रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।" (वही 10) वे "नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।" (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रुकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं "हे मरूतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।" (5.54.4) वायु जगत का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं, जीवनदाता भी हैं। वाुय से वर्षा है, वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रन्थ है। इसके 28वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है "वायुरायुर्बलं वायुवार्यु धार्ता शरीरिणाम"-वायु ही आयु है।

## शुद्धि आंदोलन के अग्रदूत स्वामी श्रद्धानंद

भारत में आज जो मुसलमान हैं, उन सबके पूर्वज हिन्दू ही थे। उन्हें अपने पूर्वजों के पवित्र धर्म में वापस लाने का सर्वाधिक सफल प्रयास स्वामी श्रद्धानन्द ने किया। संन्यास से पूर्व उनका नाम मुंशीराम था। उनका जन्म 1856 में ग्राम तलबन (जिला जालन्धर, पंजाब) में एक पुलिस अधिकारी नानकचन्द जी के घर में हुआ था। 12 वर्ष की अवस्था में ही उनका विवाह हो गया। बरेली में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द के प्रवचनों से वे अत्यन्त प्रभावित हुए। उन्होंने अस्पृश्यता तथा जातीय भेदभाव के विरुद्ध प्रबल संघर्ष करते हुए अपनी पुत्री अमृतकला तथा पुत्रों पंडित हरिश्चन्द्र विद्यालंकार व पंडित इन्द्र विद्यावाचस्पति का अंतरजातीय विवाह किया। 1917 में संन्यास लेने पर उनका नाम स्वामी श्रद्धानन्द हो गया। स्वामी जी और गांधी जी एक दूसरे से बहुत प्रभावित थे। 30 मार्च, 1919 को चांदनी चौक, दिल्ली में रौलट एक्ट के विरुद्ध हुए सत्याग्रह का नेतृत्व स्वामी श्रद्धानंद जी ने ही किया। वहां सैनिकों ने सत्याग्रहियों पर लाठियां बरसायीं। इस पर स्वामी जी उनसे भिड़ गये। सैनिक अधिकारी ने उनका सीना छलनी कर देने की धमकी दी। इस पर स्वामी जी ने अपना सीना खोल दिया। सेना डर कर पीछे हट गयी।

स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लेने के कारण उन्हें एक वर्ष चार माह की सजा दी गयी। जेल से आकर वे अछूतोद्धार तथा मुसलमानों के शुद्धिकरण में लग गये। 1924 में शुद्धि सभा की स्थापना कर उन्होंने 30,000 मुस्लिम (मलकाना राजपूतों) को फिर से हिन्दू बनाया। इससे कठमुल्ले नाराज हो गये; पर स्वामी जी निर्भीकता से परावर्तन के काम में लगे रहे।

1924 में स्वामी जी अखिल भारत हिन्दू महासभा के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। मुसलमानों में देशप्रेम जगाने के लिए खिलाफत आन्दोलन के समय वे चार अप्रैल, 1919 को दिल्ली की जामा मस्जिद में भाषण देने गये। स्वामी जी ने हरिद्वार के पास 21 मार्च, 1902 को होली के शुभ अवसर पर ह्यगुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की। इसके लिए नजीबाबाद (जिला बिजनौर, उ.प्र.) के चौधरी अमनसिंह ने 120 बीघे भूमि और 11,000 रु. दिये।

इसकी व्यवस्था के लिए स्वामी श्रद्धानंद जी ने अपना घर बेच दिया और सर्वप्रथम अपने दोनों लड़कों को प्रवेश दिलवाया। उन्होंने जालन्धर और देहरादून में कन्या पाठशाला की भी स्थापना की। जलियाँवाला बाग नरसंहार के बाद जब पंजाब में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन करने का निर्णय हुआ, तो भयवश कोई कांग्रेसी उसका स्वागताध्यक्ष बनने को तैयार नहीं था। ऐसे में स्वामी श्रद्धानन्द जी आगे आये और 1920 में अमृतसर में अधिवेशन हो सका। इसमें स्वामी जी ने हिन्दी में भाषण दिया। इससे पूर्व अधिवेशनों में अंग्रेजी में भाषण होते थे। इसी प्रकार भाई परमानन्द और लाला लाजपतराय जी निर्वासन के बाद जब स्वदेश लौटे, तो स्वामी जी ने लाहौर में उनका सम्मान जुलूस निकलवाया। स्वामी जी द्वारा प्रारम्भ परावर्तन का कार्य क्रमशः पूरे देश में जोर पकड़ रहा था। भारत के मुस्लिमों में अपने देश, धर्म और पूर्वजों का अभिमान जाग्रत होते देख कुछ मुस्लिम नेताओं ने उनके विरुद्ध फतवा जारी कर दिया। 23 दिसम्बर, 1926 को अब्दुल रशीद नामक एक कट्टरपन्थी युवक ने उनके सीने में तीन गोलियाँ उतार दीं। स्वामी जी के मुख से ह्यओम्व्ह की ध्वनि निकली और उन्होंने प्राण त्याग दिये।

## मजबूत होता सामाजिक सुरक्षा कवच

भविष्य निधि वह भरोसा है कि वर्षों के परिश्रम की पूंजी जरूरत पड़ने पर कामगार और परिवार के साथ खड़ी होगी।

केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया है। कामगारों की सामाजिक सुरक्षा के विस्तार की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। सरकार के अनुसार, इससे करीब 51 लाख अतिरिक्त कर्मचारी अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा यानी भविष्य निधि के दायरे में आ सकेंगे। इससे कर्मियों के भविष्य निधि में नियोक्ताओं के अंशदान में भी वृद्धि होगी। महीने की पहली तारीख को वेतन मिलते ही एक आम कामगार के सामने कई जरूरतें कतार में खड़ी होती हैं। जैसे कि घर का किराया, राशन, बच्चों की स्कूल फीस, बिजली-पानी के बिल और घर के दूसरे खर्च। आज की कमाई से आज का घर चलाना उसकी पहली चिंता होती है, लेकिन एक सवाल हर महीने उसके साथ घर लौटता है कि कल का क्या होगा? बीमारी आ गई, काम प्रभावित हुआ या उम्र ढलने लगी तो परिवार का सहारा कौन बनेगा? सामाजिक सुरक्षा का असली अर्थ इसी अनिश्चितता को कम करना और मेहनतकश व्यक्ति को भविष्य के प्रति भरोसा देना है।इस बदलाव की जरूरत को समझने के लिए पिछले एक दशक में हुए परिवर्तनों पर नजर डालना पर्याप्त है। अनिवार्य कवरेज की मौजूदा सीमा वर्ष 2014 में 15,000 रुपये निर्धारित की गई थी। तब से भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार और जीवन-यापन की लागत बढ़ी है। विनिर्माण, लाजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र में काम शुरू करने वाले ऐसे कर्मचारियों की संख्या बढ़ी है, जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक है। पुरानी सीमा के कारण इनमें से एक वर्ग अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर रह जाता था। यह अंतर केवल वेतन का नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा का भी था। एक ही कार्यस्थल पर काम करने वाले दो कर्मचारियों की आय में मामूली अंतर होने पर उनके सामाजिक सुरक्षा कवरेज में अंतर पैदा हो रहा था। नई सीमा अधिक संख्या में युवा और मध्य आय वर्ग के कामगारों को औपचारिक सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था से जोड़ने का अवसर देती है। इससे सामाजिक सुरक्षा का दायरा व्यापक होने के साथ कामगारों के भविष्य का संस्थागत आधार भी मजबूत होगा।इस बदलाव का व्यावहारिक पक्ष भी है। जैसे कि भविष्य निधि में कर्मचारी का अंशदान होने से उसके हाथ में आने वाले मासिक वेतन में कुछ कमी हो सकती है, लेकिन भविष्य निधि की मूल अवधारणा ही वर्तमान आय के एक हिस्से को भविष्य की वित्तीय सुरक्षा में बदलने की है। कर्मचारी के अंशदान के साथ नियोक्ता का योगदान भी जुड़ता है और समय के साथ यही राशि सेवानिवृत्ति के बाद उसका आर्थिक संबल बनती है। लेकिन सामाजिक सुरक्षा का विस्तार केवल कवरेज बढ़ाने से पूरा नहीं होगा। कामगारों को इसका लाभ आसानी और सम्मान के साथ मिले, यह भी उतना ही जरूरी है। पिछले वर्षों में ईपीएफओ की सेवाओं में डिजिटल माध्यमों, यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) और आनलाइन सेवाओं का विस्तार हुआ है। इससे भविष्य निधि और पेंशन से जुड़ी अनेक प्रक्रियाएं सहज हुई हैं। तकनीक की सफलता तभी है, जब वह कामगारों के लिए व्यवस्था भी सरल बनाए।जैसे-जैसे अधिक कामगार औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनेंगे, वैसे-वैसे ऐसी संस्थागत व्यवस्थाओं की जरूरत बढ़ेगी, जो वर्तमान रोजगार से आगे उनके भविष्य को भी सुरक्षा दें। भविष्य निधि सिर्फ जमा की गई रकम नहीं, बल्कि उस भरोसे का नाम है कि वर्षों की मेहनत की कमाई जरूरत के समय कामगारों और उनके परिवार के साथ खड़ी होगी।



# JDU के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नहीं पहुंचे अनंत सिंह, एक मंच पर दिखे नीतीश-निशांत, चल रही है बैठक

**पटना (एजेंसी)** जेडीयू की एक खास बैठक शुक्रवार को बुलाई गई है. पार्टी के विधायकों और विधान पार्षदों की मौजूदगी में जेडीयू ऑफिस में बैठक चल रही है. इस बैठक में मोकामा के विधायक अनंत सिंह नहीं पहुंचे हैं. इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने के कयास लगाए जा रहे हैं. नीतीश कुमार की अध्यक्षता में जेडीयू के विधायकों और विधान पार्षदों की बैठक चल रही है. यह बैठक पार्टी मुख्यालय के कपूरी सभागार में चल रही है. इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया. इस दौरान नीतीश कुमार और मंत्री निशांत कुमार एक मंच पर दिखे. संसदीय कार्यप्रणाली के एक्सपर्ट भी शामिल इस मौके पर जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार के अलावा पार्टी के अन्य कई नेता शामिल हुए. जानकारी के मुताबिक, कार्यक्रम में संसदीय कार्यप्रणाली के एक्सपर्ट को भी बुलाया गया है. यह कार्यक्रम पूरे दिन चलने की बात कही जा रही है. कार्यक्रम में नहीं पहुंचे अनंत सिंह जेडीयू के ओरिएंटेशन कार्यक्रम को लेकर गौर करने वाली बात यह भी रही कि मोकामा के विधायक अनंत सिंह इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं. एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में पार्टी के सभी विधायकों और पार्षदों को मौजूद रहना अनिवार्य कहा जा रहा था, लेकिन अनंत सिंह के इसमें शामिल नहीं होने से कई तरह की चर्चा तेज हो गई है. इन मुद्दों पर दी जा सकती है ट्रेनिंग इस कार्यक्रम को लेकर बताया जा रहा है कि मुख्य रूप से विधायकों और विधान पार्षदों को ट्रेनिंग दी जाएगी. नेताओं को विधायी जिम्मेदारी, सदन की कार्यवाही, क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को सदन में कैसे उठाया जाए, कानून कैसे बनता है, नए विधायी बदलाव, बजट और राज्य की अर्थव्यवस्था को लेकर ट्रेनिंग मिलने की बात सामने आई थी. मंत्री जमा खान का बयान ओरिएंटेशन कार्यक्रम को लेकर जेडीयू कोटे से मंत्री जमा खान ने कहा, हमारी पार्टी के मीटिंग होती रहती है. अनंत सिंह के नहीं आने पर कहा कि कोई नाराजगी नहीं है. ऐसी बातें सिर्फ बाहर रहने वाले लोग करते हैं.

# पटना सिविल कोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी, खाली कराया जा रहा परिसर, सर्च ऑपरेशन शुरू



**पटना (एजेंसी)** पटना सिविल कोर्ट को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है. इस सूचना से हड़कंप मच गया है और पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो ई हैं. कोर्ट परिसर को खाली कराकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. पटना सिविल कोर्ट को शुक्रवार को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद न्यायिक परिसर में हलचल मच गई. सूचना मिलते ही कोर्ट परिसर को खाली कराया गया और मुख्य गेट बंद कर लोगों की आवाजाही रोक दी गयी. पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने पूरे परिसर में सर्च ऑपरेशन शुरू किया. कोर्ट भवन, पार्किंग और आसपास के हिस्सों की भी जांच की जा रही है. धमकी मिलते ही खाली कराया गया कोर्ट परिसर पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सूचना के बाद सुरक्षा एजेंसियां तत्काल सक्रिय हो गयीं. एहतियात के तौर पर न्यायिक परिसर को खाली कराया गया और लोगों की आवाजाही रोक दी गयी. मुख्य गेट भी बंद कर दिया गया.बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने संभाला मोर्चा धमकी के बाद पुलिस के साथ बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड को कोर्ट परिसर में तैनात किया गया. टीमों ने कोर्ट भवन के अलग-अलग हिस्सों की जांच शुरू की. पार्किंग और आसपास के क्षेत्रों में भी संदिग्ध वस्तुओं की तलाश की जा रही है. पूरे परिसर में चल रहा सर्च ऑपरेशन सुरक्षा टीमों की ओर से पूरे न्यायिक परिसर की सघन तलाशी ली जा रही है. जांच पूरी होने तक परिसर में प्रवेश पर रोक लगायी गयी है. फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां धमकी की सूचना को लेकर सभी जरूरी सावधानियां बरत रही हैं. पहले भी मिल चुकी हैं कोर्ट को धमकियां पटना की अदालतों को इससे पहले भी ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं. जनवरी 2024 में पटना हाईकोर्ट को धमकी भरा ई-मेल मिला था. पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने परिसर की जांच की थी, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी. 2025 में भी सिविल कोर्ट को मिली थी धमकी अगस्त 2025 में पटना सिविल कोर्ट को ई-मेल के जरिए आरडीएक्स-आईईडी विस्फोट की धमकी दी गयी थी. इसके बाद कोर्ट परिसर में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया और सुरक्षा बढ़ायी गयी थी

# बिहार में 161 एकड़ में बनेगा नया एयरपोर्ट, वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा, भेजा गया प्रस्ताव

**पटना (एजेंसी)** बिहार में अब एयर कनेक्टिविटी मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है. इसी क्रम में कैमूर जिले में एयरपोर्ट बनाए जाने की योजना है. खास बात यह है कि कैमूर में बनने वाला एयरपोर्ट वाराणसी-एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा. इससे लोगों को राहत मिल सकेगी. बिहार के कैमूर जिले में एयरपोर्ट बनाने को लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है. इससे कैमूर जिले के साथ-साथ इसके आस-पास के जिले में रह रहे लोगों को भी फायदा हो सकेगा. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने खुद ही कुछ महीने पहले ही कैमूर जिले में एयरपोर्ट बनाए जाने की बात कही थी. मुख्यमंत्री ने खुद किया था ऐलान कैमूर जिले के मां मुंडेश्वरी धाम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इसी कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट बनाए जाने की बात कही थी. सीएम के इस



ऐलान के बाद जिला प्रशासन एक्शन मोड में है. एयरपोर्ट निर्माण के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है. एयरपोर्ट बनाने के लिए जमीन का चयन भी कर लिया गया है. कैमूर जिले में पर्यटन को बढ़ावा कैमूर जिले में एयरपोर्ट का बनना इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि जिले में पर्यटन को खास तौर पर बढ़ावा मिल सकेगा. एयरपोर्ट के बनने से पूरे शाहाबाद इलाके में कनेक्टिविटी मजबूत हो सकेगी. कैमूर जिले में कई डैम और वॉटरफॉल हैं, जहां काफी संख्या में लोग घूमने पहुंचते हैं. कैमूर जिले में प्रसिद्ध मां मुंडेश्वरी धाम, तेलहर कुंड, दुर्गावदी जलाशय डैम, करकटगढ़ वॉटरफॉल, करमचट डैम, जगदहवा डैम समेत कई घूमने की जगहें हैं, जहां लोग अब आसानी से पहुंच सकेंगे. सरकार को भेजा गया प्रस्ताव जानकारी के मुताबिक, वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे के पास में ही कैमूर एयरपोर्ट बनेगा. यह इस प्रोजेक्ट की खासियत मानी जा रही है. एक्सप्रेसवे के पास में ही लगभग 161 एकड़ की जमीन चिन्हित की गई है. कैमूर जिला प्रशासन की ओर से इस जमीन पर एयरपोर्ट बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है. इस पर मंजूरी मिलने के बाद ही आगे की प्रक्रिया की जाएगी. बिहार से जुड़ी अन्य ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें इस इलाके में जमीन चिन्हित बताया जा रहा है कि जिला प्रशासन की ओर से रामपुर प्रखंड के रामपुर, सबार एवं पाली मौजा में 161 एकड़ की जमीन को चिन्हित किया गया है. इस योजना को लेकर कैमूर के डीएम ने हाल ही में अधिकारियों के साथ बैठक की थी. लेकिन फिलहाल मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है. प्रस्ताव स्वीकृत होने पर ही एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा. कैमूर जिले को फायदा कैमूर जिले में एयरपोर्ट का निर्माण बेहद खास माना जा रहा है. इससे जिले के बुनियादी ढांचे में सुधार, रोजगार, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिल सकेगा. साथ ही कैमूर जिले का जुड़ाव दूसरे राज्यों से आसानी से हो सकेगा. पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी भी हो सकेगी. इस तरह से जिले को एक नई पहचान मिल सकती है.

# सर मैं जिंदा हूं... मरने का नाटक किया था..., पढ़िए कैसे युवक ने खुद रची हत्या की साजिश

**पटना (एजेंसी)** सोचिए, आप जिसे मरा हुआ मान रहे थे, वो खुद थाने पहुंच जाए! बिहार में एक ऐसे ही सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है, जहां एक युवक ने अपने प्रेम-प्रसंग को बचाने के लिए अपनी ही हत्या की झूठी साजिश रची थी. बिहार पुलिसः मुजफ्फरपुर के देवरिया थाना क्षेत्र में दर्ज करीब चार साल पुराने हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है. पुलिस के अनुसार, जिस सोनू कुमार को मृत मानकर हत्याकांड दर्ज किया गया था, वह शुक्रवार को थाने पहुंच गया. जांच में पुलिस को पता चला कि उसने प्रेम-प्रसंग को बचाये रखने के लिए अपनी हत्या की झूठी साजिश रची थी. मामला वर्ष 2022 का है. गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र निवासी धीरज प्रसाद श्रीवास्तव ने 9 नवंबर 2022 को थावे थाने में आवेदन दिया था. उन्होंने बताया था कि उनके छोटे भाई सोनू कुमार 6 नवंबर को दुकान का सामान खरीदने के लिए 50 हजार रुपये लेकर पटना निकले थे. मोबाइल पर आया था हत्या का संदेश



पुलिस के अनुसार, उसी दिन शाम करीब पांच बजे सोनू के मोबाइल से व्हाट्सऐप पर एक ऑडियो प्राप्त हुआ था. इसमें किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रुपये से भरा बैग छीनने और सोनू की हत्या कर देने की जानकारी दी गयी थी. साथ में खून से लथपथ सिर की तस्वीर भी भेजे जाने की बात कही गयी. आवेदन के आधार पर थावे थाना में शून्य प्राथमिकी दर्ज कर मामला देवरिया थाना भेजा गया. इसके बाद देवरिया थाना में कांड संख्या 25/23 दर्ज कर हत्याकांड की जांच शुरू की गयी. प्रेम-प्रसंग को बचाने के लिए रची साजिश मामले की जांच के लिए एसएसपी मुजफ्फरपुर के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गयी थी. एसपी ग्रामीण के अनुश्रवण और एसडीपीओ सरैया के नेतृत्व में टीम ने मानवीय और तकनीकी पहलुओं से जांच शुरू की. पुलिस के अनुसार, आगे की जांच में सामने आया कि कथित मृतक सोनू कुमार ने अपने प्रेम-प्रसंग को जारी रखने के लिए खुद की हत्या की झूठी कहानी तैयार की थी. जांच में यह भी पता चला कि 6 नवंबर 2022 को ही वह संबंधित युवती को लेकर दूसरे राज्य चला गया था. युवती की मां ने भी दर्ज कराया था

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार में राशन कार्ड बनवाने के लिए जानिए नया नियम, बिना इस प्रोसेस के नहीं मिलेगा अनाज, पुराने आवेदकों के लिए भी अनिवार्य

**पटना (एजेंसी)** बिहार के लाखों राशन कार्डधारियों से जुड़ी जरूरी खबर है. अब उनके लिए राशन लेना पहले की तरह आसान नहीं रह गया है. अब राशन कार्ड बनवाने के लिए ई-केवाईसी कराना जरूरी होगा. ऐसा नहीं करने पर राशन भी नहीं मिल सकता है. बिहार में राशन कार्डधारियों के लिए राशन लेना पहले से मुश्किल हो सकता है. राज्य के बिहार खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से राशन कार्ड बनाने के नियम में थोड़ा बदलाव किया गया है. इस नए बदलाव के मुताबिक, राशन कार्डधारियों को अब ई-केवाईसी (e-KYC) कराना जरूरी होगा. ई-केवाईसी कराना होगा अनिवार्य जानकारी के मुताबिक, राशन कार्ड बनवाने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य होगा. ऐसा करने पर ही आवेदन कर सकेंगे और कार्ड बन पाएगा. इतना ही नहीं, पुराने आवेदकों को भी ई-केवाईसी कराना जरूरी होगा. जिन भी राशन कार्डधारियों ने ई-केवाईसी नहीं कराया है, उनका राशन रुक सकता है. इसलिए पहले ही सूचना जारी कर दी गई है. लोगों के बीच फैलाई जा रही जागरुकता आपूर्ति विभाग और अधिकारियों की ओर से इस नए नियम को लेकर लोगों के बीच जागरुकता फैलाई जा रही है. उनसे अपील की जा रही है कि जल्द से जल्द ई-केवाईसी करा लें, ताकि राशन लेने में कोई परेशानी नहीं हो. पुराने नियम के मुताबिक, ऑनलाइन आवेदन जमा किए जाते थे. आवेदन का सत्यापन किया जाता था. इसके बाद राशन कार्ड बना दिया जाता था. बिहार से जुड़ी अन्य ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें इस तरह कराना होगा ई-केवाईसी लेकिन नए नियम के मुताबिक, ई-केवाईसी जरूरी होगा. यानी कि ऑनलाइन आवेदन किए जाने के बाद आवेदक और परिवार के सदस्यों को जन वितरण प्रणाली (PDS) डीलर के पास जाना होगा और वहां ई-पॉश मशीन के जरिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करानी होगी. इसके लिए आधार कार्ड के साथ बायोमेट्रिक सत्यापन या फिर फेसियल ऑथेंटिकेशन के माध्यम से पहचान सुनिश्चित की जाएगी. राने आवेदकों के लिए भी अनिवार्य यहां गौर करने वाली बात यह है कि सह नियम सिर्फ नए आवेदक के लिए नहीं बल्कि पुराने आवेदकों पर भी लागू होगी. विभाग के अधिकारियों की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि ऐसे आवेदक जिन्होंने पहले ऑनलाइन आवेदन किया था लेकिन अब भी राशन कार्ड नहीं मिला है, उन्हें ई-केवाईसी कराना होगा. बिना इस प्रोसेस के आवेदन पेंडिंग ही रहेगा और राशन कार्ड नहीं मिलेगा. यह प्रक्रिया पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से अपनाए जाने की बात कही जा रही है.

### पैक्स अध्यक्ष उम्मीदवार से 50 लाख की रंगदारी और जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने रामकृष्णा नगर से दबोचा

**पटना (एजेंसी)** पटना में 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. जानिए इस सनसनीखेज मामले का पूरा अपडेट. पटना में 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में बिहार  और पटना जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रद्युम्न कुमार धनरुआ थाना कांड संख्या 628/26 में फरार चल रहा था. उसे रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र से छापेमारी के दौरान पकड़ा गया. पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल सिम बरामद किया है. 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने का आरोप पुलिस के अनुसार, धनरुआ थाना क्षेत्र में एक भूमि कारोबारी, पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार और उनके पुत्र को अज्ञात कॉल के जरिए जान से मारने की धमकी दी गयी थी. इसके साथ ही उनसे 50 लाख रुपये रंगदारी की मांग किए जाने की शिकायत दर्ज करायी गयी थी. 10 सितंबर को दर्ज हुई थी प्राथमिकी मामले में 10 सितंबर को धनरुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. पुलिस के अनुसार, केस बीएनएस की धारा 308(3), 308(4) और 351(1) के तहत दर्ज किया गया. प्राथमिकी के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और कॉल से जुड़े सुरागों को खंगाला. रामकृष्णा नगर से आरोपी गिरफ्तार जांच के दौरान पुलिस को प्रद्युम्न कुमार की कथित संलिप्तता से जुड़े साक्ष्य मिले. इसके बाद बिहार  और पटना जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र में छापेमारी की.

# बिहार पुलिस ड्राइवर परीक्षा में धांधली का आरोप, टाइमिंग को लेकर अभ्यर्थियों का दावा, हजारों की संख्या में पटना पहुंचे छात्र

**पटना (एजेंसी)** बिहार पुलिस ड्राइवर भर्ती परीक्षा के हजारों अभ्यर्थी गर्दनीबाग में अपनी मांगों को लेकर जुटे हैं. वे भर्ती प्रक्रिया में महिला आरक्षित सीटों के आवंटन और ड्राइविंग टेस्ट की टाइमिंग को लेकर गंभीर सवाल उठा रहे हैं. अभ्यर्थियों की मांग है कि प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाए. पटना में एक बार फिर अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है. पटना के गर्दनीबाग में बिहार पुलिस ड्राइवर भर्ती के हजारों अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर पहुंचे. अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में सीटों के आवंटन और ड्राइविंग टेस्ट की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाए. उनका कहना है कि प्रक्रिया में सामने आ रही समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए. महिला आरक्षित सीटों को लेकर उठाई मांग प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित करीब 1200 से 1300 सीटें खाली रह गई हैं. अभ्यर्थियों की मांग है कि इन रिक्त सीटों पर यदि नियमों के तहत योग्य पुरुष अभ्यर्थी उपलब्ध हैं, तो उन्हें नियुक्ति का अवसर दिया जाए. अभ्यर्थी का दावा- 40 से 50 सेकंड में पूरा किया टेस्ट



लखीसराय जिले के अभ्यर्थी संजय कुमार ने बताया कि उनका क्रमांक 64 आया है और ड्राइविंग टेस्ट के दौरान उनके समय को लेकर समस्या हुई. संजय कुमार के अनुसार, स्टार वाले हिस्से में उनका टाइम करीब 40 सेकंड होना चाहिए था. उनका आरोप है कि टेस्ट के दौरान उनसे पहले वाले अभ्यर्थी के फेल होने का टाइम और उनका टाइम एक साथ दर्ज हो गया. इसके कारण उनका कुल समय 1 मिनट 27 सेकंड दिखाया गया. 1 मिनट 27 सेकंड दर्ज होने पर की शिकायत अभ्यर्थी ने कहा कि उन्हें लगता है कि वास्तविक समय करीब 40 से 50 सेकंड के बीच रहा होगा. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने वास्तविक समय की पुष्टि नहीं कर सकते. टाइमिंग को लेकर आपत्ति दर्ज कराने के बाद उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मियों से शिकायत की, लेकिन उनका कहना है कि उनकी बात नहीं सुनी गई और उन्हें वहां से जाने के लिए कहा गया. अभ्यर्थियों का गंभीर आरोप जांच के बाद कार्रवाई का दिया गया आश्वासन संजय कुमार ने बताया कि उन्होंने मामले की शिकायत की है. उन्हें बताया गया कि फिलहाल जांच नहीं हुई है और जांच के बाद ही इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी. अभ्यर्थी का कहना है कि यदि रिकॉर्डिंग या टाइमिंग में हुई गड़बड़ी की जांच नहीं हुई तो इसका असर उनकी भर्ती पर पड़ सकता है. 64वें नंबर पर है अभ्यर्थी संजय कुमार के मुताबिक, वे भर्ती प्रक्रिया में 64वें स्थान पर हैं और फिलहाल वेटिंग में चल रहे हैं. उनका कहना है कि ऐसी स्थिति में यदि टेस्ट की टाइमिंग गलत दर्ज होने के कारण उनका प्रदर्शन प्रभावित होता है, तो इसका नुकसान अभ्यर्थी को उठाना पड़ेगा. अभ्यर्थी ने ड्राइविंग टेस्ट की टाइमिंग में गड़बड़ी का आरोप लगाया है. गर्दनीबाग में बंद किए गए सभी दरवाजे जब बिहार पुलिस ड्राइवर भर्ती के अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे और बड़ी संख्या में गर्दनीबाग पहुंचे, तो मौके पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई. स्थिति को देखते हुए गर्दनीबाग के सभी दरवाजे बंद कर दिए गए. बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के जुटने से इलाके में काफी हलचल रही और पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा. भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग अभ्यर्थियों ने ड्राइविंग टेस्ट की रिकॉर्डिंग और दर्ज की गई टाइमिंग की जांच कराने की मांग की है.

# मजदूर की दोनों आंखें निकालने की कोशिश, निर्मम हत्या, पत्नी-बच्चे गायब, सुबह दूध वाले ने देखी लाश

**पटना (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में निर्मम हत्या कर दी गई. उसका खून से लथपथ शव कमरे में मिला, वहीं पत्नी और दो बच्चे गायब हैं. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. मुजफ्फरपुर मर्डर न्यूजः अहियापुर थाना क्षेत्र के बैरिया चाणक्यपुरी रोड नंबर छह मोहल्ले में किराये के मकान में रह रहे मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गयी. मृतक की पहचान मीनापुर थाना क्षेत्र के राघोपुर मुस्तफापुर निवासी उपेंद्र पासवान (35) के रूप में हुई है. शुक्रवार सुबह दूध देने पहुंचे ग्वाले ने कमरे में खून से लथपथ शव देखा, जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी. घटना के बाद से मृतक की पत्नी और दो बच्चे गायब हैं. जानकारी मिलने के बाद अहियापुर थानेदार शरत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और मकान मालिक से भी घटना के संबंध में जानकारी ली. कमरे के अंदर उपेंद्र पासवान का शव जमीन पर पड़ा था. पुलिस की जांच के दौरान एस्बेस्टस वाले कमरे में साड़ी का फंदा बंधा हुआ मिला. इसको लेकर पुलिस अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही है. पुलिस इस बात का भी पता लगा रही है कि फंदा कमरे में किस परिस्थिति में लगाया गया था. आंखों पर मिले गहरे जख्म पुलिस के अनुसार मृतक की दोनों आंखों पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं. प्रथम दृष्टया इन जख्मों की प्रकृति को देखते हुए किसी नुकीली वस्तु से चोट पहुंचाये जाने की आशंका जतायी जा रही है. हालांकि घटना की वास्तविक वजह और हत्या में इस्तेमाल हथियार की जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी. घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया. वैज्ञानिकों की टीम ने करीब दो घंटे तक कमरे की जांच की और अलग-अलग साक्ष्य एकत्र किए. पत्नी और दो बच्चों की तलाश जारी घटना के बाद से उपेंद्र पासवान की पत्नी और उसके दो बच्चे गायब हैं. दोनों बच्चों की उम्र छह और 10 वर्ष बतायी गयी है. पुलिस उनकी तलाश में जुटी है. साथ ही मृतक के मोबाइल फोन का भी पता लगाया जा रहा है, जिससे घटना से जुड़े सुराग मिलने की उम्मीद है. मृतक के पैतृक गांव में भी घटना की सूचना दे दी गयी है. पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है. ढाई महीने पहले किराये पर आया था परिवार मकान मालिक सेवानिवृ सूबेदार शिवशंकर सिंह ने बताया कि उपेंद्र पासवान करीब ढाई महीने पहले ही उनके मकान में किराये पर रहने आया था. कैंपस के ग्राउंड फ्लोर पर बने एस्बेस्टस के कमरे में वह पत्नी और बच्चों के साथ रहता था. मकान मालिक के अनुसार पति-पत्नी के बीच कभी-कभार अनबन होती थी,

# 'छठी मैया' गीत ने जीत लिया बिहार का दिल, 'वन' के छठ गीत पर श्वेता तिवारी बोलीं- हर जगह इसी की चर्चा

**पटना (एजेंसी)** बॉलीवुड और भारतीय सिनेमा में जब भी देश की मिट्टी, लोक-संस्कृति और क्षेत्रीय आस्था से जुड़े विषयों को सही ढंग से पेश किया जाता है, तो वह केवल एक सिनेमाई दृश्य या गाना बनकर नहीं रह जाता। वह सीधे दर्शकों के दिलों से जुड़ जाता है। आगामी बहुचर्चित फिल्म 'द वन' के साथ भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। हाल ही में फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर लॉन्च हुआ, जहाँ पूरी स्टारकास्ट ने शिरकत की। इस मौके पर फिल्म के गाने 'छठी मइयां' और बिहार की पावन संस्कृति को लेकर एक बेहद भावुक और खास चर्चा हुई। ट्रेलर लॉन्च के इस भव्य कार्यक्रम में बॉलीवुड और टीवी जगत के कई बड़े सितारे एक ही मंच पर मौजूद थे। इस दौरान फिल्म की निमार्ता एकता कपूर, लीड कलाकार सिद्धार्थ मल्होत्रा, तमन्ना भाटिया और बहुचर्चित अभिनेत्री श्वेता तिवारी मौजूद थीं। मंच से जब श्वेता तिवारी और तमन्ना भाटिया ने बिहार की आस्था के सबसे



बड़े महापर्व 'छठ पूजा' और इस गाने के निर्माण की प्रक्रिया को लेकर अपने अनुभव साझा किए, तो वहां मौजूद हर शख्स इस सांस्कृतिक भावना से ओत-प्रोत हो गया। श्वेता तिवारी ने सुनाया बिहार से आया बेहद भावुक किस्सा ट्रेलर लॉन्च के दौरान श्वेता तिवारी ने फिल्म के गाने 'छठी मइयां' की तारीफ करते हुए एक बेहद दिल छू लेने वाली बात साझा की। उन्होंने बताया कि इस गाने के रिलीज होते ही बिहार से लेकर देश-विदेश में बसे बिहार के लोगों के बीच खुशी और गर्व की एक नई लहर दौड़ गई है। श्वेता तिवारी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहाः ₹गाना रिलीज होने के ठीक बाद मुझे बिहार से एक खास शख्स का फोन आया था। फोन पर उनकी आवाज में जो खुशी और गर्व था, उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। उन्होंने मुझसे कहा कि हम बहुत खुश हैं कि हमारा छठ पर्व अब इतने बड़े स्तर पर बड़े पर्दे पर नजर आ रहा है। पूरा बिहार इसे लेकर इतना एक्साइटेड है और हर गली, हर नुक्कड़ पर इसी गाने की चर्चा हो रही है।₹ श्वेता ने आगे एकता कपूर की दृष्टि की तारीफ करते हुए कहा कि बिहार के लोगों का मानना है कि अगर इस लोक-आस्था को सिनेमा के पर्दे पर इतने भव्य और सम्मानजनक तरीके से कोई ला सकता था, तो वह सिर्फ एकता कपूर ही थीं। श्वेता के इस बयान ने यह साफ कर दिया कि यह गाना सिर्फ मनोरंजन का जरिया नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का सम्मान है। तमन्ना भाटिया हुईं भावुकः ₹ढलते सूरज को नमन करना बिहार की खूबसूरती है₹ फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने भी छठ पर्व और इस गाने की शूटिंग के अपने अनुभवों को बेहद गहराई से साझा किया। तमन्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि हमारे देश में लोककथाओं, परंपराओं और त्योहारों का विशाल भंडार है, लेकिन उन्हें सिनेमा के पर्दे पर पूरी प्रामाणिकता के साथ उतारना बहुत मुश्किल काम होता है। छठ पूजा वाले सीक्वेंस की शूटिंग को याद करते हुए तमन्ना काफी भावुक हो गईं। उन्होंने कहाः ₹फिल्म के लिए जब हम छठ पूजा का सीक्वेंस शूट कर रहे थे, तो मुझे इस महापर्व के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहलू को बहुत करीब से जानने और समझने का मौका मिला। मैं उस माहौल में पूरी तरह डूब गई थी और बेहद इमोशनल हो गई थी। इस पर्व की सबसे खूबसूरत बात यह है कि उगते सूरज की पूजा तो दुनिया में हर कोई करता है, लेकिन ढलते हुए सूर्य को पहला अर्घ्य देना और प्रणाम करना सिर्फ बिहार की संस्कृति में ही संभव है। यह विचार ही अपने आप में बहुत महान है।₹ तमन्ना के इस वक्तव्य ने मंच पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया और यह दशार्या कि शूटिंग के दौरान पूरी टीम ने इस परंपरा का कितना सम्मान किया है। एकता कपूर का विजन और भारतीय लोक-संस्कृति की झलक भारतीय मनोरंजन उद्योग में एकता कपूर को हमेशा से ही दर्शकों की नब्ज पहचानने के लिए जाना जाता है। उन्होंने पारिवारिक मूल्यों, भारतीय परंपराओं और सांस्कृतिक ताने-बाने को अपनी कहानियों में बहुत खूबसूरती से पिरोया है। 'द वन' के माध्यम से एक बार फिर उन्होंने यह साबित कर दिया है कि जब सही इरादे और आस्था के साथ किसी लोक-परंपरा को बड़े पर्दे पर लाया जाता है, तो उसका असर कितना व्यापक होता है। फिल्म के निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा हैं, जिन्हें भारतीय ग्रामीण और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि को पर्दे पर बहुत ही जीवंत और वास्तविक तरीके से दिखाने के लिए जाना जाता है। शोभा कपूर और एकता कपूर के निर्माण तले बनी यह फिल्म अपनी कहानी और विजुअल ट्रीट के लिए पहले से ही काफी सुर्खियां बटोर रही है। लीज डेट के बदलाव और फैंस का लंबा इंतजार 'द वन' के निर्माण से लेकर इसके रिलीज तक का सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है।

## खबर संक्षेप

### एलसीसी का शेयर 31 प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली**। एलसीसी प्रोजेक्ट्स का शेयर अपने 146 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 31 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 191.90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 31.43 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर शेयर ने 29.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 189 रुपये पर कारोबार शुरू किया।

### करमतारा का शेयर 26% की बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली**। नवीकरणीय ऊर्जा एवं बिजली पारेषण क्षेत्रों के लिए इंजीनियरिंग इस्पात उत्पाद बनाने वाली करमतारा इंजीनियरिंग का शेयर अपने 254 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 26 प्रतिशत की बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। एनएसई दोनों पर 320 रुपये पर कारोबार शुरू किया, जो निर्गम मूल्य से 25.98 प्रतिशत की बढ़त है।

### वर्मोरा ग्रेनिटो का आईपीओ 22 सितंबर को खुलेगा




**नई दिल्ली**। टाइल्स तथा बाथवेयर बनाने वाली कंपनी वर्मोरा ग्रेनिटो लिमिटेड 22 सितंबर को 708 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने जा रही है। कंपनी की ओर से बृहस्पतिवार को जारी सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 140-148 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

### मणिपाल पेमेंट तीन फीसदी गिरावट के साथ सूचीबद्ध


**नई दिल्ली**। मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस का शेयर अपने 339 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 332 रुपये पर खुला जो निर्गम मूल्य से दो प्रतिशत की गिरावट है। वहीं, एनएसई पर शेयर ने 2.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 330 रुपये पर कारोबार शुरू किया।

### रेंटोमोजो का शेयर 19 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध




**नई दिल्ली**। घरेलू फर्नीचर और उपकरण किराये पर देने वाली कंपनी रेंटोमोजो लिमिटेड का शेयर अपने 404 रुपये के निर्गम मूल्य से 19 प्रतिशत से बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 480 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 18.81 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर इसने 19.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 482.45 रुपये पर शुरुआत की।

### स्टीमहाउस का शेयर पहले दिन 17 फीसदी चढ़ा




**नई दिल्ली**। औद्योगिक गैस बनाने वाली कंपनी स्टीमहाउस इंडिया का शेयर अपने 81 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 17 प्रतिशत की बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। निर्गम मूल्य से 14.81 प्रतिशत अधिक 93 रुपये पर कारोबार शुरू किया। शेयर 94.50 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 16.66 प्रतिशत की बढ़त है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,689.71 करोड़ रुपये रहा। 414 करोड़ रुपये के आईपीओ को पिछले सप्ताह शुक्रवार को 30.49 गुना अभिदान मिला था।

# अदाणी को एक ही दिन में 42,000 करोड़ रुपए की चोट, रुतबा और नेटवर्थ घटा

नई दिल्ली

दुनिया के अरबपतियों में भारत के सबसे बड़े रईस गौतम अदाणी का रुतबा और दौलत दोनों कम हो गए। अदाणी अब एशिया के सबसे रईस व्यक्ति नहीं रहे। उन्हें चीन के झांग यिमिंग ने पछाड़कर यह ताज हासिल कर लिया है।

- दुनिया के अरबपतियों में झांग 18वें और एशिया में पहले स्थान पर पहुंचे

यिमिंग 105 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अरबपतियों में 18वें और एशिया में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। अदाणी की संपत्ति एक झटके में ही 42,000 करोड़ रुपए से अधिक कम हो गई और ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में भी 20वें स्थान पर आ गए। दूसरी ओर मुकेश अंबानी को भी 17,000 करोड़ रुपए से अधिक की चोट पहुंची है। अदाणी की संपत्ति में गिरावट की वजह अडाणी ग्रुप के शेयरों में गिरावट रही। जबकि, अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों ने चोट पहुंचाई है।

## चीन के झांग यिमिंग का नेटवर्थ अब 105 अरब डॉलर हो गया

### अंबानी को 17,000 करोड़ रुपए की चोट पहुंची

अब अदाणी का नेटवर्थ 105 अरब डॉलर रह गया है। अरबपतियों की लिस्ट में वह 20वें स्थान पर आ गए हैं। जबकि, अंबानी को 1.78 अरब डॉलर यानी करीब 17000 करोड़ रुपए की चोट पहुंची है। उनका नेटवर्थ 81.3 अरब डॉलर रह गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर मंगलवार को 1.47 प्रतिशत टूटकर 1239 रुपए पर बंद हुए।

**अमेरिकी बांड के बाजार का सेंटिमेंट किया खराब** : अडाणी शेयरों में यह कमजोरी व्यापक बाजार की गिरावट के बीच आई। मंगलवार को निफ्टी 1.19 प्रतिशत गिरकर 23,118.60 और सेंसेक्स 1.04 प्रतिशथ टूटकर 74,003.82 पर बंद हुआ। ऊंचे कच्चे तेल के दाम और अमेरिकी बांड यील्ड में बढ़ोतरी ने मार्केट सेंटिमेंट्स पर दबाव बनाया।



**एलन मस्क को भी बड़ा नुकसान** : दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की दौलत में भी गिरावट दर्ज की गई। टेस्ला और स्पेस एक्स में गिरावट की वजह से मस्क को एक ही दिन में 24.8 अरब डॉलर का झटका लगा। अब उनका नेटवर्थ 892 अरब डॉलर रह गया है।

### शेयरों में गिरावट के कारण हुई दौलत कम

दुनिया के अरबपतियों की दौलत में उछाल या गिरावट की सबसे बड़ी वजह उनके शेयर्स होते हैं। मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के नेटवर्थ का बड़ा हिस्सा उनकी कंपनियों के शेयरों का है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक अडाणी को मंगलावार को 4.44 अरब डॉलर यानी 42000 करोड़ रुपए से अधिक का झटका लगा।

### अडाणी के शेयर तीन फीसदी तक टूटे

वहीं अडाणी पोर्ट्स एंड सेज करीब 2.88 प्रतिशत गिरकर 1,713.80 रुपए पर बंद हुआ। अडाणी ग्रीन एनर्जी 2.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,255 रुपए पर आ गया। अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में भी 1.86 प्रतिशत की कमजोरी रही और शेयर करीब 1,347.50 रुपए पर बंद हुआ। वहीं अडाणी टोटल गैस करीब 2.46 प्रतिशत गिरकर 580.15 रुपए और अंबुजा सीमेंट्स 2.58 प्रतिशत टूटकर 381.75 रुपए पर रहा।

### उद्योग जगत और खुदरा व्यापारी संगठन ने जताई संभावना

# यूपीआई एमडीआर से व्यापारियों पर बढ़ेगा बोझ, नकदी की तरफ लौटने की आशंका


नई दिल्ली

बड़े मूल्य के यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) लगाए जाने के बीच खुदरा एवं थोक व्यापारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि इससे कम मुनाफे पर काम करने वाले कारोबारियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और कुछ व्यापारी नकद भुगतान को प्राथमिकता देने के लिए मजबूर हो सकते हैं।

व्यापारियों का यह भी कहना है कि यूपीआई से भुगतान की आदत पड़ जाने के कारण अब बहुत कम लोग नकदी लेकर निकलते हैं। ऐसे में यह बदलाव दुकानदारों तथा ग्राहकों दोनों के लिए परेशानी पैदा कर सकता है। दिल्ली के थोक बाजार 'सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन' के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगने से छोटे व्यापारियों पर महीने में 3,000 से 5,000 रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है।

### डिजिटल पहल को पीछे धकेलने वाला बताया

पम्मा ने कहा, ''यह सरकार की डिजिटल पहल को पीछे धकेलने वाला कदम है। एक तरफ सरकार कहती है कि आपको जेब में नकदी रखने की जरूरत नहीं है, वहीं ऐसा कदम उठाया गया है कि दुकानदार और ग्राहक सभी नकदी की ओर रुख करेंगे।'हालांकि, खुदरा व्यापारियों के संगठन 'कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स' (कैट) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, इस शुल्क का छोटे दुकानदारों पर असर नहीं पड़ेगा।




- यूपीआई लेनदेन पर 0 .4 प्रतिशत एमडीआर लगाई जाएगी
- कम मुनाफे पर काम करने वाले कारोबारियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा
- कुछ व्यापारी नकद भुगतान को प्राथमिकता देने के लिए मजबूत हो सकते हैं

### त्योहार से पहले लिए गए इस फैसले से व्यापारियों में रोष

एमडीआर वह शुल्क है जो डिजिटल भुगतान स्वीकार करने वाले व्यापारी से यूपीआई भुगतान प्रणाली में शामिल भागीदारों को दिया जाता है। एनपीसीआई के अनुसार, नई व्यवस्था का उद्देश्य यूपीआई भुगतान प्रणाली के लिए टिकाऊ राजस्व मॉडल तैयार करना है। वहीं दिल्ली व्यापार महासंघ के अध्यक्ष देवराज बवेजा ने कहा कि त्योहारों से ठीक पहले इस फैसले से व्यापारियों में रोष है।

### रुपे डेबिट कार्ड से भुगतान पर नहीं लगेगा शुल्क

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने रुपे डेबिट कार्ड से भुगतान पर शुल्क नहीं लगने की बात कही है और बड़े व्यापारी यह तरीका अपना सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद खंडेलवाल ने कहा कि डिजिटल भुगतान से जुड़ी साइबर सुरक्षा मजबूत करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और एमडीआर से प्राप्त राशि का एक हिस्सा इस दिशा में इस्तेमाल किया जाएगा।

### ग्राहक से अलग से शुल्क मांगना आसान नहीं होगा

दुकानदार ने कहा कि ग्राहक के पास नकदी नहीं होने पर दुकानदार को यूपीआई भुगतान स्वीकार करना ही पड़ेगा, क्योंकि मना करने पर ग्राहक दूसरी दुकान का रुख कर सकता है। ऐसे में शुल्क का भार दुकानदार को ही उठाना पड़ेगा और ग्राहक से अलग से शुल्क मांगना भी आसान नहीं होगा। एनपीसीआई के अनुसार प्रति माह एक लाख रुपये तक पाने वाले छोटे व्यापारियों के लिए सभी लेनदेन पर अनिवार्य रूप से शून्य एमडीआर की सुविधा मिलेगी।

### *वित्त मंत्रालय का मानना नहीं पड़ेगा असर*

*वित्त मंत्रालय का अनुमान है कि 2,000 रुपये से अधिक के व्यापारी यूपीआई लेनदेन पर 15 अक्टूबर से 0.4 प्रतिशत 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) लागू होने से नकदी लेनदेन नहीं बढ़ेगा। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि इस फैसले से यूपीआई लेनदेन की कुल मात्रा का सिर्फ चार प्रतिशत प्रभावित होगा और इससे यूपीआई के इस्तेमाल में कमी आने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि रुपे डेबिट कार्ड से होने वाले लेनदेन किसी भी राशि के लिए पूरी तरह निशुल्क हैं।*

# एनएसई के मंच पर कारोबार मंजूरी के लिए कोई प्रस्ताव नहीं : सेबी

मुंबई



- पांडेय ने कहा, फिलहाल इस तरह के कारोबार की अनुमति नहीं दी जा सकती

सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सूचीबद्ध होने के बाद अपने ही मंच पर कारोबार की अनुमति संबंधी बाजार नियामक के पास कोई प्रस्ताव नहीं आया है।


पांडेय ने 'नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (नैबफिड) इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव 2026' से इतर पत्रकारों से कहा, ''नहीं, ऐसा कोई पत्र नहीं है और ऐसी कोई आवश्यकता भी नहीं है। उन्होंने कहा कि फिलहाल इस तरह के कारोबार की अनुमति नहीं दी जा सकती। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का बहुप्रतीक्षित 22,569 करोड़ रुपये का आईपीओ बृहस्पतिवार को अभिदान के लिए खुल गया। तीन दिन का यह निर्गम 21 सितंबर को बंद होगा। आईपीओ पूरी तरह मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 12.64 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है।

### आईपीओ को पहले दिन नौ प्रतिशत अभिदान

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) का 22,569 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बृहस्पतिवार को अभिदान के लिए खुल गया। बोली के पहले दिन अब तक निर्गम को नौ प्रतिशत अभिदान मिला है। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, पूर्वाह्न 10 बजकर 16 मिनट तक 8,86,42,911 शेयर की पेशकश के मुकाबले 81,99,336 शेयर के लिए बोलियां मिलीं।

# राजमार्गयात्रा ऐप पर 'वनटैग' फास्टैग पोर्टेबिलिटी उपलब्ध

नई दिल्ली



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी फास्टैग पोर्टेबिलिटी सेवा 'वनटैग' अब 'राजमार्गयात्रा' ऐप पर उपलब्ध है। इसके जरिये उपयोगकर्ता वाहन पर लगे फास्टैग को बदले बिना उससे जुड़े सेवा प्रदाता बैंक को बदल सकते हैं।

- फास्टैग को बदले बिना जुड़े सेवा प्रदाता बैंक बदल सकते हैं


एनएचएआई ने बयान में कहा कि 'राजमार्गयात्रा' ऐप उपयोगकर्ताओं को फास्टैग को एक बैंक से दूसरे बैंक में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन करेगा। फास्टैग उपयोगकर्ता ऐप में लॉगिन करके अपने वाहन का पंजीकरण नंबर दर्ज कर यह जांच सकते हैं कि उनका 'फास्टैग पोर्टेबिलिटी' के लिए पात्र है या नहीं। इसके बाद मौजूदा सेवा प्रदाता बैंक उपयोगकर्ता के मोबाइल नंबर पर छह अंकों का मोबाइल सत्यापन कोड (एमवीसी) भेजेगा। सत्यापन के बाद उपयोगकर्ता को नया सेवा प्रदाता बैंक चुनना होगा और नए बैंक के साथ ग्राहक सत्यापन तथा वॉलेट शुरू करने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

पोर्टेबिलिटी की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी होने के बाद वाहन के पंजीकरण नंबर से जुड़ी मौजूदा फास्टैग आईडी में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी उपयोगकर्ता उसी फास्टैग को वाहन पर लगाए रखकर नए बैंक के जरिये उसका इस्तेमाल कर सकेंगे। बयान में कहा गया कि पोर्टेबिलिटी पूरी होने के बाद पुराना सेवा प्रदाता बैंक मौजूदा 'फास्टैग वॉलेट' बंद कर देगा और लागू समायोजन के बाद उसमें उपलब्ध राशि वापस कर देगा।

### नए फास्टैग बनाने की जरूरत कम होगी

बयान के अनुसार, 'वनटैग' पहल से बार-बार नए फास्टैग बनाने की जरूरत कम होगी, जिससे फास्टैग के प्रबंधन से जुड़ी प्रक्रिया बेहतर होगी और एनएचएआई ने कहा कि 'वनटैग' से सेवा प्रदाता बैंक बदलने की प्रक्रिया भी सरल होगी।

# एसीएमई की योजना में निवेश करेगी ब्रुकफील्ड




**नई दिल्ली**। वैश्विक निवेश कंपनी ब्रुकफील्ड ने भारत और पश्चिम एशिया में एसीएमई की 'ग्रीन मॉलिक्यूल' परियोजनाओं के विकास एवं निर्माण में मदद के लिए एसीएमई क्लीनटेक वेंचर्स में 60 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक निवेश करने की घोषणा की है। बयान के अनुसार, एसीएमई क्लीनटेक वेंचर्स ब्रिटेन में पंजीकृत एसीएमई समूह की एक निजी इकाई है, जो समूह की 'ग्रीन मॉलिक्यूल' परियोजनाओं के लिए काम करती है। ब्रुकफील्ड में दक्षिण एवं पश्चिम एशिया के ऊर्जा कारोबार के प्रबंध साझेदार तथा प्रमुख नवल सैनी ने कहा, ''कंपनियां और सरकारें कार्बन उत्सर्जन कम करने के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर इस्तेमाल किए जा सकने वाले समाधानों की तलाश कर रही हैं।

# घरेलू मांग घटने से सोने में 600 रुपए की गिरावट

नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रही। घरेलू मांग में कमी के कारण सोने की कीमत में कमी आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,55,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

- सोना टूटकर 1.55 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रही

हालांकि, स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, सभी करों सहित चांदी की कीमत 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू बाजार में कमजोर मांग का असर सोने की कीमतों पर पड़ा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''फेडरल रिजर्व के



सख्त नीतिगत संदेश के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुख के कारण बृहस्पतिवार को सोने की कीमत में थोड़ी गिरावट आई।''

### फेड ने ब्याज दर बढ़ाकर 4 फीसदी की

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने उम्मीद के मुताबिक अपनी मानक ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 3.75-4 प्रतिशत कर दिया। यह तीन वर्षों में पहली बार दर में वृद्धि है।

## कोयला की वाणिज्यिक नीलामी का 16वां दौर शुरू...



**नई दिल्ली**। कोयला मंत्रालय ने वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के 16वें दौर की बृहस्पतिवार को शुरुआत की और हितधारकों को बोली में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। मंत्रालय ने इस दौर में विभिन्न राज्यों में स्थित 25 कोयला खदानें बिक्री के लिए पेश की हैं। इनमें से 21 पूरी तरह से खोजी गई हैं, जबकि चार आंशिक रूप से खोजी गई खदानें हैं। ये खदानें ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार, तेलंगाना और अरुणाचल प्रदेश में स्थित हैं। केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने नीलामी की शुरुआत करते हुए कहा, ''हम निवेशकों से नीलामी के इस दौर में हिस्सा लेने का आह्वान करते हैं।

# निवेशकों के सतर्क रुख से शेयर बाजार स्थिर बंद

मुंबई



- सेंसेक्स में मामूली 22 अंक की बढ़त
- फेड के ब्याज दर को लेकर सतर्कता बरतते रहे निवेशक

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर बढ़ाने और मौद्रिक नीति में आगे भी सख्ती के संकेत दिए जाने के बाद निवेशकों के सतर्कता बरतने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 21.86 अंक फिसलकर 74,314.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 341.11 अंक बढ़कर 74,677.56 पर पहुंच गया था। लेकिन बाद में अपनी बढ़त गंवा बैठा। निफ्टी 53 अंक की मामूली बढ़त के साथ 23,270.60 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), इटर्नल, मारुति और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त में रहे।

### टाटा समूह की कंपनियों के शेयरों में तेजी

टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में बृहस्पतिवार को तेजी दर्ज की गई। टाटा केमिकल्स का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ा। बीएसई पर टाटा केमिकल्स का शेयर 6.60 प्रतिशत, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन का 5.47 प्रतिशत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 4.52 प्रतिशत, टाटा स्टील का 2.82 प्रतिशत, टाटा पावर का 2.02 प्रतिशत, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का 1.17 प्रतिशत चढ़ा

## फेड ने ब्याज दरों में 25 बेसिस पाइंट की बढ़ोतरी की

# अमेरिकी फेड रिजर्व ने 3 साल बाद बढ़ाई ब्याज दर

नई दिल्ली

ईरान के साथ जंग छिड़ी जंग के बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार रात को ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी। तीन साल से ज्यादा समय बाद फेड ने पहली बार ब्याज दर बढ़ाई है।

- इस वृद्धि से आने वाले समय में महंगाई बढ़ सकती है

महंगाई पर काबू पाने के लिए उठाए गए इस कदम के बाद अमेरिकी फेडरल फंड्स रेट बढ़कर 3.75 से 4 फीसदी के दायरे में पहुंच गई है। फेड द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने के बाद अमेरिकी शेयरों में मिला-जुला कारोबार देखने को मिला। फैसले से पहले डाउ में खरीदारी थी तो फैसले के बाद यह रेड जोन में ट्रेड कर रहा था। S&P 500 में उछाल था तो नैस्डैक 0.82% में भी बढ़त देखी गई। फेडरल रिजर्व ने अपनी 'इकोनॉमिक प्रोजेक्शन समरी' में अनुमान लगाया कि साल के आखिर तक ब्याज दरों में एक और बढ़ोतरी की जाएगी।

इसके साथ ही, महंगाई और ग्रोथ के अपने अनुमानों को भी बढ़ाया है। इस अनुमान के मुताबिक, फेड को उम्मीद है कि साल के आखिर तक अमेरिका की रियल जीडीपी ग्रोथ 2.3 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी जबकि पहले का अनुमान इससे कम था। फेड को उम्मीद है कि महंगाई का उसका मानक 3.7 प्रतिशत रहेगा, जो साल के आखिर के लिए पहले लगाए गए 3.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है।



### भारत पर क्या असर?

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले का भारतीय बाजार पर भी असर पड़ेगा। अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने से डॉलर में मौजूद एसेट्स ज्याद आकर्षक हो सकते हैं, जिससे भारत के बाजार में आने वाले कैपिटल फ्लो पर असर पड़ सकता है। डॉलर के मजबूत होने से रुपया पर भी दबाव पड़ सकता है। भारत में निवेशक निश्चित रूप से रुपए, भारतीय इक्विटी, सरकारी बांड यील्ड, विदेशी पोर्टफोलियो फ्लो, सोने आदि के असर पर नजर रखेंगे।

### जंग की वजह से 38.1 अरब डॉलर का नुकसान

अमेरिकी कांग्रेस के बजटीय कार्यालय (सीबीओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के खिलाफ जारी युद्ध के कारण अमेरिका को एक अगस्त तक करीब 38.1 अरब अमेरिकी डॉलर (2,69,545 करोड़ रुपए) का भारी वित्तीय नुकसान हो चुका है। सैन्य अभियानों की तीव्रता के आधार पर आने वाले एक महीने की लड़ाई में अमेरिका को दो से तीन अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ सकता है।

zसीबीओ की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि यदि हथियारों का उत्पादन बढ़ाया भी जाता है, तो भी इस भंडार को पहले जैसी स्थिति में लाने में कम से कम पांच वर्ष का समय लगेगा।

### बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दर 3.75 प्रतिशत पर स्थिर रखी



**लंदन**। ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के पांच महीने के उच्च स्तर पर पहुंचने के बीच बृहस्पतिवार को अपनी मुख्य ब्याज दर 3.75 प्रतिशत पर बरकरार रखी। बैंक ऑफ इंग्लैंड का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। एक दिन पहले अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी का फैसला किया। ब्रिटेन की महंगाई दर फिलहाल 3.1 प्रतिशत है, जो बैंक ऑफ इंग्लैंड के दो प्रतिशत के लक्ष्य से काफी ऊपर है।

# 34 गेंदों में 108 रन अभिषेक ने मचाई तबाही



## भारत-अफगानिस्तान... टूट गए टी20 के 12 रिकॉर्ड्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में अभिषेक शर्मा ने ऐसी पारी खेली, जिसने टी20 क्रिकेट के रिकॉर्ड बुक में कई नए पन्ने जोड़ दिए। उन्होंने महज 34 गेंदों में 108 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 317.64 रहा। अभिषेक ने अपनी पारी में नौ चौके और 11 छक्के लगाए। उनकी इस पारी का सबसे बड़ा आकर्षण 30 गेंदों में पूरा हुआ शतक रहा। यह भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में लगाया गया सबसे तेज शतक है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था, जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाया था, लेकिन अभिषेक का रिकॉर्ड सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ भी सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

### 30 गेंदों में शतक, भारत के लिए सबसे तेज

अभिषेक शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ 30 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक है। इससे पहले भारत के लिए सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था। रोहित ने 22 दिसंबर 2017 को इंदौर में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाया था।अभिषेक ने इस रिकॉर्ड को पांच गेंद से बेहतर किया। इतना ही नहीं, किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में भी यह सबसे तेज शतक है। इससे पहले न्यूजीलैंड के फिन एलन ने 2026 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों में शतक लगाकर यह रिकॉर्ड बनाया था।

### 102 रन सिर्फ चौके-छक्कों से

अभिषेक ने अपनी 108 रन की पारी में 102 रन सिर्फ चौकों और छक्कों से बनाए। यानी उनकी कुल पारी के 94.44 प्रतिशत रन बाउंड्रीज से आए। पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाने वाले बल्लेबाज की पारी में बाउंड्रीज से आए रनों का यह सबसे बड़ा अनुपात है। इससे पहले यह रिकॉर्ड मुहम्मद फहद के नाम था। उन्होंने 2025 में बुल्गारिया के खिलाफ 120 रन बनाए थे, जिसमें 112 रन चौकों और छक्कों से आए थे। यह 93.33 प्रतिशत था। अभिषेक ने इस मामले में भी नया रिकॉर्ड बना दिया। उनकी 108 रन की पारी में सिर्फ छह रन ऐसे रहे, जो चौके या छक्के के अलावा आए।

### टी-20 अंतरराष्ट्रीय... तीसरा सबसे तेज शतक


अभिषेक का 30 गेंदों में आया शतक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में तीसरा सबसे तेज शतक है। उनसे आगे सिर्फ एस्टोनिया के साहिल चौहान और तुर्किये के मुहम्मद फहद हैं। साहिल चौहान ने 2024 में साइप्रस के खिलाफ 27 गेंदों में शतक लगाया था, जबकि मुहम्मद फहद ने 2025 में बुल्गारिया के खिलाफ 29 गेंदों में यह कारनामा किया था। अभिषेक शर्मा ने अपने शतक तक पहुंचने के लिए पारी के 8.3 ओवर का समय लिया। पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह किसी बल्लेबाज के व्यक्तिगत शतक तक पहुंचने के लिए दूसरा सबसे कम ओवर है। इस मामले में भी उनसे आगे मुहम्मद फहद हैं। फहद ने 2025 में बुल्गारिया के खिलाफ सिर्फ 7.4 ओवर में अपना शतक पूरा कर लिया था। यानी अभिषेक ने यहां भी एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया, जहां उनसे आगे सिर्फ एक बल्लेबाज है। अभिषेक की पारी का असर सिर्फ उनके व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स तक सीमित नहीं रहा। भारत ने शुरुआती छह ओवरों में ही ऐसा स्कोर खड़ा कर दिया, जो उसके टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास में नया रिकॉर्ड बन गया। भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ शुरुआती छह ओवरों में बिना कोई विकेट गंवाए 100 रन बनाए। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले भारत का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर 95 रन था, जो उसने 2025 में वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। उस दौरान भारत ने एक विकेट गंवाया था। दिलचस्प बात यह भी है कि उपलब्ध गेंद-दर-गेंद आंकड़ों के अनुसार भारत से पहले पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय में आठ टीमें पावरप्ले में 100 या उससे ज्यादा रन बना चुकी थीं। अब भारत भी इस सूची में शामिल हो गया।अभिषेक ने अफगानिस्तान के खिलाफ 108 रन की पारी के दौरान 11 छक्के लगाए।

# एशियाड: भारतीय खिलाड़ियों के लिए बुक कराने पड़े अतिरिक्त कमरे

## शटलर-वेटलिफ्टर भी एयरपोर्ट पर करते रहे इंतजार

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के शुरू होने से पहले ही जापान में भारतीय खिलाड़ियों की परेशानियां दूर होने का नाम नहीं ले रही हैं। आयोजकों की खामी के चलते रोइंग, शूटिंग के बाद बैडमिंटन और वेटलिफ्टिंग टीम को नागोया में कई घंटे एयरपोर्ट पर इंतजार करना पड़ा।

नागोया में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की ओर से बुक कराए गए कमरों की संख्या पहले से ही कम कर दी गई है। 20 और 21 सितंबर को सभी भारतीय खिलाड़ी नागोया पहुंच रहे हैं। खिलाड़ियों के लिए कमरों की देखते हुए भारतीय दल के शेफ डी मिशन सहदेव यादव ने एजेंट के जरिये बृहस्पतिवार को होटल में 15 अतिरिक्त कमरे बुक कराए हैं। आयोजकों ने भारतीय खिलाड़ियों के तकरीबन 40 कमरे कम बुक किए हैं।



### खिलाड़ियों के लिए बुक नहीं थे कमरे

सहदेव यादव का कहना है कि अभी खिलाड़ियों के ठहरने को लेकर कोई दिक्कत नहीं आ रही है, लेकिन 20 और 21 सितंबर को जब पूरा भारतीय दल यहां पहुंचेगा तो सभी के रुकने के लिए कमरे नहीं हैं। कोई परेशानी न हो इसलिए नागोया से एक घंटे की दूरी पर 15 अतिरिक्त कमरे बुक कराए गए हैं। जिन खिलाड़ियों को यहां ठहरने की व्यवस्था नहीं होगी। उन्हें इस होटल में ठहराया जाएगा।

### मीरा भी एयरपोर्ट पर फंसी रहीं

भारतीय खिलाड़ियों को ट्रांसपोर्ट के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा रहा है। भारतीय शूटिंग टीम को ट्रांसपोर्ट नहीं मिलने से उनकी ट्रेनिंग बाधित हुई है। बैडमिंटन टीम बुधवार की रात तकरीबन छह घंटे तक एयरपोर्ट पर फंसी रही। यही नहीं कोच विजय शर्मा के साथ बृहस्पतिवार को नागोया पहुंची मीराबाई चानू को भी एयरपोर्ट पर कई घंटे बैठे रहना पड़ा। बुधवार को रोइंग टीम को क्रूज शिप में ठहरने के लिए नौ से 10 घंटे इंतजार करना पड़ा था। रोइंग टीम ने अपने पास से खाना खाया। हालांकि आईओए ने रोइंग दल से कहा है कि उनके खाने के पैसे का भुगतान कर दिया जाएगा।

### चार खिलाड़ियों को बदला जाएगा

आईओए ने चार चोटिल खिलाड़ियों के बदलाव के लिए आयोजकों से प्रार्थना की है। चोटिल लॉन्ग जंपर शाहनवाज खान की जगह डेविड सोलोमन, क्रिकेटर वरुण चक्रवर्ती की जगह विप्रज निगम, तलवारबाज प्राची मोहन की जगह अनुप्रिया और रग्बी खिलाड़ी प्रभाती हंसदा की जगह मामा नायक को बदलने के लिए कहा गया है। इन बदलाव के लिए आयोजकों की हरी झंडी का इंतजार है।

# शेफाली-श्री चरणी का धमाका!

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में



**निशिन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। जापान के निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने जापान को आठ विकेट से हरा दिया। 58 रन के लक्ष्य को भारत ने पांच ओवर में हासिल कर लिया। शेफाली वर्मा ने विनिंग सिक्स लगाया। वह 15 गेंद में छह चौके और दो छक्कों की मदद से 40 रन बनाकर नाबाद रहीं। वहीं, ऋचा घोष छह गेंद में दो चौके की मदद से 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। अब सेमीफाइनल में 20 सितंबर को भारत का सामना बांग्लादेश से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में उसी दिन पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें आमने-सामने होंगी।

### जापान की पारी

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। जापान की टीम 19.5 ओवर में 57 रन पर सिमट गई थी। टीम को पहला झटका सातवें ओवर में लगा था। हालांकि, इसके बाद जैसे ही पहला विकेट गिरा, जापान की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। हारुना इवासाकी 10 रन, अयाका कातो स्टैफर्ड 47 गेंद में 25 रन बनाकर आउट हुईं। ये दोनों ओपनर्स ने ही टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। इसके बाद कप्तान माई यानागिदा खाता खोले बिना पवेलियन लौटीं।

वहीं, एरिका ओडा पांच रन, शिमाको कातो तीन रन, अकारी निशिमुरा कानो दो रन, हीनासी गोतो एक रन बना सकीं। अहिल्या चंदेल और एरिका तोगुची क्विन खाता खोले बिना आउट हुईं। भारत के लिए श्री चरणी ने चार विकेट झटके, वहीं शेफाली वर्मा को दो विकेट मिले। श्रेयांका पाटिल और दीप्ति शर्मा को एक-एक विकेट मिला।

### श्रीलंका ने मलेशिया को हराया था

वहीं, श्रीलंका ने मलेशिया को 86 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। कप्तान चमारी अटापट्टू की 37 गेंदों पर तीन छक्कों और सात चौकों की मदद से खेली गई 63 रनों की पारी के दम पर श्रीलंका ने 20 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाए थे। चमारी के अलावा काविशा दिल्हारी ने 27 गेंदों पर छह चौकों की मदद से नाबाद 44, हर्षिता समरविक्रमा ने 18 गेंदों पर 25 और हसिनी परेरा ने 23 रन की पारी खेली। मलयेशिया की तरफ से नूरीन इमानिना ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए।161 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी मलयेशिया की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 74 रन ही बना सकी और 86 रन से मैच हार गई। मलेशिया के लिए विनीफ्रेड दुरैसिंगम ने 28 और माहिरा इज्जती इस्माइल ने 24 रन बनाए। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच सकीं। श्रीलंका के लिए मिथाली अयोध्या, काविशा दिल्हारी और कप्तान चमारी ने दो-दो विकेट लिए।

### पाकिस्तान की टीम को जूझना पड़ा

वहीं, पाकिस्तान ने क्वार्टर फाइनल में थाइलैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। पाकिस्तान को थाइलैंड पर जीत बहुत मुश्किल से मिली थी। पाकिस्तान ने थाइलैंड के दिए 92 रन के लक्ष्य को हासिल करने में अपने सात विकेट गंवा दिए थे। निर्धारित 11 ओवर के मैच में पाकिस्तान को दो गेंद पहले जीत मिली थी।

### बांग्लादेश भी अंतिम-चार में

इसके अलावा बांग्लादेश ने भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उसका और चीन का सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। बेहतर सीडिंग की वजह से बांग्लादेश सेमीफाइनल में पहुंच गया। सेमीफाइनल में उसका सामना 20 सितंबर को भारत और जापान के बीच जीत दर्ज करने वाली टीम से होगा।

# शिद्दत से काम करो और दिल से चाहो तो कैसे नहीं होगा: मनीषा



**नई दिल्ली ।** भारतीय रेसलर मनीषा एशियन गेम्स 2026 में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनके सामने एक नई चुनौती है क्योंकि उन्होंने 62 किलोग्राम कैटेगरी से 57 किलोग्राम कैटेगरी में बदलाव किया है। इस बदलाव के दौरान उन्होंने अपनी ताकत और तकनीक को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया है, साथ ही दोनों तरह के स्टांस (मुद्रा) से रेसलिंग करने की काबिलियत विकसित करके अपने खेल में बड़ा बदलाव किया है। मनीषा ने कहा, 'मैं पहले ज्यादातर दाईं ओर से खेलती थी, लेकिन अब मैंने बाईं ओर से भी खेलना शुरू कर दिया है। मैं दोनों स्टांस पर काम करने की कोशिश कर रही हूं क्योंकि मैं दोनों तरफ से खेलने में सहज महसूस करना चाहती हूं। मैं अपनी ताकत और तकनीक पर काम कर रही हूं, लेकिन सबसे जरूरी बात अपनी सोच बदलना और नई कैटेगरी के हिसाब से खुद को ढालना भी है।'

# 'बॉल-टैम्परिंग' की घटना कभी-कभी दिमाग में आ जाती है, दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले स्टीव स्मिथ का बयान

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 2018 के बाद पहली बार टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर जाने वाली है। सीरीज से पहले टीम के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा है कि उन्हें 2018 दौरे के दौरान हुई बॉल-टैम्परिंग की घटना अभी भी कभी-कभी दिमाग में आ जाती हैं। हालांकि, स्मिथ इस बात को लेकर चिंतित नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका में उनका स्वागत किस तरह होगा। मार्च 2018 में केप टाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट के दौरान हुए विवाद में स्मिथ मुख्य लोगों में से एक थे। सैंडपेपर का इस्तेमाल करके गेंद की हालत बदलने की योजना में शामिल होने की बात मानने के बाद उन्हें टीम की कप्तानी से हटाते हुए घर भेज दिया गया था और एक साल के लिए किसी भी तरह की क्रिकेट से निलंबित कर दिया गया था। स्मिथ के साथ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर पर भी एक साल का बैन लगाया गया था।



कैमरन बैनक्रॉफ्ट को नौ महीने के लिए निलंबति किया गया था। उस दौरे के लगभग आठ साल बाद, स्मिथ 9 अक्टूबर से डरबन में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के साथ दक्षिण अफ्रीका दौरे की तैयारी कर रहे हैं।स्मिथ ने कहा, 'निलंबन से जुड़ी घटनाओं को पूरी तरह भूलना मुश्किल है। दक्षिण अफ्रीका छोड़ने के बाद मीडिया में उन्हें जबरदस्त चर्चा मिली थी। '

# एशियाई खेल: भारत के लिए सरप्राइज पैकेज साबित हो सकते हैं ये पांच खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** एशियाई खेल 2026 का आगाज 19 सितंबर से जापान के आइची-नागोया में होने जा रहा है। भारत ने इस बार कुल 503 एथलीट का दल भेजा है, जो कुल 35 खेलों में हिस्सा लेंगे। हालांकि, कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जो इस मेगा इवेंट में भारत के लिए सरप्राइज पैकेज साबित हो सकते हैं। ऐसे ही पांच खिलाड़ियों के बारे में जो पदक ला सकते हैं...

**साक्षी चौधरी:** महिला मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने बेहद कम समय में अपनी खास पहचान बनाई है। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में साक्षी का प्रदर्शन जबरदस्त रहा था और वह गोल्ड मेडल जीतने में सफल रही थीं। साक्षी ने फाइनल में रूबी व्हाइट के 68 मैचों से चले आ रहे जीत के सिलसिले को भी तोड़ दिया था। भले ही वह पहली बार एशियाई खेलों में हिस्सा ले रही हों, लेकिन वह अपने प्रदर्शन से हर किसी को हैरान करने का दमखम रखती हैं, जिसकी झलक वो कॉमनवेल्थ गेम्स में ही दिखा चुकी हैं।

**अनाहत सिंह:** महज 18 साल की उम्र में एशियाई खेल 2026 में हिस्सा लेने जा रहीं अनाहत सिंह स्क्वैश के खेल में दमदार प्रदर्शन कर सकती हैं। अनाहत ने अभी हाल ही में विश्व

## स्क्वाश में भी मिल सकती है सफलता





जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप जीती थी। वह यह मुकाम हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थीं। अनाहत अपनी हालिया फॉर्म को अगर बरकरार रखने में सफल रहीं, तो वह देश की झोली में मेडल डाल सकती हैं।

**अनुष्का यादव:** एशियन गेम्स 2026 की एथलेटिक्स टीम में जगह बनाने वालीं अनुष्का यादव टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से छाप छोड़ सकती हैं। अनुष्का हैमर थ्रो स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम कर चुकी हैं। अब वह एशियाई खेलों में दमदार प्रदर्शन करके विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने को बेकरार होंगी।

**आयुष शेट्टी:** बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में आयुष शेट्टी ने अपने खेल से हर किसी को हैरान कर दिया था। उन्होंने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी को हराते हुए बड़ा उलटफेर किया था। 21 वर्षीय आयुष पहली बार एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने जा रहे हैं। 6 फीट और 4 इंच का यह खिलाड़ी अपनी दमदार स्मैश और खेल के बूते एशियन गेम्स में भारत को मेडल दिला सकते हैं।

**सिंड्रेला दास:** टेबल टेनिस में सिंड्रेला ने अपने खेल से हर किसी का ध्यान खींचा है। सिंड्रेला की उम्र महज 17 साल है, लेकिन अपनी फुर्ती और शानदार खेल से वह बड़ी सी बड़ी खिलाड़ियों पर हावी नजर आई हैं।

# अमित शाह ने सरकारी कामकाज में बढ़ाई हिन्दी की पैठ, तकनीक और अनुवाद पर दिया जोर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की हिंदी सेवा एक नहीं, अनेक दृष्टियों से ध्यान देने योग्य है। मूलतः गुजरातीभाषी शाह स्वयं हिंदी में काम करते हैं, इसलिए स्वाभाविक तौर पर हिंदी में सरकारी कामकाज बढ़ा है। शाह के कारण सरकारी पत्रावलियां हिंदी में बनती हैं। शाह के मार्गदर्शन में केंद्रीय गृह मंत्रालय राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं, अनुवाद-कार्य और हिंदी-सलाहकार समितियों के माध्यम से लगातार प्रयासरत है। शाह हिंदी को प्रशासन, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, पत्रकारिता और उच्च ज्ञान-विमर्श की भाषा बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण सामग्री, आधुनिक शब्दावली और अनुवाद की मजबूत व्यवस्था की अनवरत हिमायत करते हैं।



हिंदी के प्रति अमित शाह का लगाव केवल औपचारिक राजभाषा-नीति तक सीमित नहीं दिखाई देता। वर्ष 2019 में हिंदी दिवस के अवसर पर उन्होंने हिंदी को स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना से जोड़ा था। गत वर्ष 2025 में भी शाह ने हिंदी दिवस पर आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में हिंदी के संवर्धन से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर बल दिया था। पिछले एक वर्ष में माननीय गृह मंत्री जी के नेतृत्व में राजभाषा विभाग ने हिंदी के साथ-साथ भारतीय भाषाओं के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। जून 2025 में भारतीय भाषा अनुभाग की शुरूआत हुई। इसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं के बीच संवाद बढ़ाना और उन्हें तकनीक तथा प्रशासन से जोड़ना है। इस पहल से राजभाषा विभाग के काम का दायरा भी व्यापक हुआ है। विभाग ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों यानी नराकासों के काम को प्रोत्साहित करने के लिए नराकास प्रोत्साहन सम्मान की व्यवस्था भी शुरू की है। इससे उन नराकासों को आगे आने का अवसर मिलेगा, जो अपने क्षेत्र में राजभाषा के काम को बेहतर ढंग से आगे बढ़ा रही हैं।

तकनीक के क्षेत्र में भी राजभाषा विभाग ने नई पहल की है। ह्यभारती - बहुभाषी अनुवाद सारथी के माध्यम से हिंदी से भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद को आसान बनाने की दिशा में काम हुआ है। इसके साथ हिंदी शब्द-सिंधु जैसे शब्दकोश को भी विकसित किया गया है। हिंदी शब्द-सिंधु में विभिन्न भारतीय भाषाओं के शब्दों को शामिल किया जा रहा है। इसका उद्देश्य हिंदी को दूसरी भारतीय भाषाओं से जोड़ना है, न कि उनसे अलग करना। इन प्रयासों से साफ है कि राजभाषा का काम अब केवल सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग तक सीमित नहीं है। यह भाषा, तकनीक और भारतीय भाषाओं के बीच नए संबंध बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

शाह के हिंदी प्रेम का एक उल्लेखनीय पक्ष यह भी है कि वे हिंदी को भारतीय भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय उनके साथ चलने वाली भाषा के रूप में देखते हैं। अमित शाह का हिंदी प्रेम हिंदी के विकास के साथ भारतीय भाषाओं के सम्मान और संरक्षण के रूप में आगे बढ़ता है। कहना न होगा कि यह दृष्टि भारतीय भाषायी एकता को मजबूत करनेवाली है। हिंदी की वास्तविक शक्ति उसकी आत्मीयता, समावेशिता और संवादधर्मिता में है। भारत में हिंदी का विस्तार तभी सार्थक होगा, जब वह दूसरी भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान और संवाद का भाव लेकर आगे बढ़े। हिंदी का भारतीय भाषाओं से संबंध वर्चस्व का नहीं, आदान-प्रदान का होना चाहिए। भारतीय भाषाओं का इतिहास भी प्रतिस्पर्धा का इतिहास नहीं, बल्कि परस्पर आदान-प्रदान का इतिहास है।

हिंदी ने दूसरी भारतीय भाषाओं से असंख्य शब्द, मुहावरे, साहित्यिक संस्कार और विचार ग्रहण किए हैं। दूसरी ओर हिंदी के माध्यम से भी अनेक भारतीय भाषाओं का साहित्य व्यापक पाठक वर्ग तक पहुँचा है। इसलिए हिंदी को संपर्क और सेतु की भाषा के रूप में विकसित किया जा सका है। शाह का यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है कि हिंदी की समृद्धि भारतीय भाषाओं की समृद्धि से जुड़ी है। भारतीय भाषाओं की विविधता का सम्मान बनाए रखना ही भारत की भाषायी वास्तविकता के अनुरूप है। अमित शाह का यह विचार आज विशेष रूप से प्रासंगिक है। शाह के लिए हिंदी का समर्थन किसी एक क्षेत्रीय पहचान का विस्तार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर संचार की एक साझा भाषा को मजबूत करने का प्रयास है। भारत की भाषायी परंपरा में हिंदी का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि उसे देश के बड़े भूभाग में समझा और बोला जाता है, बल्कि इसलिए भी है कि उसने विभिन्न प्रदेशों, समुदायों और भाषायी संस्कृतियों के बीच संवाद का माध्यम बनने की ऐतिहासिक भूमिका निभाई है।

## आश्वासन के बाद किसानों का धरना प्रदर्शन खत्म, मुख्य सचिव स्तर की होगी वार्ता

नई दिल्ली (एजेंसी)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय पर एक सप्ताह से चल रहा किसान संघर्ष मोर्चा का धरना गुरुवार को आश्वासन के बाद खत्म हो गया। 5 अक्टूबर तक लखनऊ में मुख्य सचिव स्तर की वार्ता होगी। किसान 10 फीसदी आबादी भूखंड की मांग पर अड़े हैं और उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर 6 अक्टूबर से फिर धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। किसान संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों और नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के सीईओ, जिलाधिकारी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त के बीच करीब तीन घंटे बातचीत हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किसान नेता डॉ. रुपेश वर्मा ने बताया कि 21 सितंबर तक प्राधिकरण और किसान नेता 10 फीसदी आबादी भूखंड समेत अन्य मुद्दों पर जरुरी तैयारी पूरी करेंगे। इसके बाद 5 अक्टूबर तक लखनऊ में मुख्य सचिव और औद्योगिक विकास आयुक्त स्तर पर वार्ता होगी। उन्होंने कहा कि वार्ता सकारात्मक रहने पर मुख्यमंत्री स्तर पर अंतिम वार्ता कराने का प्रस्ताव है। किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर 6 अक्टूबर से फिर आंदोलन किया जाएगा।

## सभी दवा दुकानों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

नई दिल्ली (एजेंसी)। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मेडिकल स्टोर पर बिना पर्चे के दवाओं की बिक्री रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया है। इसके लिए ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स नियम, 1945 में संशोधन का मसौदा जारी किया गया है। प्रस्ताव के तहत मेडिकल स्टोर पर होने वाली दवा बिक्री की निगरानी कैमरों के माध्यम से की जा सकेगी। खास तौर पर अनुसूची एच, एच1 और एक्स श्रेणी की दवाओं की बिक्री पर नजर रखी जाएगी। इन दवाओं को वैध चिकित्सकीय पर्चे के आधार पर ही बेचा जा सकेगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मसौदे पर आम लोगों और संबंधित पक्षों से आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं। प्रस्ताव लागू होने के बाद दवा दुकानों पर कैमरों के जरिए बिक्री प्रक्रिया की निगरानी बढ़ने की उम्मीद है।

## अधिकारी की मेज पर कुत्ते छोड़ने वाले शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ता पर मामला दर्ज

नासिक (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नासिक जिले में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक के विरोध में नगरपालिका के एक अधिकारी के कक्ष में जबरन घुसकर उनकी मेज पर बोरियों से निकालकर दो कुत्ते छोड़ने वाले शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता और अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस घटना के दौरान कुत्तों के साथ किए गए व्यवहार से आहत हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि नगर निकाय के अधिकारियों की निष्क्रियता को उजागर करने के लिहाज से वे सही थे, फिर भी ऐसे कृत्यों को दोहराया नहीं जाना चाहिए। निफाड थाने के अधिकारी ने बताया कि एक लोक सेवक के आधिकारिक कर्तव्य के निर्वहन में बाधा डालने के आरोप में विक्रम रंधावे और उनके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इन लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता के संबंध में भी मामला दर्ज किया है, क्योंकि प्रदर्शनकारी कुत्तों को बोरियों में लेकर आए थे।

## अमृतसर में ड्यूटी पर तैनात एएसआई की हत्या, आतंकी संगठन ने ली जिम्मेदारी

अमृतसर(एजेंसी)। पंजाब के अमृतसर में बीती रात ड्यूटी पर तैनात असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) हरजीत सिंह की गोली मारकर हत्या की गई। हरजीत बाइक पर गश्त कर रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाया। गंभीर रूप से घायल हरजीत को अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की पहचान और घटना के पीछे की मंशा का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। यह वारदात रात करीब 2-30 बजे हुई, जब एएसआई सिंह दाना मंडी के पास बाइक पर पेट्रोलिंग कर रहे थे। तभी बाइक पर आए दो अज्ञात हमलावरों ने दाना मंडी के गेट नंबर दो के बाहर उनकी गर्दन में गोली मार दी। फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल हरजीत को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से हमलावरों का पता लगाने में जुटी है। हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान हिंदुस्तान (टीटीएच) नाम के आतंकी संगठन ने लेने का दावा किया है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। गौरतलब है कि अमृतसर में पहले भी पुलिसकर्मियों को निशाना बनाया जा चुका है। कुछ महीने पहले मजीठा क्षेत्र में एएसआई जोग सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और 11 सितंबर को अजनाला इलाके में एएसआई जसवंत सिंह पर हमला हुआ था, जिसमें वह बाल-बाल बचे थे। उन हमलों की जिम्मेदारी भी टीटीएच ने ही ली थी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एएसआई हरजीत सिंह की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा कि सिंह की बहादुरी और ड्यूटी के प्रति समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा।

## पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में चार संदिग्ध बांग्लादेशी को पुलिस ने पकड़ा

### -महिलाओं के कपड़े पहनकर महीनों से होटल में रहे थे, नहीं हुआ किसी को शक

**कोलकाता, एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में चार संदिग्ध बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ये चारों पिछले तीन महीनों से एक होटल में रह रहे थे। वे पहचान छिपाने के लिए साड़ी, नाइटी और सलवार-सूट पहनकर होटल से बाहर निकलते थे। मामला 13 सितंबर को सामने आया। जब रघुनाथपुर में पुलिस ने साड़ी पहने एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। उसने अपना नाम तौहीद मंडल बताया।

पुलिस ने बताया कि तौहीद बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि वह कुछ अन्य लोगों के साथ भारत आया था। वे 1 सितंबर को नदिया जिले के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र से कथित तौर पर भारत में दाखिल हुए थे। मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पुरुलिया टाउन थाना क्षेत्र के एक होटल पर छापा मारा। यहां से तीन अन्य संदिग्धों को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान जाहिद इमन, सुमन शेख और शांत हुसैन के रूप में हुई है। इनके पते बांग्लादेश के राजबाड़ी और कुश्टिया जिलों के बताए गए हैं।

जांच में सामने आया कि चारों जिस होटल में रह रहे थे, वहां कमरा मनी सरकार नाम की महिला के आधार कार्ड से बुक किया गया था। मनी सरकार उत्तर 24 परगना की रहने वाली बताई गई हैं। होटल मालिक ने बताया कि कमरे के लिए सिर्फ एक व्यक्ति का आधार कार्ड लिया गया था। इसके बावजूद कमरे में चार लोग रह रहे थे।

रिपोर्ट के मुताबिक होटल मालिक ने पुलिस को बताया कि उन्हें इन लोगों के बांग्लादेशी होने की जानकारी नहीं थी। वे कभी दो दिन होटल में रुकते थे और फिर चले जाते थे। होटल के सुरक्षा गार्ड ने बताया कि उन्हें कभी शक नहीं हुआ। ये लोग साड़ी, नाइटी और सलवार-सूट जैसे कपड़े पहनते थे। वे टोटो से बाहर जाते थे और फिर होटल लौट आते थे। होटल कर्मचारी ने बताया कि वह उन्हें अक्सर सीढ़ियों से ऊपर जाते देखती थीं। उनके कपड़े और हावभाव महिलाओं जैसे लगते थे। इसलिए कभी शक नहीं हुआ। चारों संदिग्धों को डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि वे सीमा पार करके पुरुलिया तक कैसे पहुंचे। पुलिस जांच कर रही है कि वे इतने लंबे समय तक होटल में कैसे रहे। इसके अलावा पुलिस उनके पुरुलिया आने की वजह और स्थानीय संपर्कों का पता लगा रही है। फिलहाल सभी संदिग्ध पुलिस की हिरासत में हैं।

## राहुल गांधी बोले- अब तो पार्टियां ही चुराने लगी भाजपा

### टीएमसी का नाम और चुनाव चिन्ह फ्रीज राजनीति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम और चुनाव चिन्ह को चुनाव आयोग द्वारा फ्रीज किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी का प्रतीक बताया और इसे भारत के लोकतांत्रिक पतन का संकेत करार दिया। राहुल गांधी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह एक ऐसा पैटर्न है जो बार-बार दोहराया जा रहा है पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर एक पार्टी को तोड़ते हैं और फिर उसका चुनाव चिन्ह छीन लिया जाता है। गांधी ने तंज कसते हुए कहा कि जब पूरी की पूरी पार्टी ही चोरी हो सकती है, तो करोड़ों भारतीयों के वोट चोरी होना कोई हैरानी की बात नहीं है। उनके अनुसार, वोट चोरी। सरकार चोरी। अब पार्टी चोरी। ये हमारे लोकतांत्रिक पतन के



प्रतीक बन गए हैं।
राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी जनादेश की रक्षा करना है, लेकिन इसके बजाय, वह उन ताकतों की मदद कर रहा है जो जनता के फैसले को ही पलट देते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह लड़ाई सिर्फ ममता बनर्जी की नहीं है, बल्कि यह हर राजनीतिक दल और हर मतदाता की लड़ाई है जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव चाहता है। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने तृणमूल कांग्रेस के दोनों गुटों के लिए पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह को फिलहाल फ्रीज करने का आदेश दिया है। इसका अर्थ यह है कि जब तक आयोग इस मामले में कोई अंतिम फैसला नहीं ले लेता, तब तक न तो ममता बनर्जी के नेतृत्व वाला गुट और न ही ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाला गुट किसी भी चुनाव के लिए टीएमसी के नाम और पार्टी के चुनाव चिन्ह का इस्तेमाल कर पाएगा। यह विवाद पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में हार के बाद अप्रैल में टीएमसी के दो गुटों में बंटने से शुरू हुआ था। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुनने को लेकर यह विवाद बढ़ा और बाद में टीएमसी के 80 में से लगभग 58 विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में बागी गुट का हिस्सा बन गए। दलबदल विरोधी कानून के तहत यह संख्या दो-तिहाई बहुमत के आंकड़े से अधिक थी। इस विभाजन के बाद, दोनों गुट टीएमसी के नाम और पार्टी के चुनाव चिन्ह पर अपना दावा कर रहे थे। फिलहाल, आयोग ने स्थिति को देखते हुए पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दिया है।

## स्वतंत्र भारद्वाज तिहाड़ जेल से रिहा, मोदी-योगी और राजनीति पर दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली(एजेंसी)। जंतर-मंतर पर एक छात्र कार्यकर्ता के पिता के साथ मारपीट के मामले में जेल में बंद सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर स्वतंत्र भारद्वाज को तिहाड़ जेल से तीन हफ्ते की अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया। दिल्ली की अदालत ने उनकी नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई 6 अक्टूबर तक टाल दी है, और कोर्ट उनके अंतरिम जमानत के दौरान के आचरण का आकलन करेगा। अदालत ने उनके सोशल मीडिया पर मामले से जुड़े किसी भी प्रकार के पोस्ट या चर्चा करने पर सख्त प्रतिबंध लगाया है। रिहाई के बाद उनका एक निजी इंटरव्यू तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनके लिए किसी भी राजनीतिक दल या नेता से बढ़कर केवल समाज सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि आज के समय में देश की मुख्य मांग आर्थिक आरक्षण को लागू करना और यूजीसी के नियमों को वापस लेना है। उन्होंने किसी भी पार्टी का पक्ष न लेकर कहा कि जो नेतृत्व आम जनता को मुसीबत में डाले, वह सही नहीं है, असली नेता वहीं है जो खुद लाठी खाए और गिरफ्तारी देने के लिए तैयार रहे।

## स्मार्ट स्कूल से पहले बुनियादी सुविधाएं जरूरी: मायावती

### यूपीआई शुल्क से आमजन की जेब पर बढ़ेगा बोझ

**लखनऊ, एजेंसी।**
बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने 15 अक्टूबर से लागू होने वाली नई यूपीआई शुल्क व्यवस्था को लेकर सरकार पर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यूपीआई डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के बाद अब इस पर शुल्क लगाने की व्यवस्था से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। मायावती ने उत्तर प्रदेश में 14,429 परिषदीय विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल बनाने के लिए मंजूर करीब 300 करोड़ रुपये की योजना पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि डिजिटल शिक्षा से पहले स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए।
मायावती ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यूपीआई डिजिटल लेनदेन को पहले खूब बढ़ावा देने के बाद अब सरकार द्वारा उस लेनदेन पर शुल्क वसूलने की नई व्यवस्था लोगों की नजर में प्रथमदृष्टया मुनाफाखोरी के पूंजीवादी रवैये के तहत जनता से दोनों हाथों से टैक्स वसूली है, जिससे जनता में बेचैनी व आक्रोश स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि वैसे तो जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने की इस व्यवस्था को कर मानने को तैयार नहीं है, लेकिन 15 अक्टूबर से लागू होने वाली इस व्यवस्था को चाहे जो भी नाम दिया जाये, जेब तो अन्ततः आम जनता की ही कटेगी, उसका ही खर्च बढ़ेगा। मायावती ने आगे कहा कि देश की बहुसंख्यक जनता अपार गरीबी व जबरदस्त महंगाई आदि की मार से त्रस्त है और उनके बच्चे अशिक्षा, बेरोजगारी व अव्यवस्था आदि से पीड़ित हैं; ऐसे में सरकार की नीति व कार्ययोजना लाभ कमाने वाली व्यावसायिक कम व कल्याणकारी ज़्यादा हो तो यह उचित होगा। जनता की तंगी, दुख-तकलीफ की अगर सरकार चिन्ता नहीं करेगी तो फिर कौन करेगा? इसके साथ ही, उन्होंने यूपी सरकार द्वारा करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश के लगभग 14,500 स्कूलों को स्मार्ट



स्कूल बनाने की घोषणा का जिक्र करते हुए कहा कि यह अच्छी बात है, लेकिन बच्चों को कथित स्मार्ट पढ़ाई से पहले उन्हें बुनियादी शिक्षा आदि की जरूरतें अर्थात स्कूली बच्चों के सिर पर छत, उनके लिये बेंच, कुर्सी, किताब, शौचालय, मैदान, साफ-सफाई आदि की सही व्यवस्था पूरी की जानी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि यह सब प्रति स्कूल करीब दो लाख रुपये में क्या संभव हो पायेगा, इस पर भी सरकार को सहानुभूतिपूर्वक जरूर विचार करना चाहिए।

## कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता केजीपी-12 ने चार शावकों को दिया जन्म

### -प्रोजेक्ट चीता को मिली बड़ी सफलता

**श्योपुर , एजेंसी।**
भारत के कूनो नेशनल पार्क में जन्मी मादा चीता केजीपी 12 ने चार नए शावकों को जन्म दिया है, जो प्रोजेक्ट चीता के लिए बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह घटना इस महत्वाकांक्षी पहल के चार साल पूरे होने के ठीक एक दिन बाद सामने आई है, और भारत में चीता संरक्षण के प्रयासों को नई ऊर्जा प्रदान करती है।
केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने प्रोजेक्ट चीता के लिए एक ऐतिहासिक और खुशी का पल बताया। उन्होंने कहा, चार साल, चार नई जिंदगियां; उम्मीद, हिम्मत और भारत में चीता संरक्षण की बढ़ती सफलता का एक सुंदर प्रतीक हैं। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों को बधाई भी दी।
इन नए शावकों के जन्म के साथ, भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 52 हो गई है, जिसमें से अब 32 चीते देश में ही पैदा हुए हैं। चीता पुनर्वास कार्यक्रम की हालिया चार वर्षीय समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में 49 चीते कूनो नेशनल पार्क में और तीन गांधी सागर अभयारण्य में मौजूद हैं। यह संख्या नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका और हाल ही में बोत्सवाना से लाए गए चीतों तथा उनके भारतीय-जन्मे शावकों को मिलाकर है।
रिपोर्ट के अनुसार, 17 सितंबर, 2022 को लाए गए आठ नामीबियाई चीतों में से तीन और उनके 22 बच्चे जीवित हैं, जबकि 18 फरवरी, 2023 को लाए 12 दक्षिण अफ्रीकी चीतों में से आठ और उनके 10 बच्चे जीवित हैं। इसके अतिरिक्त, 28 फरवरी, 2026 को बोत्सवाना से नौ चीते लाए गए थे। कूनो नेशनल पार्क ने कार्यक्रम की प्रगति पर जोर देकर कहा, चार साल बाद, प्रजनन करने वाली मादाओं का स्थापित होना और दूसरी पीढ़ी के शावकों का जीवित रहना भारत के चीता पुनर्वास कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मजबूती का चरण है।

## दिल्ली मेट्रो ने बनाया नया कीर्तिमान: 17 सितंबर को मेट्रो में पहुंचे 82.44 लाख से अधिक यात्री

**नयी दिल्ली, एजेंसी**
दिल्ली एनसीआर की जीवन रेखा कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो ने यात्रियों की आवाजाही के मामले में एक बार फिर नया व ऐतिहासिक इतिहास कीर्तिमान हासिल किया है. दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) की तरफ से यह जानकारी दी गई है कि 17 सितंबर को मेट्रो नेटवर्क पर अब तक के सबसे अधिक दैनिक यात्री बोर्डिंग दर्ज किए गए. इस एक ही दिन में कुल 82,44,903 यात्रियों ने मेट्रो से सफर किया. इस नए आंकड़े के साथ ही दिल्ली मेट्रो ने सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर स्थापित कर दिया है.



डीएमआरसी से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इससे पहले दिल्ली मेट्रो का सबसे अधिक दैनिक यात्री संख्या का रिकॉर्ड 8 अगस्त, 2025 के नाम दर्ज था, जब एक दिन में 81,88,115 यात्रियों ने सफर किया था. पिछले साल बने उस रिकॉर्ड को पार करते हुए 17 सितंबर, 2026 को नया कीर्तिमान स्थापित किया है. इस शानदार उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि दिल्लीवासियों के बीच मेट्रो का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है.

यात्रियों की इस भारी भीड़ के पीछे मुख्य वजह दिल्ली परिवहन निगम की बसों की चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल है. सड़क परिवहन व्यवस्था के चरमराने व बसों के पहिए थमने के कारण राजधानी के आम नागरिकों के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो गया था. इससे सड़क पर लगने वाले भारी ट्रैफिक जाम व घंटों की देरी से बचने के लिए लाखों यात्रियों ने मेट्रो का रुख किया. यात्रियों के भारी दबाव और अचानक बढ़ी हुई भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए डीएमआरसी ने दिल्ली मेट्रो ने 17 सितंबर को सामान्य दिनों के मुकाबले 32 अतिरिक्त फेरे संचालित किए. समय पर ट्रेनें मिलने और फेरे बढ़ने से यात्रियों को स्टेशनों पर लंबी कतारों और भीड़भाड़ से काफी हद तक राहत मिली. इस रिकॉर्ड तोड़ सफलता के बाद डीएमआरसी के कम्युनिकेशन डायरेक्टर अनुज दयाल ने कहा कि यह आंकड़ा इस बात की गवाही देता है कि दिल्ली मेट्रो शहर में सार्वजनिक परिवहन का सबसे भरोसेमंद, समयबद्ध, सुरक्षित व आरामदायक साधन बन चुका है. मेट्रो के जरिए लोग सड़क की भीषण ट्रैफिक समस्याओं से बचकर लोग अपने समय पर दफ्तर, स्कूल व अन्य स्थानों पर पहुंच रहे हैं. दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने अपने सभी यात्रियों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया है कि वह दिल्ली-एनसीआर की बढ़ती आबादी व यात्रा की मांग को पूरा करने के लिए अपनी सेवाओं, तकनीक व बुनियादी ढांचे को लगातार और अधिक उन्नत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है.



# महाकाव्य श्री रामायण कथा का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां रणबीर कपूर स्टारर 'रामायणम' को लेकर धूम मची हुई है, वहीं दूसरी तरफ एक और रामायण यानी 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' रिलीज की तैयारी में जुटी है। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये फिल्म रणबीर की 'रामायण' से पहले रिलीज हो रही है। इस फिल्म में अंजलि अरोड़ा देवी सीता के रूप में नजर आ रही हैं और देव शर्मा भगवान राम के रूप में दिख रहे हैं। वहीं, फिल्म में रजनीश दुग्गल रावण का रोल निभाते दिख रहे हैं। बता दें कि 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' का निर्देशन अभिषेक सिंह ने किया है। वहीं, इसे प्रकाश महोबिया और संजय बुंदेला ने प्रड्यूस किया है।

लाइफ Style

# अंजलि

## हर किसी को पसंद या नापसंद करने का अधिकार

कुछ समय पहले रामायण पर ही आधारित एक फिल्म का ट्रेलर आया था, जिसकी काफी ज्यादा आलोचना हुई थी। इसका नाम था महाकाव्या श्री रामायण कथा। इसमें देव शर्मा, अंजलि अरोड़ा और रजनीश दुग्गल नजर आने वाले हैं।

अंजलि अरोड़ा का काफी मजाक बना जो इसमें सीता का रोल निभा रही हैं। लोग अंजलि को कच्चा बादाम गर्ल के तौर पर जानते हैं, जिनकी डांस रील काफी ज्यादा वायरल हुई थी। अब चूंकि अंजलि माता सीता का रोल निभा रही हैं तो फैंस को ये थोड़ा अजीब लगा। 17 तारीख को इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ तो अंजलि ने इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें ट्रोलिंग से बुरा लगा, तो अभिनेत्री ने कहा 'नहीं, मुझे बुरा नहीं लगा, क्योंकि हम पब्लिक फिगर हैं और जनता हमें जज कर सकती है। यह उनकी मर्जी है कि वो हमें पॉजिटिव रिव्यू देती है या नेगेटिव रिव्यू देती है। हर किसी को इसे पसंद करने या नापसंद करने का अधिकार है। हम अभिनेता हैं, हमें जो भी किरदार दिया जाता है, हम उसे अपना 100 प्रतिशत देते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब यह जनता के सामने आ जाता है, तो यह उनका फैसला है कि वे इसे कैसे देखते हैं। मैंने सीता मां का किरदार निभाया है और अब, ट्रेलर देखने के बाद, क्या आपको लगता है कि वह वही अंजलि हैं जिन्हें हम सोशल मीडिया पर देखते हैं? मेरा एकमात्र उद्देश्य यह है कि जब दर्शक फिल्म देखें, तो वे मेरी पर्सनल लाइफ और पर्सनालिटी को एक तरफ रख दें।'



हॉलीवुड मसाला

# स्पाइडर मैन ने बनाया रिकॉर्ड...




**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर लिया है। ये फिल्म नॉर्थ अमेरिका के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक नॉर्थ अमेरिका में इस फिल्म का अनुमानित कलेक्शन 8991 करोड़ रुपये का हो चुका है। अब तक के इतिहास में कोई भी फिल्म नॉर्थ अमेरिका में इतनी कमाई नहीं कर सकी. वहीं फिल्म ने स्टार वॉर्स द फोर्स अवेकन्स का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।




# पेरिस लूट मामले में अमेरिकी स्टार की जीत

**लॉस एंजिल्स।** साल 2016 में पेरिस के एक होटल में किम कार्दर्शियन के साथ लूटपाट की घटना घटी थी। इस मामले में पेरिस की एक अदालत ने अभिनेत्री को एक यूरो (1.15 अमेरिकी डॉलर) का मुआवजा दिया है। पेरिस की एक अदालत ने किम कार्दशियन को 1 यूरो (1.15 अमेरिकी डॉलर) का मुआवजा देने का फैसला सुनाया। यह वही रकम है, जिसकी मांग उन्होंने 2016 में फ्रांस की राजधानी में हुई हथियारबंद लूट का शिकार होने के बाद की थी। इस मामले से जुड़े एक वकील ने यह जानकारी दी है। बता दें कि भारतीय धनराशि में यह रकम करीब 110.71 रुपए है। अदालत ने पेरिस लूट मामले में किम को यह हर्जाना प्रतीकात्मक रूप में दिया है। किम कार्दशियन ने अदालत से सिर्फ एक यूरो की ही मांग की थी।



# गायिका सुब्बुलक्ष्मी पर फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** बुधवार को बेंगलुरु में महान कर्नाटक शास्त्रीय गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी की 110वीं जयंती के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां कमल हासन ने गायिका की बायोपिक का आधिकारिक ऐलान किया, जिसमें रश्मिका मंदाना लीड भूमिका अदा करेंगी। एमएस अम्मा की बायोपिक का टाइटल 'एमएस - ए लेगेसी ऑन स्क्रीन' है। इसमें रश्मिका मंदाना सुब्बुलक्ष्मी का किरदार निभाने वाली हैं। सुपरस्टार कमल हासन ने इस फिल्म को लॉन्च किया। इवेंट में दिग्गज अभिनेता ने महान गायिका के किरदार को निभाने के दबाव की तुलना माइकल जैक्सन का किरदार निभाने से की। कमल हासन का कहना है कि इस रोल को निभाने में वैसा ही दबाव महसूस होता है, जैसा माइकल जैक्सन जैसे ग्लोबल आइकॉन का किरदार निभाते समय किसी एक्टर को होता।



# म्यूजिक का शाहरुख हूं गुस्सा सलमान वाला

**मुंबई।** सिंगर-कंपोजर अमाल मलिक का गुस्सा किसी से छिपा नहीं है। वे कई मौकों पर ट्रोल्स के घेरे में रहे हैं, लेकिन उन्हें करारा जवाब भी देते रहे हैं। इस बार मामला 'मैं हूं हीरो तेरा' गाने से जुड़ा है। सलमान खान फिल्म्स ने इस गाने के 10 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा पोस्ट शेयर किया। अमाल ने कहा- मैं एक-एक को एक्सपोज करूंगा अगर यहां किसी ने मेरे परिवार वालों के खिलाफ कुछ भी कहा। इसके अलावा अगर फिल्म इंडस्ट्री से कोई भी बिना किसी कारण के मेरे और मेरे अपनों के खिलाफ खड़ा होता है तो देख लेना मैं सामने आऊंगा। म्यूजिक का शाहरुख हूं मैं, लेकिन मेरा गुस्सा सलमान खान और संजय दत्त वाला है। ये सब दूसरों के साथ चलता होगा, डब्बू मलिक और उनकी फैमिली के साथ बिल्कुल नहीं।

टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल 2 में नजर आएंगी प्रियंका और स्वारा

**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो का रियलिटी शो राइज एंड फॉल अपना दूसरा सीजन लेकर आ रहा है। पिछले साल जब ये शो आया था तब काफी चर्चा में रहा था। दर्शकों की तरफ से भी इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। पिछले सीजन को अशनीर ग्रोवर ने होस्ट किया था। लेकिन, इस बार पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग शो को होस्ट करने वाले हैं।


# हनुमान अंश के बाद चमकी चंदन की किस्मत, मॉन्सटर में हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** कभी कभी किस्मत हमारे लिए ऐसी राह बना रही होती है कि हम उतनी दूर का सोच ही नहीं पाते। हनुमान अंश के एक एक्टर के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। कहां तो उन्होंने एक छोटे बजट की फिल्म साइन की। उस वक्त शायद किसी के दिमाग में कहीं दूर- दूर तक ये खयाल नहीं आया होगा कि ये फिल्म इतनी सक्सेसफुल हो सकती है, लेकिन देखिए हनुमान अंश बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ के करीब है। वहीं, फिल्म एक एक्टर को एक बड़ी फिल्म भी मिल गई है। हनुमान अंश में डाक्टर राम नंदन भोसले का किरदार निभाने वाले चंदन के आनंद की बात कर रहे हैं। क्योंकि, हनुमान अंश के बाद अब इन्हें दबंग खान के साथ फिल्म मिली है। खबर है कि चंदन के आनंद की एंट्री सलमान खान की फिल्म मॉन्सटर में हो गई है। चंदन के आनंद ने खास बातचीत में अपनी अगली फिल्म को ऑफीशियली कनफर्म किया है। उन्होंने बताया, फिलहाल मैं फिल्म हनुमान अंश की जबरदस्त सक्सेस को इंजॉय कर रहा हूं। सही मायने में कहूं तो मैंने जब से एक्टिंग शुरू है तब से लेकर अब तक असली कामयाबी मुझे हनुमान अंश फिल्म के जरिए ही मिली है। सभी की तरफ से खूब प्यार मिल रहा है। मैं चाहता हूं कि ऐसा ही प्यार मुझे मेरी अगली फिल्म के लिए भी मिले जो कि सलमान खान की मॉन्सटर है। चंदन की इस कनफर्मेशन से साफ हो गया है कि वह डारेक्टर वामशी पेड्डिपल्ली के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म मॉन्सटर का हिस्सा बन गए हैं। बताया जा रहा है कि रोल थोड़ा छोटा होगा, लेकिन वह फिल्म की कहानी के हिसाब से काफी अहम होगा। चंदन खुद यह मान रहे हैं कि हनुमान अंश के बाद उन्हें काफी पहचान और शौहरत मिली है।





# रिची की 'फूलन' को टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**नई दिल्ली।** रिची मेहता की फिल्म 'फूलन' को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया। इंटरनेशनल प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन मिला। चंबल के बीहड़ों से निकलकर संसद तक का सफर तय करने वाली दस्यु सुंदरी फूलन देवी के जीवन पर आधारित फिल्म 'फूलन' टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में छा गई। कनाडाई फिल्ममेकर रिची मेहता निर्देशित इस फिल्म का समारोह में प्रीमियर हुआ। इस दौरान वहां मौजूद दर्शकों ने फिल्म को स्टैंडिंग ओवेशन दिया। कनाडाई फिल्म निर्माता-निर्देशक रिची मेहता की फिल्म 'फूलन' का वर्ल्ड प्रीमियर 16 सितंबर




2026 को 51वें टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ। फूलन के जीवन पर आधारित फिल्म देख लोग भावुक हो गए। दो हजार से अधिक दर्शकों की मौजूदगी में फिल्म को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। इस फिल्म को फेस्टिवल के 'स्पेशल प्रेजेंटेशन' सेक्शन के तहत मशहूर 'प्रिंसेस ऑफ वेल्स थिएटर' में दिखाया गया। इस हिंदी एक्शन ड्रामा फिल्म में स्नेहा कुमारी ने फूलन देवी का किरदार निभाया है। अनुराग ठाकुर, विक्रम प्रताप सिंह, आकाश दहिया, प्रतीक पचौरी और देव दत्त बुढोलिया भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। 'फूलन' फिल्म फूलन देवी की आत्मकथा, 'आई, फूलन देवी- द ऑटोबायोग्राफी ऑफ इंडियाज बैंडिट क्वीन' पर आधारित है। यह फिल्म उनके जीवन के एक अहम 48 घंटों पर केंद्रित है, जब उन्हें लगभग 2,000 हथियारबंद लोगों के एक समूह ने घेर लिया था। फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर के बारे में बात करते हुए, राइटर-डायरेक्टर और प्रोड्यूसर रिची मेहता ने कहा कि वे फूलन देवी से जुड़ी लोक-कथाओं से आगे बढ़कर, उस मशहूर हस्ती के पीछे के असली इंसान को जानना और दिखाना चाहते थे।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.